kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-315 ❐ शनिवार, 20 दिसम्बर 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

क्रिसमस केवल एक त्योहार नहीं बल्कि एकता, प्रेम और करुणा का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति ने यह बात उपराष्ट्रपति आवास में 'क्रिसमस लंच' पर कही। उन्होंने सभी को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



उपराष्ट्रपति

सदन में आंकड़ों और उपलब्धियों से मंत्री संदीप सिंह ने विपक्ष के आरोपों को किया ख़ारिज 11

अंतरराज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़, चार आरोपित गिरफ्तार 12

कोडीन सिरप मामले पर मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर एक बार फिर लगाया बड़ा आरोप

# यूपी में प्रत्येक माफिया का संबंध सपा से: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । कोडीन सिरप मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज समाजवादी पार्टी पर एक बार फिर बड़ा आरोप लगाया। योगी ने कहा कि यह सभी लोग जानते हैं कि प्रत्येक माफिया का संबंध समाजवादी पार्टी से है। शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधान भवन स्थित मीडिया सेंटर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कफ सिरप मामले में हमारी जांच जारी है। अभी तक जितने लोग पकडे गए हैं, उनके तार समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच होने दीजिये, दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। कोडीन कफ सिरप प्रकरण में सपा के विरोध पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एनटीपीएस के अंतर्गत आने वाली औषधि है। सर्दी खांसी के लिए कोडीन का इस्तेमाल होता है। सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो इसका आवंटन करता है, लेकिन यह कफ़ सिरप तमाम जगहों पर नशे के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। अवैध रूप से इसकी तस्करी की शिकायत आई थी। शिकायतों के बाद हमारी सरकार ने कार्रवाई की। यह कार्रवाई यूपी सरकार, यूपी पुलिस, एफएसडीए कर रही है।





### योगी बोले

- ❐ यह सभी लोग जानते हैं कि प्रत्येक माफिया का संबंध समाजवादी पार्टी से है।
- ❐ कफ सिरप मामले में हमारी जांच जारी है। अभी तक जितने लोग पकडे गए हैं, उनके तार समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं।
- ❐ जांच होने दीजिये, दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा
- ❐ एनटीपीएस के अंतर्गत आने वाली औषधि है। सर्दी खांसी के लिए कोडीन का इस्तेमाल होता है

उन्होंने बताया कि कई जगहों से तस्कर पकड़े गए हैं। हर माफिया के सम्बन्ध समाजवादी पार्टी से रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है। एसटीएफ ने जिनको पकड़ा है, उनके संबंध सपा से रहे हैं। राज्य स्तर की एसआईटी इस मामले की निगरानी कर रही है। अवैध तस्करी व जुड़े महत्वपूर्ण पहलू होंगे। किन लोगों के पास धन गया है। कोडीन कफ सिरप पर हम हमारे नेता सदन से लेकर बाहर तक जवाब देंगे। हमारे एक विधायक का निधन हुआ है। इसलिए आज शोक व्यक्त करने के बाद विधानसभा नहीं चलेगी। विधान परिषद में हमारे नेता इसका जवाब देंगे। इसमें हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

कोडीन कफ़ सिरप मामले में अखिलेश यादव के हमलावर तेवर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गालिब का शेर पढ़कर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ''उम्र भर ग़ालिब यही ● शेष पेज 11 पर

## कोडीन कफ सिरप मामला : तीन मेडिकल फर्म संचालकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी, भाग सकते हैं विदेश

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में तीन मेडिकल फर्म संचालकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, जो जांच में नाम सामने आने के बाद से फरार हैं। इसके अतिरिक्त दूसरे जिले से गिरफ्तार आरोपी भोला जायसवाल की भी रिमांड मिली है, जिसे 21 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस प्रकरण की जांच के लिए बनी एसआईटी के प्रमुख और सहायक पुलिस अधीक्षक गोल्डी गुप्ता ने बताया कि कोडीनयुक्त कफ सिरप के दुरुपयोग और अवैध आपूर्ति के संबंध में सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि तीन फर्म मालिकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं, ताकि उन्हें जिले से बाहर या विदेश भागने से रोका जा सके। पुलिस का मानना है कि यह मामला केवल अवैध बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराया, जीती सीरीज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो





अहमदाबाद । तिलक वर्मा (73) और हार्दिक पंड्या (63 ) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद वरुण चक्रवर्ती (चार विकेट) जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को पांचवें एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सरीजी 3-1 से अपने नाम कर ली। 232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डी कॉक और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी। सातवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने रीजा हेंड्रिक्स (13) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे क्विंटन डी कॉक को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत की झोली में महत्वपूर्ण विकेट डाल दिया। अगले ही ओवर में हार्दिक पंड्या ने डेवाल्ड ब्रेविस (31) को अपना शिकार बना लिया। 13वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती को पहले कप्तान एडन मारक्रम (छह) और अगली गेंद पर डॉनोवन फरेरा (शून्य) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका की कमर तोड़ दी। 15वें ओवर में डेविड मिलर (18) को अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने जॉर्ज लिंडे (16) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को सातवां झटका दिया। 17वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मार्को यानसन (14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी और 30 रनों से मुकाबला हार गई। कार्बिन बॉश 17 रन और लुंगी एन्गिडी सात रन बनाकर नाबाद रहे। ● शेष पेज 11 पर

# उप्र राहत विभाग ने 12.52 करोड़ लोगों को भेजा मौसम का अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में शीतलहर एवं घने कोहरे को लेकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। कंट्रोल रूम ने सचेत एप के माध्यम से गुरुवार व शुक्रवार के मध्य 12 करोड़ 52 लाख लोगों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मौसम का अलर्ट भेजा गया है। राहत आयुक्त डा. हृषिकेश भास्कर याशोद ने कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से आमजन को एसएमएस के माध्यम से खराब मौसम की चेतावनी भेजी है। यह लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से प्रदेश के समस्त जिलों में कम्बल वितरण, रैन बसेरों तथा अलाव की



स्थिति की निगरानी भी की जा रही है। यही नहीं आम जनमानस को आपात स्थिति में 1070 पर कॉल आने के पश्चात तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को तीन दिन का बुलेटिन जारी किया है, जिसमें प्रथम दिन प्रदेश के 50 जिलों में रेड अलर्ट-अत्यन्त घना कोहरा, 17 जिलों में आरेंज अलर्ट-घना कोहरा तथा आठ जिलों में यलो अलर्ट-मध्यम कोहरा होने की संभावना जारी की है। मौसम विभाग ने 40 जिलों में शीत दिवस अलर्ट का पूर्वानुमान एवं सम्भावना जारी की है। इसके बाद राहत आयुक्त के निगरानी में कंट्रोल रूम लगातार मैसेज के माध्यम से सम्बंधित जिलों के? जिम्मेदार अधिकारियों व आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारियों व आमजनमानस को चेतावनी का अलर्ट भेजा जा रहा है। कंट्रोल रूम ने सचेत एप के माध्यम से गुरुवार व शुक्रवार के मध्य 12 करोड़ 52 लाख लोगों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मौसम का अलर्ट भेजा है। राहत आयुक्त ने ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### शोक संवेदना के बाद यूपी विधानसभा सोमवार तक के लिए स्थगित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। वंदे मातरम गायन के साथ विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही नेता सदन मुख्यमंत्री योगी सदन में विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलीय नेताओं ने शोक व्यक्त किया और सदन की कार्यवाही 22 दिसंबर यानि की सोमवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा कि सुधाकर सिंह मऊ जिले से तीसरी बार चुनकर विधान सभा पहुंचे थे। वह लोकतंत्र सेनानी भी थे। समाज सेवा में उनका योगदान रहा है। उनका असमय जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि वह युवा अवस्था से संघर्ष करते रहे। वह हर समय समाज की सेवा में लगे रहते थे। यही वजह है कि तीसरी बार जब चुनाव जीत कर आये तो बहुत बड़ी जीत थी। वह हमारी पार्टी के नेता थे। उनके निधन से हमारी पार्टी की छति हुई है। हम सब उनके परिजनों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। कांग्रेस पार्टी की नेता आराधना मिश्रा मोना, निषाद पार्टी के डॉ. संजय निषाद, बहुजन समाज पार्टी के नेता उमाशंकर सिंह समेत अन्य दलों के नेताओं ने दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह को याद किया।

### ईडी ने छत्तीसगढ़ के बिल्डर राकेश सरावगी के कार्यालय में मारा छापा

रायपुर । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कचना के आनंदम सिटी स्थित बिल्डर राकेश सरावगी के कार्यालय में छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह छापा मनी लांड्रिंग को लेकर की गई है। ईडी की टीम दो गाड़ियों में पहुंची है ,जिसमें पांच अधिकारी और पांच सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। मौके पर सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। ईडी को शक है कि रियल एस्टेट निवेश के नाम पर जुटाई गई बड़ी रकम को विदेशी कंपनियों में ट्रांसफर किया गया। एजेंसी संदिग्ध लेनदेन, ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों के नेटवर्क को खंगाल रही है। बिल्डर सरावगी का एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट हीरापुर इलाके में लॉन्च होने वाला था।

# लोकसेवकों के चयन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता: मुर्मु

एजेंसी

हैदराबाद/नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कहना है कि लोक सेवा आयोगों को केवल अवसर की समानता के संवैधानिक आदर्श तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि परिणामों की समानता के लक्ष्य को भी हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। लोक सेवा आयोग समानता और न्याय को बढ़ावा देने वाले परिवर्तन के वाहक हैं और उनकी भूमिका देश की शासन व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को हैदराबाद में लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन करते हुए यह व्यक्त किए। इस सम्मेलन का आयोजन तेलंगाना लोक सेवा आयोग ने किया था। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि संविधान निर्माताओं ने सेवाओं और लोक सेवा आयोगों के लिए संविधान में एक पूरा भाग समर्पित किया है, जो इन संस्थाओं के महत्व को रेखांकित करता है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ-साथ सार्वजनिक रोजगार में अवसर की





- ❐ संविधान निर्माताओं ने सेवाओं और लोक सेवा आयोगों के लिए संविधान में एक पूरा भाग समर्पित किया है
- ❐ लोक सेवा आयोगों द्वारा चयनित स्थायी कार्यपालिका शासन व्यवस्था को निष्पक्षता, निरंतरता और स्थिरता प्रदान करती है।
- ❐ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

समानता से जुड़े संवैधानिक प्रावधान लोक सेवा आयोगों के कामकाज की दिशा तय करते हैं। ● शेष पेज 11 पर

## ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में जैत्र सिंह ने गणित में प्राप्त किया स्वर्ण पदक

लखनऊ। लखनऊ के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि न्यू साउथ वेल्स, सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) स्थित प्रतिष्ठित परामाटा वेस्ट पब्लिक स्कूल के कक्षा-2 के छात्र जैत्र सिंह ने गणित विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 15 दिसंबर 2025 को जैत्र ने सिडनी में अध्ययनरत विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों को पीछे छोड़ते हुए गणित उपलब्धि स्वर्ण पदकऽ2025 प्राप्त किया। यह जानकारी शुक्रवार को पर्यावरण वैज्ञानिक तथा स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जैत्र की असाधारण प्रतिभा, सतत परिश्रम और अनुशासन का सशक्त प्रमाण है। केजी और प्रथम वर्ष में गोल्ड मेडल प्राप्त कर उसने न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने परिवार और लखनऊ को भी गौरवान्वित किया है। कम उम्र में ऐसी उपलब्धि हासिल करना उसकी मेहनत और लगन को दर्शाता है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

जैत्र सिंह, सौरभ सिंह एवं दीपिका सिंह के सुपुत्र हैं, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत हैं। ● शेष पेज 11 पर

# मनरेगा खत्म करना ग्रामीणों के अधिकारों पर सीधा प्रहार: राहुल गांधी

एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त कर केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी (वीबी-जी राम जी) योजना को लोकसभा से पारित कराए जाने का विरोध जताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने एक ही दिन में मनरेगा के 20 साल के अधिकार आधारित ढांचे को ध्वस्त कर दिया और इसे सुधार के नाम पर खत्म करने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वीबी-जी राम जी योजना को



मनरेगा का सुधार बताया जा रहा है, जबकि यह मांग आधारित और कानूनी रोजगार गारंटी को खत्म कर इसे दिल्ली से नियंत्रित, सीमित योजना में बदल देती है। कोरोना काल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब देश की अर्थव्यवस्था ठप हो गई थी और आजीविका के साधन खत्म हो गए थे, तब मनरेगा ने करोड़ों लोगों को भूख और ● शेष पेज 11 पर

## क्रिसमस प्रेम और करूणा का संदेश देता है: उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि क्रिसमस केवल एक त्योहार नहीं बल्कि एकता, प्रेम और करुणा का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति ने यह बात उपराष्ट्रपति आवास में 'क्रिसमस लंच' पर कही। उन्होंने सभी को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, ''आइए, क्रिसमस जैसे पावन अवसर पर हम एक ऐसे समाज का संकल्प लें जहां हर चेहरे पर मुस्कान और हर दिल में भाईचारा हो। उन्होंने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि अगर हमें 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना है, तो हम सबको मिलकर ● शेष पेज 11 पर

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही 1 दिसंबर से शुरू हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ने आज सुबह 11 बजे कार्यवाही की शुरुआत में अपने संदेश में कहा कि 18वीं लोकसभा के छठे सत्र में 15 बैठकर हुई। इस सत्र की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। इसके बाद वंदेमातरम के साथ कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सदन में मौजूद रहे। संसद के शीतकालीन सत्र के समाप्ति के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने चैंबर में राजनीतिक दलों के नेता और सदस्यों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए । इमसें नाभिकीय उर्जा और मनरेगा से जुड़ा विधेयक शामिल रहे। इसके अलावा सदन में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने और चुनाव सुधारों पर भी चर्चा हुई। अठारहवीं लोकसभा का छठा सत्र 1 दिसंबर से शुरू हुआ था। सत्र के दौरान



❐ संसद के शीतकालीन सत्र के समाप्ति के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने चैंबर में राजनीतिक दलों के नेता और सदस्यों से मुलाकात की

15 बैठकें हुईं। सत्र के दौरान कुल बैठक का समय 92 घंटे और 25 मिनट था। सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए और 8 विधेयक पारित किए गए।

इसमें मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, विनियोग (संख्या 4) विधेयक, निरसन एवं संशोधन विधेयक, सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, भारत के रूपांतरण हेतु परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन एवं विकास विधेयक, विकसित भारत - रोजगार की गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी विधेयक शामिल है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक चर्चा शुरू की। सदन ने इस विषय पर 11 घंटे 32 मिनट तक चर्चा की। इसमें 65 सदस्यों ने भाग लिया। इसी प्रकार 'चुनावी सुधार' के मुद्दे पर 9 और 10 दिसंबर को लगभग 13 घंटे ● शेष पेज 11 पर

## संसद सत्र बेहद उत्पादक रहा, प्रधानमंत्री के सुधार एजेंडे को भी गति मिली: रिजिजू

नई दिल्ली । संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र बेहद उत्पादक रहा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुधार के एजेंडे को गति मिली और इसने इस दिशा में अहम भूमिका भी निभाई है। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद रिजिजू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इस सत्र में पारित विधेयक करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में काफी सुधार लाएंगे और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे। इन विधेयकों से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग शायद इस बात के महत्व को न समझें। रिजिजू ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया था।इसके स्थान पर लाया गया विकसित भारत- ● शेष पेज 11 पर

# समाज की मजबूती पर ही परिवार का अस्तित्व व सुरक्षा निर्भर: भागवत

एजेंसी

कोलकाता । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए सकारात्मक और सद्गुणों से युक्त शक्तियों का आपसी सहयोग जरूरी है। सभी को एक दिशा में मिलकर आगे बढ़ना होगा। डॉ. भागवत ने स्पष्ट किया कि चरित्र निर्माण केवल उन्हीं व्यक्तियों के माध्यम से संभव है, जिनका जीवन सादा हो और समाज से उनका सक्रिय जुड़ाव बना रहे। डॉ. भागवत ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने परिवार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हर परिवार को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि वह समाज की समृद्धि के लिए कितना समय, श्रम और संसाधन दे रहा है, क्योंकि समाज की मजबूती पर ही परिवार का अस्तित्व और सुरक्षा निर्भर करती है। यह सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उत्तर बंगाल प्रांत की ओर से उत्तर बंगाल



मारवाड़ी भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में उत्तर बंगाल के आठ जिलों और पड़ोसी राज्य सिक्किम से आए सौ से अधिक प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। सम्मेलन का विषय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा रहा। इसमें समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर फैली भ्रांतियों पर कहा कि संघ को पारंपरिक संगठनात्मक ढांचे से नहीं समझा जा सकता, क्योंकि ऐसा कोई अन्य संगठन नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ की स्थापना किसी का विरोध करने या व्यक्तिगत ● शेष पेज 11 पर

# सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग और योजनाओं की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त

**कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, एक का वेतन रोका गया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं जनपद में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं में अत्यंत धीमी प्रगति एवं खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

आयुष्मान कार्ड निर्माण में बेहद धीमी प्रगति, स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग न होने तथा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग की सामूहिक विवाह योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं में खराब प्रगति पाए जाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोटिस जारी किया गया। साथ ही समाज कल्याण से संबंधित फाइलों के समय से निस्तारण न होने पर जीएम, डीआईसी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।जल जीवन मिशन में संतोषजनक प्रगति न होने पर अधिशासी अभियंता को तथा एसटीपी परियोजना की धीमी गति पर परियोजना प्रबंधक, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर महाप्रबंधक, दुग्ध पराग का वेतन रोके जाने का आदेश दिया गया।जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर बी, सी एवं डी रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए रैंकिंग में शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।पीएम सूर्यघर योजना, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री एवं छात्रवृत्ति योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि अगले माह सभी संबंधित विभाग अपनी रैंकिंग ए श्रेणी में लाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीनियर छात्र पर छात्रा के साथ दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कालेज के ही सीनियर छात्र पर दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित छात्र व उसके पिता खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसी के कॉलेज में पढ़ने वाला बी ए तृतीय वर्ष का छात्र सौरभ मौर्य पुत्र राजकुमार निवासी पूरे मुराई मजरे कुशमहुरा उसे लंबे समय से आते-जाते परेशान करता था। लोकलाज और पढ़ाई छूटने के डर से छात्रा ने घर पर ज्यादा कुछ नहीं बताया, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने 5 मई 2025 को टूक गांव के पास छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया।छात्रा का यह भी आरोप है कि आरोपी सौरभ ने उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और लगातार मिलने का दबाव बनाने लगा। 11 नवंबर 2025 को आरोपी अपने साथी सिद्धार्थ के साथ मोटरसाइकिल से छात्रा को रायबरेली के एक होटल में ले गया। वीडियो का डर दिखाकर उसके साथ दोबारा दुष्कर्म किया।पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में यह भी बताया कि आरोपी अब उसे बार-बार शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रहा है।मना करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने, चेहरे पर तेजाब डालने और भविष्य में कहीं शादी न होने देने की धमकी दी है।''जब उसने आरोपी के पिता राजकुमार मौर्य से शिकायत की तो उन्होंने भी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। मामले को गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

रायबरेली। समेकित शिक्षा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन के महाराजगंज खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।आज के प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी और मास्टर ट्रेनर अनुजा शुक्ला ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के 3 से 6 अवस्था में जब वह आंगनवाड़ी में आते हैं तो किस प्रकार से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अति शीघ्र किस प्रकार उनकी पहचान की जाए जिससे जल्द से जल्द उनका उपचार किया जा सके इसकी जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने भी ट्रेनिंग में आकर अपना पूर्ण समय देते हुए आंगनबाड़ि कार्यकत्रियों से उनकी समस्या और उनके बच्चों को किस प्रकार से आंगनबाड़ी के सुविधा मिलती है इसकी जानकारी दी।इस दौरान प्रेम बहादुर विशेष अध्यापक मास्टर ट्रेनर के रूप में 21 प्रकार की दिव्यांगता के विषय में जानकारी जानकारी दी।

## संवेदनशील होकर कोरांव पुलिस हर पहलुओं पर कर रहीं कार्य



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज जिला के कोरांव थाना पुलिस सक्रियता से काम कर रहा है, अपराध रोकथाम, यातायात नियम पालन, जाम न लगना , शराब पीकर वाहन न चलाने , ओवर लोड, ओवर स्पीड,और दुर्घटना रोकथाम पर फोकस कर रही है। विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव राकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में फरार वारंटी की गिरफ्तारी, पशु तस्करी, शराब और गाजा जैसे मामलों पर कार्रवाई भी तेजी से हो रही है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक गिरीश कुमार राय कांस्टेबल अजय कुमार समेत अन्य पुलिस बल क्षेत्र में निरंतर कार्य भ्रमणशील है।

## राजापुर ओम नगर में युवक को गोली मारकर फरार हुए बदमाश

प्रयागराज। राजापुर ओम नगर क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक की पहचान आकाश सोनी (26 वर्ष), पुत्र राधेश्याम सोनी के रूप में हुई है। घटना राजापुर कछार क्षेत्र की बताई जा रही है। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। हमलावरों की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डीएम मनीष कुमार वर्मा ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण

प्रयागराज। ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार देर रात सिविल लाइंस, नरूला रोड और हिन्दू हॉस्टल के पास बनाए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां ठहरे जरूरतमंद और गरीब लोगों से जमीन पर बैठकर बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने ठंड से बचाव के इंतजाम, कंबल, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी जरूरतमंदों को समय पर सुविधा मिले। डीएम की इस संवेदनशील पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्लअसल हीरेङ्क बताया।

## नैनी थाने में अवैध वसूली के गंभीर आरोप

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी के संरक्षण में रीवा रोड और मिर्ज़ापुर रोड पर खुलेआम वसूली की जा रही है। यह वसूली प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक होती है। बताया जा रहा है कि इस अवैध वसूली में वे पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिनका अन्य स्थानों पर तबादला हो चुका है, लेकिन वे अभी भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। ट्रक चालकों से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि बहुत जल्द इस पूरे मामले का प्रमाणों के साथ बड़ा खुलासा किया जाएगा। यदि आरोप सही पाए गए तो पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होंगे।

## कफ सिरप मामले में हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इनकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट से कफ सिरप मामले में बड़ी खबर सामने आई है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपों को बेहद संगीन माना है। न्यायालय ने शुभम सहित अन्य आरोपियों द्वारा दायर की गई एफआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रकृति का है और इसकी जांच आवश्यक है। ऐसे में एफआईआर को रद्द नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट के इस फैसले से आरोपियों को बड़ा झटका लगा है। वहीं, जांच एजेंसियों को मामले की आगे की कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है। इस आदेश को नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## यमुनानगर जोन में दो गैंगस्टर गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज कमिश्नरेट के यमुनानगर जोन में माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। डीसीपी विवेक यादव के निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान खीरी थाना पुलिस ने दो गैंगस्टर अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद नायाब और मोहम्मद सैफ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों अपराधियों के खिलाफ एक दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अपराध और माफिया गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बारा में नवनियुक्त एसीपी ने संभाला कार्यभार



प्रयागराज। बारा सर्किल की नवनियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) निकिता श्रीवास्तव ने शुक्रवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद एसीपी निकिता श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि फरियादियों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।एसीपी ने कहा कि थाना स्तर से ही जनता को न्याय मिलना चाहिए, जिससे लोगों को अनावश्यक भटकना न पड़े। क्षेत्र में अवैध कारोबार, अपराध और बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बताया गया कि निकिता श्रीवास्तव वर्ष 2022 बैच की अधिकारी हैं और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की निवासी हैं। उनके कार्यभार संभालने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**बी, सी, डी श्रेणी वाले विभागों को 'ए' श्रेणी में लाने के निर्देश**

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, निर्माण परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समय सीमा में पूर्ण कराने पर विशेष जोर**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को गांधी सभागार, प्रयागराज में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, निर्माण परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई।

बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण परियोजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने बी, सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों को कार्यों में तेजी लाकर 'ए' श्रेणी में लाने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव एवं बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचओ द्वारा शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच के उपरांत रेफर किए गए मरीजों की संबंधित एमओआईसी द्वारा जांच एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने तथा जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर इंम्पैनल्ड अस्पतालों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी वाले बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को योजना की जानकारी आसानी से मिल सके।

### अन्य विभागीय निर्देश

सिंचाई विभाग को नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य 21 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने एवं फीडिंग का शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश।

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडरों के ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण। छात्रवृत्ति योजना में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश।

बेसिक शिक्षा विभाग को शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश। सामूहिक विवाह योजना में प्रयागराज जनपद की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने एवं विवाह पूर्व सत्यापन अनिवार्य कराने के निर्देश। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, फैमिली आईडी, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर।

### सड़क एवं सेतु निर्माण

नई सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कौशाम्बी जनपद के डी श्रेणी में होने पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को रैंकिंग सुधारने तथा फतेहपुर जनपद के सी श्रेणी में होने पर सड़क अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी फतेहपुर रविन्द्र सिंह, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ शिव सहाय अवस्थी, जिलाधिकारी कौशाम्बी अमित पाल शर्मा, संयुक्त विकास आयुक्त मत्स्य नाथ सहित सभी संबंधित मण्डलीय अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण विद्युत व्यवस्था चरमरा

रायबरेली। क्षेत्र में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे बिजली कटौती बढ़ गई है और लोगों (खासकर बुजुर्गों और बच्चों) को काफी दिक्कत हो रही है, घरेलू कामकाज और व्यापार प्रभावित हो रहे हैं, तथा सड़कों पर दृश्यता कम होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जिससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। आपको बता दें कि, महराजगंज क्षेत्र में बीते मंगलवार सायं से घने कोहरे के कारण विद्युत आपूर्ति सुबह सायं कई घंटों तक बाधित रहती है। अत्यधिक कोहरे के चलते इनकमिंग 33 केवी, लाइन में तकनीकी समस्या आ जाती है, जिससे 33/11 केवी उपकेंद्र चंदापुर फीडर की बिजली ठप हो जाती है। उपभोक्ताओं द्वारा फोन करने पर या तो फोन उठाया नहीं जाता, या फिर फोन रिसीव किया गया तो यह कह दिया जाता है कि, कोहरे के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे कई घंटों तक बिजली गुल रह रही है। कम तापमान और पछुआ हवाओं के कारण गलन बढ़ गई है, दिन में धूप भी नहीं निकल रही। .

# कर्नलगंज इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**सूरज और श्रद्धा ने मारी बाजी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । शहर में स्थित कर्नलगंज इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया।

इस खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, कूद एवं थ्रो से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जो सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर वर्गों में सम्पन्न हुईं। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक रवीन्द्र त्रिपाठी ने किया, जबकि प्रतियोगिता का समुचित संचालन खेल शिक्षा प्रभारी आनन्द सोनकर की देखरेख में किया गया।प्रतियोगिता के परिणामों में सीनियर वर्ग में सूरज पटेल ने प्रथम तथा वशिष्ठ विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सागर निषाद प्रथम स्थान पर रहे, जबकि सब-जूनियर वर्ग में आदर्श सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में श्रद्धा मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# एआरएम ने स्टेशन प्रभारी को लिखा पत्र व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रायबरेली।** बीते 15 दिसंबर दिन सोमवार को दैनिक समाचार पत्र ''कैनविज टाइम्स'' के माध्यम से हाईटेक कस्बे की पहचान रखने वाले बछरावां कस्बे में लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित करोड़ों रुपए की लागत से बने बस स्टाफ की अव्यवस्थाओं को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। खबरों को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम रायबरेली डिपो दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बछरावां बस स्टेशन प्रभारी एवं बुकिंग लिपिक कुलदीप नारायण को पत्र लिखते हुए आदेशित किया है कि बछरावां बस स्टेशन पर बना शौचालय बहुत गंदा है, नालियाँ जाम हो गई है, स्टेशन परिसर में साफ सफाई नहीं है और बैठने का स्थान भी गंदा रहता है। दिव्यांगों के लिए बने स्लैप कब्जे में है, जिसके कारण दिव्यांगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः बस स्टेशन शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने हेतु आप संबंधित संस्था को निर्देशित करें तथा नालियों की सफाई हेतु नगर पंचायत बछरावां का सहयोग लेते हुए सफाई करना सुनिश्चित करें एवं दिव्यांग जनों को नियमानुसार मिलने वाली समस्त सुविधाएं प्रदान की जाए और उनके स्लैप कब्जा भी मुक्त कराये जाए।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी की अध्यक्षता में एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के साथ बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन की अध्यक्षता में एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के साथ द्वितीय स्थाई वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.) की बैठक आज 19 दिसंबर,2025 शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेन्दु सभा कक्ष,वाराणसी में आयोजित हुई।

बैठक में अपर मंडल प्रबंधक(इंफ्रा) श्री अजय सिंह,अपर मंडल रेल प्रबंधक(आपरेशन) श्री अशोक कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अभिनव कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) श्री विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(कैरेज एण्ड वैगन)श्री अनुभव पाठक,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर-1 श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर-2 श्री यशवीर सिंह,वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री बलेन्द्र पाल, पाठक,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य)श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन)श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव,मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री रमेश पाण्डेय, मंडल वित्त प्रबंधक श्री एन.एन. पाण्डेय समेत विभिन्न शाखाधिकारी, एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश पाण्डेय,मंडल मंत्री श्री राकेश पाल,मंडल अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सहित वाराणसी मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे । बैठक को सम्बोधित करते हुये मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने कहा कि रेल संचलन में कर्मचारी यूनियन की महत्वूपर्ण भूमिका है तथा उनके माध्यम से प्राप्त अनेक महत्वपूर्ण सुझावों के क्रियान्वयन से कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से वाराणसी मंडल ने अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की। रेलपथ के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य तेजी से सम्पादित किया जा रहा है। यात्री यातायात एवं यात्री आय के साथ ही माल परिवहन एवं उससे होने वाली आय में निरन्तर वृद्धि हो रही है। आधारभूत संरचनाओं के विकास के क्रम में अनेक कार्य जैसे- दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के अंतर्गत नान इण्टरलॉकिंग कार्य, अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है ।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.01.2026** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01332025 dated 18.12.2025 |
| 2 | निविदा संख्या : 30-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 | |
| 3 | कार्य का नाम : वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सीनियर सेक्सन इंजीनियर(पीवे)–द्वितीय/सुलतानपुर, सीनियर सेक्सन इंजीनियर(पीवे)–लम्भुआं, सीनियर सेक्सन इंजीनियर(पीवे)–श्रीकृष्णानगर, सीनियर सेक्सन इंजीनियर(पीवे)–प्रथम/सुलतानपुर, सीनियर सेक्सन इंजीनियर(पीवे)–निहालगढ़ और सीनियर सेक्सन इंजीनियर(पीवे)–उतरेटिया के पीवे स्टोर का सुधार कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 2,70,78,018.67 | |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 2,85,400.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि : 29.12.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 12.01.2026 at 15:00 hrs. | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3924/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए **ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 56256233 | One coach set of metal bonded rubber items for train 18 coaches (1) Centre pivot bush to. Drg. No. 72706005, Alt a - 2 Nos (2) Stabilizer link assembly to. Drg. No. (727) Train18/MC/Aco-5-008 Alt "a" - 4 Nos (3) traction rod assembly to. Drg. No. 72705006 Alt "a"- 4 Nos (4) side Bumper to. Drg. No. (727)Train18/MC/AC - 0-5-007, Alt "a" - 4 nos (5) bump stop for primary Suspension to. Drg. No. 72701007, Alt "a" - 8 nos (6) primary suspension bush to. Drg. No. 72702005, Alt "a" - 8 nos (7) rubber pad primary suspension to. Drg. No. 72701008, Alt "a" - 8 nos (8) Motor suspensionbush to. Drg. No. 72700004, Alt "a" - 4 nos (9) Motor suspension pad to. Drg.No. 72700005, Alt "a" - 4 Nos | 41 Set | 10.01.2026 |

निविदा शर्तेः 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2025 ईमेल पता-dycmmcb15@gmail.com

3932/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण : पांचवें दिन स्वयंसेवकों को सर्च एंड रेस्क्यू की आपातकालीन तकनीकों का दिया गया प्रशिक्षण

**कार्यक्रम में ध्वस्त भवन का सर्वेक्षण एवं बचाव के तरीके तथा भवन में प्रवेश करते समय सावधानियां के संबंध में एनडीआरएफ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण अ प्रशिक्षण के पांचवें दिन सर्च एंड रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया गया। नागरिक सुरक्षा लखनऊ के स्वयंसेवकों को 11वीं बटालियन एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर दीपक कमालिया के द्वारा भवन के ध्वस्त होने के प्रकार, ध्वस्त भवन का सर्वेक्षण एवं बचाव के तरीके तथा भवन में प्रवेश करते समय सावधानियां के संबंध में एनडीआरएफ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दरमियान उन्होंने पीपीटी के माध्यम से सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया, जिसे सभी ने बहुत ही ध्यानपूर्वक और रुचि के साथ ग्रहण किया।राष्ट्रपति पदक से अलंकृत लखनऊ सिविल डिफेंस के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने आपदा के दौरान रेस्क्यू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मकान क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तो उसमें फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता होती है। कई बार हमारे पास बचाव के साधन नहीं होते है, ऐसे में बचाव की आकस्मिक विधियों से प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को मानवीय बैसाखी, मानवीय पालना, टू, थ्री, फॉर हैंड शीट, फायर मैन लिफ्ट, पिक ए बैक सहित कई विधियों के इस्तेमाल का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया, जो प्रशिक्षार्थियों के लिए भविष्य में बहुत कारगर रहेगा।एनडीआरएफ 11वीं बटालियन की टीम को स्वयंसेवकों को आज के प्रशिक्षण देने हेतु सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार ने धन्यवाद दिया।इस अवसर पर उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार, सहायक उपनियंत्रक ममता रानी, रेखा पांडेय, मुकेश कुमार, नफीस अहमद, अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे।

# विवाह के बाद पत्नी को प्रताड़ित करने व मारपीट का आरोप

**दहेज में 10 लाख खर्च के बावजूद ससुरालियों ने की गाली-गलौज, मुकदमा दर्ज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र से एक गंभीर पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने अपनी पुत्री को दहेज प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न का शिकार बनाए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने थाना नगराम में प्रार्थना पत्र देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।

इस्माइलनगर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री ज्योति (24) का विवाह हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार 11 जुलाई 2024 को नगराम थाना क्षेत्र के ही अकरहदू गांव निवासी आशाराम के बेटे मनीष उर्फ चंचल से किया था। विवाह में अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज व उपहार दिए गए तथा लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए गए।आरोप है कि विवाह के कुछ दिनों बाद ही मनीष का किसी अन्य महिला से संबंध होने की जानकारी मिली। इसके बाद मनीष, उसके पिता आशाराम, भाई मान तथा भाभी द्वारा मिलकर ज्योति को गाली-गलौज कर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि कई बार उसके साथ मारपीट की गई और घर से भगा दिया गया। पीड़ित पिता का कहना है कि उनकी पुत्री पिछले कुछ समय से उनके साथ इस्माइल नगर में रह रही है, जबकि मनीष काफी समय से घर से गायब है और उसकी बातचीत लगातार अपने भाई मान से होती रहती है। पीड़ित पक्ष ने आशंका जताई है कि ससुराल पक्ष द्वारा उनकी पुत्री को जानबूझकर प्रताड़ित किया गया। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर के मुताबिक पति ससुर और जेठ जेठानी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ठाकुरगंज में बेखौफ चोर, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**लगातार बढ़ती चोरियों से उजागर हुई पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली, सीमा विवाद बना बड़ी वजह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज, लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला फरीदीपुर मोहल्ले का है, जहां बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना ने स्थानीय पुलिस की गश्त व्यवस्था और कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजहार अहमद पुत्र दिलशाद अली, निवासी गली नंबर-11, फरीदीपुर, अपने ननिहाल जोगी कोट, बांगरमऊ (उन्नाव) में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान 18 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।चोर घर से करीब 5.2 ग्राम सोने की नथनी, लगभग 100 ग्राम सोने का शौक बंद, चांदी की पायल, चांदी का ब्रेसलेट, दो अंगूठियां, चांदी का शीर्ष फूल, चांदी की दो चिमटी तथा 10,400 नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए सभी जेवर पीड़ित की पत्नी के विवाह से जुड़े हुए थे, जिनकी भावनात्मक और आर्थिक कीमत किसी भी आंकड़े से कहीं अधिक है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौकी भूहर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रही है। न तो रात्रिकालीन गश्त प्रभावी है और न ही संदिग्ध गतिविधियों पर कोई ठोस निगरानी की जा रही है।स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि दुबग्गा और ठाकुरगंज थाना सीमा विवाद के चलते पुलिस की लापरवाही बढ़ गई है, जिसका फायदा चोर बेखौफ होकर उठा रहे हैं। सीमा को लेकर जिम्मेदारी तय न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।अब देखना यह होगा कि पुलिस इस चोरी का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार करती है या फिर इसे एक सामान्य घटना मानकर अनदेखा कर देती है, जिससे अपराधियों के हौसले और अधिक मजबूत हो सकते हैं।

# आवारा पशु से बचने में स्कूटी इंदिरा नहर में गिरी, महिला बाल-बाल बची



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के इंदिरा नहर पटरी मार्ग पर शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया। स्कूटी सवार महिला के सामने अचानक आवारा पशु आ जाने से स्कूटी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी, जबकि महिला डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे गिर पड़ी। गनीमत रही कि महिला नहर में गिरने से बच गई। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी के मुताबिक घायल महिला किरन (निवासी रायपुर सदरा, गोसाईंगंज) स्कूटी से मायके जा रही थीं। सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस ने नहर में गिरी स्कूटी की तलाश कराई, लेकिन तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिली। पुलिस ने नहर का पानी कम कराने के लिए संबंधित विभाग से अनुरोध किया है। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटना के बाद आवारा पशुओं की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

## अवध चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस की दबंगई का मामला, ई रिक्शा चालक ने लगाया आरोप

लखनऊ । ई-रिक्शा चालक ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार, उसे अवध चौराहा पर ऑनलाइन सवारी ले जाते समय रोका गया, चाबी छीन ली गई और जबरन ट्रैफिक बूथ ले जाया गया। आरोप है कि ट्रैफिक बूथ में ले जाकर पुलिस कर्मियों ने पैसों की मांग की। चालक के पास पैसे न होने पर गाड़ी सीज करने की धमकी दी गई। भयभीत चालक के पास मौके पर मौजूद 200 जबरन ले लिए गए।पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने बताया कि वह लोकबंधु अस्पताल में इलाज के बाद कई दिनों बाद ही रिक्शा लेकर निकला था और उसी दिन पहली बार ऑनलाइन सवारी मिली थी। इसी दौरान ट्रैफिक पुलिस ने उसके साथ कथित रूप से मारपीट की, थप्पड़ मारे और डंडे से पीटा। पीड़ित का कहना है कि वह मानसिक रूप से भयभीत है और उसके साथ अन्याय हुआ है।पीड़ित ने इस पूरे मामले की उच्च अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।अब सवाल यह है कि,क्या ट्रैफिक व्यवस्था के नाम पर आम मेहनतकशों का उत्पीड़न किया जा रहा है और क्या इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी।

## यूपी पंचायत चुनाव: मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के बाद आंकड़े जारी

लखनऊ । मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के बाद आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। इस दौरान 1 करोड़ 81 लाख नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, जबकि 1 करोड़ 41 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।कटे हुए नामों में मृत, विस्थापित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं।आंकड़ों के अनुसार 53 लाख 67 हजार 410 डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।वहीं, इस पुनरीक्षण प्रक्रिया में 1 करोड़ 5 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं, जिन्हें वोटर लिस्ट में शामिल किया गया है।मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा।सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद 6 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।यह अपडेट आगामी यूपी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए बेहद अहम माना जा रहा है।

## लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, कार चालक गंभीर रूप से घायल

मोहनलालगंज । लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में 12 सितंबर 2025 की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रैक्टर चालक की गलती से पीछे से टकराई कार में सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पीजीआई ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, रायबरेली जनपद के थाना डीह क्षेत्र के ग्राम बेतौरा निवासी प्रीति पत्नी प्रेम शंकर दीक्षित ने बताया कि उनके पति प्रेम शंकर दीक्षित पुत्र उमादत्त दीक्षित, राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान से संबद्ध वाहन से बहादुरपुर अमेठी कार्यालय से एक अधिकारी को लखनऊ एयरपोर्ट छोड़ने जा रहे थे। 12 सितंबर की सुबह करीब 5:30 बजे जब वह वाहन संख्या यूपी-36/यू-0536 से रायबरेलीऽलखनऊ मार्ग पर मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में पहुंचे, तभी आगे चल रहा ट्रैक्टर संख्या यूपी-33सी/सी-1318 अचानक बिना किसी संकेतक या इंडिकेटर दिए तेज रफ्तार में ब्रेक लगा बैठा।अचानक ब्रेक लगने से कार चालक संभल नहीं सका और कार ट्रैक्टर से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार चालक प्रेम शंकर दीक्षित को गंभीर चोटें आ गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पीजीआई ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वर्तमान में घायल का इलाज पीजीआई में जारी है।पीड़िता के अनुसार, पति के गंभीर रूप से घायल होने और इलाज में व्यस्त रहने के कारण तत्काल थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। अब पीड़िता ने ट्रैक्टर चालक व मालिक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए थाना मोहनलालगंज में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में की एसआईआर कार्यों की विस्तृत समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विसंगतियों से मुक्त बनाया जाना**

लखनऊ । विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री मनीष गर्ग की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 नवदीप रिणवा, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 अखंड प्रताप सिंह, सचिव भारत निर्वाचन आयोग अजय कुमार वर्मा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 अमित सिंह, मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाख जी0, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, नगर आयुक्त गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 शुभी सिंह, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी विशाख जी ने वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त को जनपद की सामान्य जानकारी एवं भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया एवं जनपद में चल रहे एसआईआर कार्यों की बिन्दुवार जानकारी वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त के समक्ष रखी जिसमें उन्होंने जनपद में विधानसभावार अवस्थित मतदान केन्द्र, मतदेय स्थल, बीएलओ, जनपद में विधानसभावार भरे गए व संग्रहीत किए गणना प्रपत्र एवं मतदाताओं की मैपिंग की अद्यतन स्थिति, डिजिटाइज किये गये फार्मों का विवरण समेत बीएलओ के द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान चिन्हित किए गए ।

# हांड़ कपाऊ ठंड में तहसील प्रशासन पूरी तरह फ़ेल

**मोहनलालगंज, निगोहा व नगराम में अलाव नदारद, ठंड से कांप रही जनता प्रशासन की लापरवाही से लोगों में बढ़ा जनाक्रोश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दिसंबर माह में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन पूरी तरह अस्तऽव्यस्त कर दिया है, लेकिन मोहनलालगंज, निगोहा और नगराम कस्बों सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में ठंड से बचाव के लिए जरूरी अलाव की व्यवस्था पूरी तरह नदारद है।

मोहनलाल गंज निगोहा नगराम के प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर एक भी अलाव न जलने से आमजन, राहगीर, मजदूर, बुजुर्ग, रिक्शा चालक और बेसहारा लोग ठंड में कांपने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष ठंड शुरू होते ही तहसील प्रशासन द्वारा अलाव जलवाने की व्यवस्था कर दी जाती थी, लेकिन इस बार प्रशासन ने पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाया हुआ है। रात होते ही हालात और भयावह हो जाते हैं, जब तापमान तेजी से गिरता है और लोग ठंड से बचने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। कस्बावासियों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी हालात से भली-भांति अवगत होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। ठंड का सबसे ज्यादा असर गरीब, दिहाड़ी मजदूर, राह चालकों और बेसहारा लोगों पर पड़ रहा है, जिनके पास ठंड से बचाव का कोई साधन नहीं है। जनता ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# सौ से अधिक अभ्यर्थियों को मिला रोज़गार मेले में रोज़गार

**रोजगार मेले में कुल 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 327 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । योगी सरकार की रोजगारपरक एवं सामाजिक समावेशन की नीति को धरातल पर उतारते हुए बी0पी0एल0 परिवारों के युवाओं के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज, लखनऊ में किया गया। इस रोजगार मेले का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा।

आयोजित रोजगार मेले में कुल 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 327 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार उपरांत कंपनियों द्वारा 137 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर प्रदान किए गए, जिससे चयनित युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ।इस अवसर पर एम0ए0 खान, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों की सहभागिता रही, जिनके माध्यम से 327 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया तथा 137 अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक जॉब ऑफर प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने उपस्थित कंपनियों से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने चयनित एवं प्रतिभागी अभ्यर्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे अपने कार्यस्थल पर संस्थान एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 20 और 21 दिसंबर को मुफ्त चिकित्सा सेवा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 20 और 21 दिसंबर को विकास नगर के मिनी स्टेडियम में निःशुल्क अटल स्वास्थ्य मेला-6 आयोजित किया जायेगा।

स्वास्थ्य मेला संयोजक भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से विगत 5 वर्षों कि भांति इस वर्ष भी अटल जयंती के अवसर पर लखनऊ में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जो अटल जी को समर्पित है और उनको हमारी श्रद्धांजलि है।दो दिवसीय स्वास्थ्य मेले में राजकीय चिकित्सालयों के साथ-साथ निजी चिकित्सालयों के चिकित्सकों द्वारा चिकित्सक उपकरण तथा अन्य संसाधनों की सुचारू रूप से व्यवस्था के तहत निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण एवं निदान किया जायेगा। महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की जाएगी। दिवयाँग जन सशक्तिकरण हेतु जांच और प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंगों एवं उपकरणों का भी निःशुल्क वितरण किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के स्टाल लगाए जाएंगे।लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाया जायेगा।अन्य जांचों के साथ ही सर्वाइकल व स्तन कैंसर, मैमोग्राफी सहित दूसरे कैंसर की जांच भी होगी। खून और रेडियोलॉजी संबंधी जांच भी उपलब्ध रहेगी।दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग व अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु सभी विधानसभाओं में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कैंप का आयोजन कर के रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। पिछले वर्ष लगभग 23 000 जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया था। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे।अटल स्वास्थ्य मेला में एस.जी.पी.जी.आई.,मेडिकल कॉलेज सहित लगभग 100 से अधिक निजी अस्पताल और अन्य विभागों के स्टाल भी लगेंगे। जिनमें मुख्य रूप से मेदांता हास्पिटल, अपोलो मेडिक्स हास्पिटल, चंदन हास्पिटल, मेयो हास्पिटल,चरक हॉस्पिटल, मैक्स हास्पिटल,रीजेन्सी हास्पिटल, ग्लोब मेडिकेयर, वेल्सन मेडिसिटी, मिडलैंड हेल्थ केयर, चरक हास्पिटल, सहारा हास्पिटल, एरा मेडिकल कालेज, ओ.पी. चौधरी हास्पिटल, हेल्थ सिटी हास्पिटल, सरस्वती डेंटल कॉलेज, टी. एस. मिश्रा मेडिकल कालेज, इन्टीगरल मेडिकल कालेज, सन आई हास्पिटल, अवध हास्पिटल, सेवा हास्पिटल, नोवा हास्पिटल, गोयल हास्पिटल, नारायण सेवा संस्थान, शेखर हास्पिटल, जगरानी हास्पिटल, अजंता हास्पिटल, आइकन हास्पिटल, केयर डायग्नोस्टिक, एस.आर. हास्पिटल, आस्था सेंटर फॉर जेनेटिक मेडिसिन, खन्ना डायग्नोस्टिक, इप्सम हास्पिटल, एस.एच.एम. हास्पिटल, ए. एल.पी.एस. दिल्ली/लखनऊ, सी.एन.एस. हास्पिटल, टी.सी.आई. सेन्टर, टेंडर पाम सुपरस्पेस्लिटी हास्पिटल, एडवांस क्योर फिजियोथेरेपी सेन्टर, सेंट मेरी हास्पिटल, के. के. हास्पिटल, हरमैन हास्पिटल, एलँटरा कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ कैंसर हास्पिटल, मेडाक्स हास्पिटल एवं अन्य निजी चिकित्सालय सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। स्वास्थ्य मेले में मातृ ,बाल,शिशु स्वास्थ्य सेवायें, टीकाकरण ,परिवार कल्याण सेवायें ,क्षय रोग नियंत्रण ,कुष्ठ रोग ,नाक, कान एवं गला रोग, हृदय रोग, कैंसर, नेत्र, दन्त, (नेफ्रो) गुर्दा सम्बन्धित रोग, चर्म रोग, मनोचिकित्सक, श्वास, हड्डी रोग, मधुमेह रोगों के चिकित्सा मौजूद रहेंगे। ई.सी.जी. एक्स-रे,अल्ट्रासोनोग्राफी, रक्त जाँच,ब्लड सुगर, एच.आई.वी, वी.बी.आर.एल. सहित समस्त पैथोलोजिकल जाँच भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।पोषण, परिवार कल्याण, भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ ,आर्युवेद, यूनानी,योग, होमयोपैथी, नेचुरोपैथी, नशा उन्मूलन विभाग द्वारा भी स्टाल लगाए जाएंगे।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों व प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**निर्माण गुणवत्ता व शैक्षिक व्यवस्था पर दिए निर्देशनिरीक्षण में खुलीं शैक्षिक अव्यवस्थाएं: निपुण तालिका में कमी पर प्रधानाध्यापक को फटकार, प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों में बन रहे ऐकडेमिक ब्लॉक तथा छात्रावास के कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ ने बच्चों से वार्ता की एवं संबंधित को निर्देश दिये कि बच्चों के लिये सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जायें तथा शिक्षक शिक्षण कार्यो में रूचि लेते बच्चों को अच्छी शिक्षा दें।तत्पश्चात जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्राथमिक विद्यालय ब्रम्हावली (कम्पोजिट) ग्राम पंचायत करूवामऊ, विकास खण्ड गोंदलामऊ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में कमी मिलनें पर प्रधानाध्यापक अनुराधा को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही उन्होंने बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर देखते हुये बच्चें की उपस्थिति कम होने पर प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति में सुधार हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में साफ-सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमियां होने खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार का स्पष्टीकरण एवं प्रधानाध्यापक अनुराधा को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। कक्षा-3 के बच्चे से वार्ता करते हुये किताब पढ़वायी, जिस पर बच्चे द्वारा सहीं ढंग से पुस्तक पढ़े जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशन्नता व्यक्त की तथा यूनीफार्म, भोजन, शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर संगठित साइबर ठगी का खुलासा, 6 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए जनपदीय साइबर क्राइम सेल एवं थाना जलालाबाद की साइबर क्राइम हेल्पडेस्क की संयुक्त पुलिस टीम ने ऑनलाइन स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर की जा रही संगठित साइबर ठगी का बड़ा खुलासा किया है।

पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रहे गिरोह के 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 69 लैपटॉप, 10 मोबाइल, 26 सिम कार्ड, 4 वाई- फाई राउटर, 4 एलईडी टीवी, प्रिंटर, बैंक का क्यूआर कोड, 2 चेकबुक, 4 मोटरसाइकिल, थार कार समेत भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि बरामद किए हैं।एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल पर चिन्हित एक संदिग्ध मोबाइल नंबर की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि उक्त नंबर जलालाबाद क्षेत्र में सक्रिय है और एसएलजी डिजी प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड है। उस संदिग्ध नंबर को एनसीआरपी और समन्वय पोर्टल पर जांच करने पर उक्त नंबर से संबंधित साइबर ठगी की शिकायत दर्ज मिली, जिसमें पीड़ित से ग्लोबल ट्रेड कंपनी में स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। इसके बाद पुलिस टीम ने जलालाबाद के खंडहर रोड स्थित एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी की। जहां से पुलिस ने 69 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, 26 नए सिम कार्ड, 4 वाई-फाई राउटर, 4 एलईडी टीवी, एक प्रिंटर, यूपीएस, सीपीयू, बैंक ऑफ इंडिया का क्यूआर कोड, 2 चेकबुक, 4 मोटरसाइकिल और एक महिंद्रा थार कार बरामद करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त लोगों का मोबाइल डेटा वेबसाइटों से खरीदकर उन्हें स्टॉक मार्केट में निवेश पर तीन गुना मुनाफ़े का लालच देते थे। पीड़ितों को एक फर्जी ग्लोबल ट्रेड एपीके डाउनलोड कराकर क्यूआर कोड के माध्यम से रकम जमा करवाई जाती थी। फर्जी ऐप पर लाभ दिखाने के बाद जब पीड़ित पैसे निकालना चाहता था, तो उसका अकाउंट बंद कर दिया जाता था। इस मामले में थाना जलालाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों में थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला आजादनगर निवासी टिंकल गुप्ता, मोहल्ला दयालनगर का प्रांजल सक्सेना उर्फ पुलकित, निहाल सक्सेना उर्फ कुनाल, दीपांशु, मां रेनुकाधाम कालोनी का सिद्धांत मिश्रा उर्फ झम्मन तथा मोहल्ला महाजनान का रोहित राठौर है। एसपी ने बताया कि अब तक पूरे देश के कई प्रदेशों में कई शिकायतें प्रकार में आई हैं। जिसमें करोड़ों की ठगी की गई है। बताया कि अब तक जिन लोगों से निवेश के नाम पर ठगी की गई है, उनसे वार्ता कर डाटा कलेक्ट कर जांच की जा रही है।वहीं, एसपी ने इस सराहनीय कार्य के लिए खुलासा करने वाली साइबर क्राइम सेल एवं थाना जलालाबाद की संयुक्त पुलिस टीम को 25 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की है।

# शहीद दिवस पर अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर श्रद्धांजलि अर्पित

**कवि सम्मेलन व मुशायरा का हुआ आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर महानगर के एमनज़ई जलालनगर स्थित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर श्रद्धांजलि समारोह, कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपजा जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शाल व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान तनवीर खां ने कहा कि आज देश में असमानता बढ़ती जा रही है, जिसकी सबसे बड़ी वजह नफरतों का माहौल है। इसे खत्म कर भाईचारे को मजबूत करना होगा, जब हम सब मिलकर चलेंगे, तभी देश मजबूत बनेगा और विकसित राष्ट्र कहलाएगा। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि हम शहीदों का ऋण कभी चुका नहीं सकते, उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर देश के निर्माण से ही दी जा सकती है। इसके उपरांत आयोजित कवि सम्मेलन व मुशायरे में फैसल फ़ैज़, कुलदीप दीपक, अजय अवस्थी, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, विकास सोनी, पीयूष मिश्रा, खलील शौक, अर्शीयान अर्श आदि कवियों और शायरों ने देशभक्ति, शहादत और इंसानियत पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के संयोजक अर्शीयान अर्श रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश मिश्रा ने किया।श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान और सरदार शर्मा को शाल पहनाकर सम्मानित किया।

अंत में आयोजक आरिफ सिद्दीकी ने सभी अतिथियों, कवियों, शायरों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां व आफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह के प्रपौत्र प्रियांशु, सखा परिवार ट्रस्ट के पदाधिकारी शशांक सखा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, फरहान सिद्दीकी, अदनान सिद्दीकी, ऐनुल हक, इमरान जिलानी, महमूद खां आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## भदेभर पंचायत में विकास शून्य, योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला




मछरेहटा, सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भदेभर में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने के ग्रामीणों ने आरोप लगाए है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में आए सरकारी धन का सही उपयोग नहीं किया गया ।ग्रामीणों के अनुसार हैंडपम्प रिबोर व मरम्मत, टाइलीकरण, नाली निर्माण, आरओ स्थापना, छत मरम्मत, तालाब भराई, दिव्यांग शौचालय निर्माण जैसे कई कार्यों में गंभीर अनियमितताएं बरती गई हैं।ग्रामीणों ने जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है। अब देखना यह कि क्या कोई कार्यवाही होती है या ऐसे भ्रष्टाचारियो को बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

# फोर्टिफाइड राइस कर्नेल न मिलने से नहीं हो पा रही चावल की सप्लाई

**राइस मिलर्स हुए परेशान, आइआइए ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधकारी को सौंपा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आइआइए के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में राइस मिलर्स गुरुवार को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर से मिले। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपा।

इस मौक़े पर आईआईए के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार की किसानों हेतु मूल्य समर्थन योजना के अर्न्तगत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की क्रय नीति दि0 29.09.2025 के प्रस्तर 231 में व्यवस्था अनुसार फोर्टीफाइड राइस की डिलीवरी हेतु लखनऊ मण्डल में मै0 पूर्णिमा एग्रो इन्डस्ट्रीज एल एल पी-उन्नाव, में0 दुर्गा एण्ड सन्स एम्पायर प्रा0लि0 जिला फतेहपुर, मे0 शान्ती एफ0आर0के0 इन्डस्ट्रीज हरदोई एवम् मै0 गोल्ड ब्लिस फूड प्रा0लि0 जिला चन्दौली को नामित किया गया है। सीतापुर जिले के कुछ राइस मिलर्स द्वारा संगठन को अवगत कराया गया है कि उक्त फोर्टिफाइड राइस कर्नेल सप्लायर्स द्वारा जिलों में समान रूप से सभी को डिलीवरी नहीं दी जा रही है। कुछ को सप्लाई दी जा रही अन्य को सैम्पल न पास होने के नाम पर परेशान किया जा रहा है । उनसे फोन पर बात भी नहीं की जा रही है । इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले की धान खरीद काफी प्रभावित हो रही है और समय से किसानों का धान खरीद न होने से किसानों में भी असन्तोष है ।

वहीं मिलर्स समय से सीएमआर चावल की डिलीवरी एफआरके के अभाव में एफसीआई को डिलीवर नहीं कर पा रहे हैं । जिससे मिलर्स को भी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार उक्त फोर्टिफाइड राइस कर्नेल चावल सप्लायर्स जिले की सरकारी खरीद व्यवस्था अस्त व्यस्त कर रहे हैं। जिसके कारण जिला सरकार को मूल्य समर्थन योजना में अपना पूर्ण योगदान नहीं दे पा रहा है। जिले के अधिकारियों के पत्र का भी इन लोगों पर उचित प्रभाव नहीं दिख रहा। सम्बन्धित विभागीय अधिकारी असमर्थ दिख रहे हैं। जिलाधिकारी ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया । इस मौके पर चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल , पवन अग्रवाल, संदीप भरतीया, अमित सिंहा, टिंकू गर्ग आदि मिलर्स मौजूद रहे।

# नगर पंचायत धौरहरा में अलाव के नाम पर भ्रष्टाचार, ठंड में ठिठुर रहे लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। कड़ाके की ठंड के बीच नगर पंचायत धौरहरा में अलाव जलाने की व्यवस्था पूरी तरह से कागजों तक सीमित नजर आ रही है। अलाव के नाम पर खुलेआम खानापूर्ति की जा रही है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी भी ठंड से जूझने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा जिन स्थानों पर अलाव जलाने का दावा किया जा रहा है, वहां गीली लकड़ियां डालकर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। गीली लकड़ी होने के कारण अलाव जलता ही नहीं, धुआं जरूर निकलता है, जिससे ठंड से राहत मिलने के बजाय लोगों को और परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई जगहों पर अलाव बुझा पड़ा रहता है या बिल्कुल नदारद रहता है।*रात भर ठंड से जूझते पुलिसकर्मी भी परेशान*सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात भर गश्त करने वाले पुलिसकर्मी भी इस अव्यवस्था का शिकार हैं। ठंड के मौसम में सड़कों और चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी बिना पर्याप्त अलाव व्यवस्था के रात गुजारने को मजबूर हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और स्वास्थ्य दोनों पर असर पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत धौरहरा के चेयरमैन नफीस खां और अधिशासी अधिकारी (ईओ) गौरव सिंह इस पूरे मामले में आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों का कहना है कि अलाव जलाने के लिए शासन से आने वाली धनराशि का सही उपयोग नहीं किया जा रहा और ठंड से बचाव के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है।*जमीनी हकीकत और सरकारी दावों में फर्क*नगर पंचायत की ओर से हर साल ठंड में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। कई प्रमुख स्थानों, बस स्टैंड, बाजार, चौराहों और रिहायशी इलाकों में या तो अलाव जलता नहीं या फिर नाम मात्र के लिए गीली लकड़ी डाल दी जाती है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अलाव व्यवस्था की स्थलीय जांच कराई जाए, अलाव के नाम पर हो रहे कथित भ्रष्टाचार की जांच हो और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो ठंड के इस मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।फिलहाल नगर पंचायत की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन नगर में अलाव व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल प्रशासनिक दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं।

# भाजपा नेतृत्व से संवाद: ऐप्जा व ऐक्शन पार्टी ने उठाए पत्रकार हितों के मुद्दे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से देश की राजधानी दिल्ली में ऐप्जा (आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) व ऐक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने नितिन नवीन को पार्टी में मिले महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।इस मुलाकात में ऐप्जा व ऐक्शन पार्टी के चीफ कोआर्डिनेटर उत्तर प्रदेश अनुराग सारथी भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक मजबूती, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर व विस्तृत चर्चा हुई।ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र मिश्रा ने पत्रकारों के समक्ष आने वाली समस्याओं, उत्पीड़न की घटनाओं और सुरक्षा से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए ठोस और प्रभावी नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, नितिन नवीन ने पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए उनके सम्मान और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक आश्वासन दिया।बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। दोनों पक्षों के बीच भविष्य में संवाद और सहयोग बनाए रखने पर भी सहमति बनी। इस भेंट को पत्रकार हितों और संगठनात्मक संवाद की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## खैराबाद नगरपालिका में हुई कबाड़ की नीलामी आखिरी बोली 6 लाख एक हजार



सीतापुर। खैराबाद नगर पालिका में रखे कबाड़ की शुक्रवार को नीलामी कराई गई। इस दौरान नगर समेत लखनऊ, बहराइच, शाहजहांपुर, इटावा व्यापारियो ने भाग लिया।नगर पालिका कार्यालय स्थित अध्यक्ष कक्ष में शुक्रवार दोपहर ढेड़ बजे कबाड़ के नीलामी की प्रक्रिया शुरु हुई।निष्प्रयोज्य सामग्री की हुई नीलामी छः लाख एक हजार तक गई आख़िरी बोली। निष्प्रयोज्य सामाग्री की नीलामी में कुल 14 व्यक्तियों ने भाग लिया जिसमें सर्वोच्च बोली ६. लाख एक हजार मात्र) अतीक खाँ पुत्र जगील खान मोहल्ला तकिया पीर जलील गोलागंज लखनऊ की रही ।नीलामी में अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बेबी अभिषेक गुप्ता अधिशासी अधिकारी प्रेमशंकर गुप्ता सफ़ाई निरीक्षक मनोज राणा सहित सभासद विष्णु कुमार आलोक बाजपेई आदि मौजूद रहे

## नैमिषारण्य मे पौष अमावस्या पर श्रद्धालुओ ने लगाई आस्था की डुबकी, ठंड और घने कोहरे के बीच उमड़ा आस्था का जनसैलाब



ततरोई। नैमिषारण्य पौराणिक तीर्थ नगरी नैमिषारण्य मे शुक्रवार को पौष माह की अमावस्या पर अस्था का जनसैलाब उमड पड़ा कडाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद हजारो श्रद्धालुओ ने पवित्र चक्रतीर्थ और अदि गगां गोमती नदी मे आस्था की डुबकी लगाई अमवस्या तिथि सुबह 4:59 बजे शुरु होते ही स्नान का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालुओ ने पुरोहित को दान दक्षिणा अर्पित की उन्होनो पितरों के मोक्ष के लिए तर्पण और पिण्डदान जैसे धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न किए स्नान दान के पश्चात भक्तो ने मां ललिता देवी मंदिर मे मत्था टेका और परिवार की सुख समद्धि की कामना की इसके अतिरिक्त हनुमान गढी सूतगद्दी व्यास गद्दी काली पीठ बालाजी मंदिर और देवदेवश्वर महादेव सहित विभिन्न मठो व मंदिरो मे भी दर्शन पूजन कर आशिर्वाद लिया गया सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा नैमिष थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा के नेतृत्व मे कई थानो की पुलिस फोर्स ने मेले की कमान सभाली चप्पे चप्पे पर सतर्कता बरती गई जिससे कड़ाके की ठंड के बीच भी सभी व्यवस्थाएं सुचारु रुप से संचालित होती रही

## प्रशासन की सख़्ती के बावजूद ओवरलोड वाहनों का धड़ल्ले से हो रहा संचालन

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर में प्रशासन की शक्ति के बावजूद ओवरलोड वाहनों का संचालन बेधड़क हो रहा है। चाहे वह माल वाहक हो या फिर सवारी गाड़ी या फिर गन्ना भरा ओवरलोड ट्रक आए दिन हादसे का पर्याय बनते हैं। इसके बाद भी नगर में ओवरलोडिंग पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है ।डग्गामार वाहन जहां दिन भर सड़कों पर क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग का सड़कों पर आवागमन करते देखे जा रहे हैं ।यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस से लेकर परिवहन विभाग तक की ओर से सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है ।विभाग की टीम समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलने व क्षमता से अधिक भार लेकर ना चलने की हिदायत देते हैं ।लेकिन जिस तरह से ओवरलोडिंग कर लहरपुर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। उससे साफ पता चलता है। कि विभाग पूरी तरह से सक्रिय नहीं है नियम है। कि कोई भी भरवाहक वाहन में क्षमता से अधिक भार नहीं लाद सकता है । वाहन ढाले के बराबर ही मानक अनुरूप माल लादा जाए लेकिन यह नियम इस जिले में धराशाई है। वही मिट्टी भरी ओवरलोड ट्रालियां बिना तिरपाल लगाकर फर्राटा भरते हैं। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है तीन से चार फीट ऊंचाई तक माल भरते हैं और सरेआम सड़कों पर फर्राटा भरते हैं हर प्रमुख मार्ग पर पुलिस थाने व पुलिस चौकी मौजूद है ।अन्य चौराहे पर भी पुलिसकर्मी मुस्तैद रहते हैं ।इसके बावजूद भी ओवर लोड कर यह वाहन धड़ल्ले से सड़कों पर आवा गमन करते हैं ।और इन पर कोई रोक नहीं लगाई जाती है। ढाले से ऊपर लदने के बाद कभी भी वाहन के असंतुलित होने की संभावना बनी रहती है। इससे बड़ा हादसा भी हो सकता है ।जिसकी चपेट में खुद वाहन चालक व अन्य लोग आ सकते हैं। इन सबके बावजूद भी ना तो पुलिस और ना ही परिवहन विभाग इस पर अंकुश लगा पा रहा है ।अब देखना यह है ।कि इन ओवरलोड वाहनों पर प्रशासन की क्या कार्रवाई रहती है।

# लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2) कबड्डी के खिलाड़ियों मे दिखा जोश व उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव सीजन 2 मे कबड्डी के खिलाडियों मे अलग ही जोश व उत्साह देखने को मिला और तदोपरांत कबड्डी मे विजयी भी प्राप्त की तथा विजयी टीम को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

शहर के प्रतिष्ठित विलोबी मैदान में नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजनऽ2) के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताएँ उत्साह और रोमांच के साथ सम्पन्न हुईं।खेल महोत्सव मे कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बचपन चाइल्ड क्लब की तरफ से आयोजित किया गया।जिसमे चीफ गेस्ट के रुप मे विश्व दीपक त्रिपाठी ( न्यू बोर्न बाल रोग विशेषज्ञ) केयर हेल्थ हॉस्पिटल राजापुर लखीमपुर शामिल हुए। कबड्डी प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबलों मे डॉक्टर राधेश्याम (कैप्टन) पुत्र मुनीजर लाल को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना ( स्वच्छ सर्वेक्षण 2025) के अंतर्गत आयोजित खेल महोत्सव मे कबड्डी प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया तदोपरांत इन्हे प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता मे बचपन चाइल्ड क्लब मे टीम कैप्टन डॉक्टर राधेश्याम वर्मा,ओमकार गुप्ता,राम जी,आकाश मौर्य, विशाल जायसवाल,विनोद कश्यप,आदर्श कुमार,मोहित सिंह चौहान,मोहम्मद समीर, सद्दाम खान, अजय कुमार अमृतपाल ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव,सदर विधायक योगेश वर्मा, जिला प्रचारक अविनाश जी, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, खेल महोत्सव संयोजक आशीष मौजूद रहे।

# घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी रसूलपुर की डामर रोड, जांच की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में सोहन के घर से राधे कृष्ण के खेत तक बनाई गई डामर सड़क निर्माण के कुछ ही दिनों में अपनी गुणवत्ता खो बैठी है। सड़क बने अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता है, लेकिन इसकी ऊपरी डामर परत जगह-जगह से उखड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हल्की रगड़ या पैरों से दबाव पड़ते ही बजरी पूरी तरह छूटकर अलग हो रही है, जिससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण में गंभीर स्तर की अनियमितताएं बरती गई हैं।

इस मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि सड़क की सतह पर डामर और बजरी के बीच कोई मजबूत बंधन नहीं है। बजरी पैरों से रगड़ते ही अलग हो जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क की यह हालत अभी से है तो आने वाले दिनों में भारी वाहनों और बारिश के दौरान सड़क का पूरी तरह क्षतिग्रस्त होना तय है।*निर्माण में कई गंभीर अनियमितताओं की आशंका*स्थानीय लोगों और जानकारों के अनुसार सड़क निर्माण में कई स्तर पर अनियमितताएं बरती गई हैं। सबसे बड़ी अनियमितता निर्धारित मानक से कम मोटाई में डामर बिछाने की बताई जा रही है। इसके साथ ही घटिया ग्रेड के बिटुमिन के इस्तेमाल की भी आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि डामर और बजरी के बीच आवश्यक बाइंडर की मात्रा कम रखी गई, जिससे दोनों का आपसी बंधन कमजोर रह गया।इसके अलावा सड़क के बेस और सब-बेस की तैयारी भी मानकों के अनुरूप नहीं की गई। बिना उचित कम्पैक्शन और सफाई के सीधे डामर लेपन कर दिया गया, जिससे सड़क की पकड़ शुरू से ही कमजोर रही। निर्माण के दौरान तापमान मानकों का पालन न किए जाने और रोलर से सही ढंग से कम्पैक्शन न करने की बात भी सामने आ रही है।*गुणवत्ता जांच और निगरानी पर उठे सवाल*ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान न तो किसी प्रकार की लैब टेस्टिंग कराई गई और न ही साइट टेस्ट हुए। कार्य के समय संबंधित जेई और एई की निगरानी भी नाममात्र की रही। ठेकेदार ने तय मानकों की अनदेखी करते हुए जल्दबाजी में काम पूरा कर दिया, जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। मामले की वास्तविक स्थिति और विभागीय पक्ष जानने के लिए जब संबंधित जेई प्रमोद वर्मा से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो जेई द्वारा फोन उठाना भी उचित नहीं समझा गया। इससे विभागीय जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

# डीएम की अध्यक्षता में विकासखंड सम्भल के प्राथमिक विद्यालय घुंघावली में आयोजित हुआ ग्राम चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन किया गया**

**ग्राम चौपाल के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों की गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटलाइजेशन,मैपिंग, एएसडी सूची आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की**

सम्भल, बहजोई। विकासखंड सम्भल के प्राथमिक विद्यालय घुंघावली में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत जिलाधिकारी? द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटलाइजेशन,मैपिंग, एएसडी सूची आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत आज से प्रारम्भ हो रहे सुशासन सप्ताह (19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक) के विषय में ग्रामीण लोगों को जागरूक किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुशासन सप्ताह आज से प्रारम्भ होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस तक चलेगा। उन्होंने बताया कि आज का दिन जनता और प्रशासन के बीच दूरियां मिटाने, संवाद कायम करने और दोनों के बीच जो समस्याएं हैं उनका स्थानीय स्तर पर समाधान करने का दिन है। इसकी थीम है प्रशासन गाँव की ओर। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल के माध्यम से भी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। नागरिकों को समस्या के समाधान के लिए भटकना न पडे अपितु प्रशासन स्वयं आगे बढकर पहुंचे यह मुख्य उद्देश्य प्रशासन गाँव की ओर और सुशासन सप्ताह का है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति निवास आदि के आवेदनों का तत्काल समाधान होगा, विशेष शिविर लगाये जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तरीय रवि गोष्ठी एवं किसान पाठशाला का भी आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि कृषि के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि से संबंधित जो तकनीकी जानकारी प्रदान की जाती है उन पर किसान भाईयो को अमल करना चाहिए तथा 23 दिसम्बर को बहजोई के डीआर रिसोर्ट में किसान सम्मान दिवस मनाया जाएगा वहाँ भी पहुँच कर कृषि से संबंधित दी जाने वाली जानकारियों का लाभ उठाएं। पाला से बचाव के लिए सिंचाई करें तथा फार्मर रजिस्ट्री सभी किसान कराएं । ग्राम में साफ़ सफाई ना मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा ग्राम प्रधान नासिर खान एवं ग्राम सचिव जसवंत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा जल जीवन मिशन की चहारदीवारी को हटाते हुए विद्यालय के बच्चों के लिए रास्ता तैयार कराने एवं बच्चों के लिए खेल के मैदान से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए ताकि विद्यालय के बच्चे वहां खेल सकें। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लखपति दीदियों की संख्या बढाने को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप निदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल तथा खण्ड विकास अधिकारी सम्भल प्रेमपाल सिंह एवं तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं नायब तहसीलदार सम्भल दीपक जुरैल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन डॉ. देवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों में अनुशासन, एकरूपता और कार्यकुशलता का आकलन किया गया।

परेड के बाद उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से परेड ग्राउंड में दौड़ लगवाई गई। इसके साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक किया गया और संपूर्ण ड्रिल की कार्यवाही कराई गई। इस दौरान शस्त्रों के संचालन, रख-रखाव और सुरक्षा मानकों को लेकर भी अभ्यास कराया गया। इसके बाद एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गार्डरूम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केंद्रीय पुलिस कैंटीन, पुस्तकालय, गैस एजेंसी, आरओ प्लांट, पुलिस कंट्रोल रूम, क्रिप्टो सेंटर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉडर्न स्कूल बदायूं, आटा-मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक एवं निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण को दृष्टिगत रखते हुए रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, प्रशिक्षण स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय एवं शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ व सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में उमड़ा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में सैकड़ों पूर्व सैनिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल (अ.प्रा.) संदीप सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

समारोह के दौरान देश की सेवा कर चुके पूर्व शहीद सैनिकों, वीर नारियों एवं वीर माताओं (कुल 17) को शॉल ओढ़ाकर एवं ?2000 की धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी के राष्ट्र एवं समाज के प्रति योगदान की सराहना की गई।कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की महत्ता को और बढ़ाया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के साहस, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशालय, लखनऊ के निदेशक अतुल कुमार (अ.प्रा.) ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सैनिक कल्याण विभाग को स्वयं अपने अधीन रखे जाने से यह स्पष्ट होता है कि उनके हृदय में शहीदों, सेवारत सैनिकों एवं उनके आश्रितों के प्रति अपार श्रद्धा और सम्मान का भाव है। उन्होंने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों, शहीदों व सेवारत जवानों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। विशिष्ट अतिथि नगर मजिस्ट्रेट ने उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं वीर माताओं को शत-शत नमन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने चाहिए, जिनसे आम युवाओं में भी सैनिकों जैसा अनुशासन विकसित हो सके और एक अनुशासनप्रिय समाज का निर्माण हो। समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों ने आपसी संवाद के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और पुराने दिनों की स्मृतियों को ताजा किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को एक मंच पर सम्मान देना, उनकी समस्याओं को सुनना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। समारोह के सफल आयोजन पर उपस्थित पूर्व सैनिकों ने जिला प्रशासन एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## डीएम की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर) की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत नियमानुसार बीएलओ, सुपरवाइजर्स, सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपना कार्य करे**

संभल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर) के कार्य के विषय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत नियमानुसार बीएलओ, सुपरवाइजर्स, सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपना कार्य करेंद्य उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विधानसभाओं में एसआईआर कार्य धीमी गति से हो रहा है वहां तेजी लाने हेतु सकारात्मक कार्य किये जाएं, जिससे सभी विधानसभाओं में समयांतराल में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 का कार्य संपन्न हो सके, इसके साथ ही डाटा मैपिंग करते समय या उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजते हुए प्रत्येक बिंदु का पुनरावलोकन किया जाएं, जिससे कि रिपोर्ट में त्रुटि न रहे। कार्य करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीएलओ का सहयोग किया जाएं। निर्वाचन कार्य में अशुद्धियां ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। डिजिटलाइजेशन के विषय में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जिलाधिकारी ने कहा कि अपात्र मतदाता किसी भी दशा में सूची में ना रहे और पात्र मतदाता किसी भी दशा में सूची से ना छूटे। शिफ्टेड मतदाताओं का विशेष ध्यान रखा जाए मतदाता सूची में शिफ्टेड मतदाता का नाम ना हो उसकी प्रत्येक दशा में देख लें जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारियों को कार्य होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप पर अपना एक प्रमाण पत्र भी देना होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए संभल ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेम पोर्टल प्रशिक्षण का सफलता पूर्वक आयोजन

संभल । कलेक्ट्रेट सभागार जिला संभल में जेम पोर्टल प्रशिक्षण का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य बिंदु क्रेता की भूमिका, विक्रेता की भूमिका, उद्बद डालने के तरीके जैसे कि डायरेक्ट उद्बद, ख्र1, उद्बद / टइ, उग्ङ आईडी, जेम पोर्टल द्वारा भुगतान का तरीका, इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से जेम सेल लखनऊ से आए हुए अमन जी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जनपद के समस्त विभाग अध्यक्षों और जेम ऑपरेटर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, इस प्रशिक्षण में उपायुक्त उद्योग , ट्क्ख्र, क्क्ख्र इत्यादि ने भी प्रतिभाग किया।।

### विकास खण्ड गुन्नौर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

संभल। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास श्री अधिकारी कमलकान्त सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड गुन्नौर सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जीनम द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से अंकित, स्वास्थ्य विभाग से आशीष कुमार गुप्ता, पुलिस विभाग से नन्हेलाल एस.आई, बाल कल्याण समिति से सुयोग्य कुमार, सुमित चौहान, नेमसिंह, याजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा

संभल। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जिला उद्योग से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक की गई जिसमें बैंक ऑफ़ बरोदा ,पंजाब नेशनल बैंक और उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मौजूद थे जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना सी एम युवा में शाखा स्तर पर लंबित पत्रावलियों को जल्द से जल्द वितरित करने पत्रावलियों को कम से कम रिजेक्ट करने और जनपद के अधिक से अधिक युवाओं को उधमशील बनाने में शाखा प्रबंधक को सहयोग करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में शाखा प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई करने सरकार द्वारा चलाई जा रही वेलफ़ेयर योजनाओं में सहयोग न करने के लिए भविष्य में उचित कार्यवाही करने की चेतावनी दी, इसके साथ मीटिंग में सभी शाखा प्रबंधकों को अनिवार्य रूप से समस्त सूचनाओं सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए

## चोरी की मोटरसाइकिल समेत 02 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी रमेश चन्द्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला ककरा से किसी अज्ञात ने उसकी काले रंग बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और अभियुक्तों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डेम रोड पर पोस्टमार्टम तिराहे से चोरी की मोटरसाइकिल समेत 02 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी मोहम्मद इकबाल उर्फ लल्ला पुत्र अबुल हसन और शबाब पुत्र मोहम्मद फैयाज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र राणा, सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल सत्यप्रकाश, कांस्टेबल रोहित, विष्णु और हर्ष बेरवाल मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा सुरक्षार्थ क्षत्रिय महासभा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आक्रोशित क्षत्रिय महासभा बदायूं के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर अतिक्रमण हटाने तथा प्रतिमा की सुरक्षा के लिए स्थाई उपाय किए जाने की मांग को लेकर विरोध**

बदायूँ। महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण और भारी वाहनों के आवागमन के कारण बार बार महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल के क्षति ग्रस्त होने पर आक्रोशित क्षत्रिय महासभा बदायूं के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर अतिक्रमण हटाने तथा प्रतिमा की सुरक्षा के लिए स्थाई उपाय किए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। मांग पूर्ण न होने पर १९ जनवरी से आंदोलन की चेतावनी दी गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट , क्षत्रिय महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिंह, मंडलीय संगठन मंत्री विजय पाल सिंह भदौरिया , जिला अध्यक्ष राकेश सिंह , जिला महासचिव रतन वीर सिंह तोमर, संरक्षक क्षत्रिय सैनिक सभा विजयरतन सिंह फौजी , राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू भैया जी , राजेश कुमार सिंह उर्फ झंडू भैया , शनि चौहान , शुभम सोलंकी , अभिषेक पुंढीर, अनिल सिंह , हेम सिंह , सुरेश सिंह , सौरभ सिंह ,सोवित तोमर आदि की सहभागिता रही।

### चोरी की मोटरसाइकिल समेत 02 गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी रमेश चन्द्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला ककरा से किसी अज्ञात ने उसकी काले रंग बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और अभियुक्तों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डेम रोड पर पोस्टमार्टम तिराहे से चोरी की मोटरसाइकिल समेत 02 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी मोहम्मद इकबाल उर्फ लल्ला पुत्र अबुल हसन और शबाब पुत्र मोहम्मद फैयाज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र राणा, सुशील कुमार, हेड कंास्टेबल सत्यप्रकाश, कांस्टेबल रोहित, विष्णु और हर्ष बेरवाल मौजूद रहे।

### कोल्डस्टोरेज एसोसिएशन के सचिव का निधन

बदायूँ। उझानी नगर के पंजाबी कालोनी निवासी समाजसेवी नेबराज छाबड़ा के भाई एवं कोल्डस्टोरेज एसोसिएशन के सचिव हरिप्रकाश छाबड़ा 70 का बीती रात निधन हो गया। हंसमुख मिलनसार हरि प्रकाश के निधन का समाचार सुनते ही सुबह से ही उनके निवास पर शोक श्रद्धांजलि देने वालो का तांता लगा हुआ है। उनके पुत्र साहिल छाबड़ा ने बताया कि पापा कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हरि प्रकाश के भतीजे मुकेश छाबड़ा, रोबिन छाबड़ा ने बताया कि चाचा का अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे कछला गंगा घाट पर किया जाएगा। उनकी शवयात्रा दोपहर 11.30 पर कछला को प्रस्थान करेगी।

### नाले में पलटा ई-रिक्शा, महिला गंभीर रूप से घायल

बदायूँ। सहसवान क्षेत्र केसैफुल्लागंज राजमार्ग पर चल रहे नाला निर्माण कार्य की लापरवाही के चलते शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसकी गोद में बैठा मासूम बच्चा नाले में गिर गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, सैफुल्लागंज राजमार्ग पर काफी लंबे समय से नाला निर्माण कार्य चल रहा है, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। शुक्रवार को ई-रिक्शा चालक सवारियों को लेकर जा रहा था, तभी सड़क टूटी होने के कारण ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने नाले में उतरकर महिला और उसके मासूम बच्चे को बाहर निकाला। महिला को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने प्रशासन से नाला निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### गंगापुर कूटी स्थित बाबा श्री घिसियावन दास महाराज की पावन तपस्थली पर श्रीमद् भागवत का आयोजन

रायबरेली। क्षेत्र के गंगापुर कूटी स्थित बाबा श्री घिसियावन दास महाराज की पावन तपस्थली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने राजा परीक्षित के जन्म व ब्रह्मा जी की उत्पत्ति व बराह अवतार की कथा सुनाई। कथावाचक पंडित वेद प्रकाश दीक्षित ने अपनी कथा में सुनाया कि युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाना चाहा। परन्तु ब्रह्मास्त्र पांडवों की तरफ ना चलाकर अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ की ओर मोड़ दिया ,तो भगवान श्री कृष्ण ने अपने सुदर्शन चक्र से उत्तरा के गर्भ की रक्षा की। समय आने पर अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित जब बड़े हुए नाती पोतों से भरा पूरा परिवार था। सुख वैभव से समृद्ध राज्य था। वह जब 60 वर्ष के थे। एक दिन वह शमीक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन तप में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को शमीक मुनि के गले में डाल कर चले गए।

## डीएम ने शहीदों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण, मजार पर की चादरपोशी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र के साथ आज बलिदान दिवस पर काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। साथ ही शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान डीएम ने कहा कि ऐसे अमर बलदानियों को सदैव नमन करना चाहिए, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को शत-शत नमन है।जिलाधिकारी ने टाउनहॉल स्थित नगर निगम परिसर और शहीद उद्यान मे पहुंचकर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैठकों में स्वयं प्रतिभाग करें महिला पदाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बताया कि निर्वाचित महिला पदाधिकारियों द्वारा स्वयं पंचायतों की बैठकों में प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन के संज्ञान में आया है कि निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के स्थान पर उनके पति अथवा अन्य सम्बंधियों व प्रतिनिधियों द्वारा पंचायतों की बैठकों में न केवल भाग लिया जा रहा है

बैठकों की अध्यक्षता कर कार्यों का सम्पादन किया जा रहा है। इस सम्बंध में जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत के समस्त प्रमुख व समस्त प्रधानों को पत्र भी भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद व मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में गठित एडवाइजरी कमेटी द्वारा भी वर्तमान विहित प्राविधानों के अनुसार पंचायत प्रतिनिधियों के पदेन दायित्वों की जानकारी महिला प्रधानों को प्रदान किए जाने एवं प्रतिनिधियों द्वारा ही कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित किए जाने की व्यवस्था बनाए जाने की अनुशंसा की गयी है। उन्होंने बताया कि महिला निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ उनके संबंधी व प्रतिनिधि कार्यालय में प्रवेश नहीं करेंगे न ही उनसे सम्बन्धित बैठकों में भाग नहीं लेंगे। जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा ग्रामसभा व ग्राम पंचायत की बैठक से पर्याप्त समय पूर्व संबंधित पंचायत सचिव (अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी) के द्वारा क्रमशः जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को बैठक की एजेण्डा निर्गत कर लिखित सूचना दी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत की बैठक के संदर्भ में किसी अपर जिला अधिकारी तथा क्षेत्र पंचायत बैठक के संदर्भ में किसी उप जिलाधिकारी को पर्यवेक्षक नामित किया जाएगा, जो आगे दिये गये प्रस्तावों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक के अनुसार कार्यवाही जिला पंचायत राज अधिकारी की सहमति से खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की बैठकों में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में जिला पंचायत अध्यक्ष अथवा सदस्य के अतिरिक्त कोई भी अन्य सदस्य भाग नहीं लेगा व किसी भी निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के पति अथवा संबंधी द्वारा उक्त बैठक में भाग नहीं लिया जा सकेगा। प्रत्येक स्तर बैठको की कार्यवाही वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी के साथ आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, व्हाट्सअप समूह, अधिकृत पंचायत संघों में महिला पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता लेते हुए अनुश्रवण की व्यवस्था बनायी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा पंचायत के भ्रमण पर निर्वाचित महिला अध्यक्ष/प्रमुख/प्रधान द्वारा प्रस्तुतीकरण न कर उनके पुरुष संबंधियों द्वारा निरीक्षण कराये जाते हैं। निरीक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत पदाधिकारियों से वार्ता के संदर्भ में वह केवल निर्वाचित महिला पदाधिकारियों को ही संज्ञान में लें।

# जिलाधिकारी ने शहर के विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गुरुवार की देर रात्रि गोंडा नगर पालिका परिषद के अ धिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिका रियों और झंझरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के सा थ शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों का स्थलीय निरी क्षण किया। यह निरीक्षण चौक बाजार से गुड्डू मल चौराहा होते हुए गुरु नानक चौराहा तक किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद गोंडा के द्वारा कराए गए सौन्दर्यीकरण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। गुड्डू मल चौराहा से गुरु नानक चौराहा तक किए गए कार्यों में स ड़क,फुटपाथ,प्रकाश व्यवस्था,पेंटिंग, डिवाइडर एवं अन्य शहरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किए गए विकास कार्य शामिल हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौन्दर्यीकरण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शहर की सुंदरता और नागरिकों की सुविधा प्रशासन की प्राथमि कता है,इसके लिए सभी विभाग आपसी सम न्वय से कार्य करें।निरीक्षण के दौरान साफ-स फाई,अतिक्रमण,प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिला धिकारी ने आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।देर रात्रि तक चले इस निरीक्षण से शहर के विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद है।

# उप गन्ना आयुक्त ने वाहनों पर लगवाए रिफ्लेक्टर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व कोहरे को देखते हुए दुर्घटनाओं से बचाव एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल में उप गन्ना आयुक्त डॉ. आर.बी. राम ने चीनी मिल के यूनिट हेड पी.एन. सिंह व महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के.सिंह के साथ केन यॉ र्ड में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों,ट्राला और ट्रकों में रेडियम/रिफ्लेक्टर लगवाए।साथ ही गन्ना किसानों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल भी वितरित किया।

इससे पूर्व उप गन्ना आयुक्त ने चीनी मिल गेट पर स्थापित तौल कांटों की गहनता से जांच पड़ताल किया। उन्होंने कांटों पर मानक बांट रखवाकर तौल कांटों की शुद्धता परखी। साथ ही ठंड से बचाव हेतु चीनी मिल प्रबंधन द्वारा विभिन्न स्थानों पर जलवाए जा रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वहां उपस्थित




किसानों से भी संवाद स्थापित किया। उन्होंने चीनी मिल प्रबंधन को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें।चीनी मिल के यूनिट हेड पी.एन. सिंह ने बताया कि चीनी प्रबंधन द्वारा गन्ना ढुलाई में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्राला तथा ट्रकों पर निरंतर रेडियम/रिफ्लेक्टर लगवाया जा रहा है। साथ ही चीनी मिल गेट पर आने वाले गन्ना किसानों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। रात्रि के समय किसानों को अपने वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यूनिट हेड ने कहा कि सावधानी ही दुर्घटनाओं से बचाव है। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुशील शुक्ला, डीजीएम केन प्रदीप पंवार, गन्ना प्रबंधक शशिकांत दूबे, सहायक गन्ना प्रबंधक सुनील पाठक, सुरक्षा प्रबंधक के.एम. त्रिपाठी, सुरक्षा सुपरवाइजर नंदलाल तिवारी आदि मौजूद रहे।

# देर रात्रि अलाव स्थलों व रैन बसेरे का एसडीएम नानपारा ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से रैन बसेरे की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा अलाव की व्यवस्था का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने गुरूवार को देर रात्रि नगर पालिका परिषद नानपारा में बने रैन बसेरे व नगर क्षेत्रातर्गत जल रहे लगभग सभी अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे की व्यवस्था



संतोषजनक पायी गयी तथा चिन्हित स्थानों पर अलाव जलते हुए पाये गये।

एसडीएम ने ई.ओ. व तहसीलदार नानपारा को निर्देश दिया कि प्रतिदिन समय से अलाव जलवाये जाये तथा किसी भी व्यक्ति को ठंड में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए भी सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। एसडीएम ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नानपारा को निर्देशित किया है कि वह अपने स्तर से एक चिकित्सक की ड्यूटी लगा दें जो प्रतिदिन रैन बसेरे में ठहरने वालों का स्वास्थ्य परीक्षण करके आवश्यक चिकित्सा भी उपलब्ध कराए। अलाव के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आमजन से फीड बैक भी प्राप्त किया। सभी द्वारा जिला व तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

# केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के गृह क्षेत्र की जनता अंधेरे में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । मनकापुर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत वि भाग की घोर उदासीनता एक बार फिर उजागर हो गई है।जिससे बीते करीब तीन दिनों से हजा रों ग्रामीण उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बा धित रही है,लेकिन आपूर्ति को लेकर आश्चर्य जनक तब हुआ जब मुख्य रूप से चीफ इंजी नियर से लेकर एक्सईएन तक मौन साधे हुए हैं।योगी सरकार द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति को प्राथमिकता दिए जाने के बावजूद मनका पुर में बिजली विभाग की कार्यशैली सरकार की मंशा पर सीधा पानी फ़ेरती नजर आ रही है।ठंड के इस मौसम में भी ग्रामीण उपभोक्ता अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर हैं।जिससे बच्चों की पढ़ाई से लेकर खेतों की सिंचाई रोज गार सब ठप हो गया। इसमें भी विशेष हैरानी की बात यह है कि गोंडा सांसद केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया का गृह क्षेत्र है उसके




बावजूद यहां के जिम्मेदार अफसर के कानों तक जू नहीं रेंग रही है और फोन उठाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं यदि उठाते भी हैं तो माकूल जवाब नहीं दे रहे हैं। जिससे यहां के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही औ र गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण आए दिन फॉल्ट,जले ट्रांसफार्मर और टूटे तार समय पर नहीं बदले जाते और तो और फ्यूज जोड़ने के लिए यहां पर ग्रामीणों को काफी जद्दू जिहाद करना पड़ता है तब जाकर सेवा उपलब्ध होती है।वहीं आपात स्थिति में भी कर्मचारियों का फोन नहीं उठता,जिससे जनता में भारी आक्रो श व्याप्त है।ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और दोषी अफसरों को तत्काल हटाया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए स्थायी स माधान और जवाबदेही तय की जाए। इसी क्रम में 17 दिसंबर से 19 दिसंबर की दोपहर तक लगातार मनकापुर ग्रामीण फीडर की सप्लाई रह कर बाधित रही जिससे झिलाही बाजार ,विद्यानगर धुस्वा,ज्ञानीपुर, खैहारी, चांदपुर, बनकसीया, साहूगांव, चैनपुरा समेत दर्जनों गांव के उपभोक्ता प्रभावित रहे और जब इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एक्सचियन मनकापुर को फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे मालूम नहीं है बिजली घर से पता लगाइए। इसके बाद मंडलीय विद्युत अभियंता को लगातार कई बार फोन गया लेकिन रिसीव न होने से उनका पक्ष नहीं जाना जा सका वही जिम्मेदार के ऐसे जवाबों से योगी सरकार की मंशा पर स्पष्ट पानी फिर रहा है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने गरीब, असहायों एवं जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल



गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। मण्डल मुख्यालय पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारिओ ने नगर में कंब ल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, इस मौके पर लोगों को जहां ठंड के मौसम में बचाव के प्रति सचेत किया गया,वहीं गरीबों,असहायों, निराश्रितों एवं अन्य जरूरतमंदों बस स्टॉप, गुरु नानक चौराहा, रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर चौराहा आदि स्थानों पर कंबल व लंच पैकट का वितर ण किया गया।जिससे ठंड के मौसम में वे लोग खुद का बचाव कर सकें।कार्यक्रम में आगे भी इस प्रकार के आयोजन करने और दूसरे लोगों से भी इस तरह की सहायता हेतु आगे आने के लिए आह्वान किया गया।कार्यक्रम दौरान सैक ड़ो जरूरतमंद लोगों को कंबल और लंच पैकेट दिया गया।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि गरीबों की सेवा पुनीत कार्य है। हमारे संगठन द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। आगे इस तरह का कार्यक्रम जनपद में आयोजित किया जाएगा। संगठन हर साल इस प्रकार के आयोजन कर रहा हैं।जिससे ठंड के मौसम में गरीबों को कुछ हद तक बचाया जा सके।ऐसे गरीब जिनके पा स गर्म कपड़े नहीं हैं,उनके लिए ठंड का मौसम आफत बन जाता है।कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, मण्डलध्यक्ष अनिल दूबे,एच.पी.श्रीवास्तव,महामंत्री अशोक पाठक, शैलेंद्र अवस्थी,प्रदीप तिवारी (बुलेट ) देवीदीन अवस्थी, विनय मिश्रा,मेडिसिन हॉस्पिटल के प्रबंधक विपिन सिंह,समाचार पत्र विक्रेता, शिव कुमार मौर्य,आदि संगठन के दर्जनों लोगों की मौजूदगी रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह दिसम्बर के तृतीय शनिवार 20 दिसम्बर 2025 को तहसील सदर में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 23 दिसम्बर को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 23 दिसम्बर 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में अपरान्ह 04:30 बजे से उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## एक लाइनमैन के भरोसे चार सौ गांव

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।हालात यह हैं कि करीब चार सौ गांवों की बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी महज एक लाइनमैन के भरोसे है। ऐसे में जरा सा फाल्ट होने पर भी ग्रामीणों को पूरे दिन अंधेरे में रहना पड़ता है। बिजली गुल होने के बाद विभाग को बार बार फोन करने पर भी समय से आपूर्ति बहाल नही हो पाती।बिजली संकट का सबसे ज्यादा असर इस समय विद्यार्थियों और किसानों पर पड़ रहा है। बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक हैं लेकिन रात में बिजली न होने से छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कई गांवों में बच्चों को लालटेन और मोबाइल की रोशनी में पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर किसानों की फसल की सिंचाई पूरी तरह बिजली पर निर्भर है। समय पर बिजली न मिलने से खेत सूख रहे हैं और किसान चिंतित हैं।ग्रामीणों का कहना है कि स्टाफ की भारी कमी के बावजूद विभाग कोई ठोस कदम नही उठा रहा है। एक ही लाइनमैन सैकड़ों गांवों में कैसे समय पर पहुंच पायेगा ? उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग और जिला प्रशासन से अतिरिक्त लाइनमैन व तकनीकी कर्मचारियों की तैनाती करने की मांग की है ताकि परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और किसानों को राहत मिल सके तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार हो।

## जेहटा उसरहा के पूर्व ग्राम प्रधान के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा के पूर्व ग्राम प्रधान मेराज अहमद का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया है।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही अन्य तमाम सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा के पूर्व ग्राम प्रधान मेराज अहमद उर्फ मुन्ना लम्बे अरसे से बीमारी से ग्रसित थे जिनका लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरुवार की देर रात उनका निधन हो गया इसकी खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई शुक्रवार को गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया ।

# गोंडा मेडिकल कालेज के इमरजेंसी में इलाज नहीं,यहां हायर सेंटर रेफर किए जाते हैं मरीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । बाबू ईश्वर शरण जिला अस्पताल को अब मेडिकल कॉलेज का दर्ज़ा मिल चुका है। यहां पर आए हुए मरीज को चौबीस घंटे इलाज की सुविधा है।लेकिन यहां पर इमरजेंसी में बैठे फा र्मासिस्ट मरीज को इलाज व भर्ती के बजाय उ न्हें हायर सेंटर रेफर करते हैं। मरीजों को दवाएं भी काफी हद तक मिल जाती हैं। फिर भी कुछ डाक्टर बाहर की महंगी दवाएं लिखने से गुरेज नहीं करते हैं, इससे गरीब मरीजों को काफी दि क्कतों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल में आए तीमारदारों ने बताया कि इमरजेंसी में बैठे फार्मासिस्ट कहते हैं कि यहां पर बेड नहीं खा ली है यहां पर ऑक्सीजन खत्म हो गया है हम इनको रेफर कर देते हैं लखनऊ मेडिकल कॉले ज के लिए वहां पर आपको सारी सुविधाएं मि ल जाएगी मरता क्या नहीं करता तीमारदार ने मरीज का रेफर बनवा कर लखनऊ ले जाता है, वहीं कुछ तीमारदारों ने बताया कि बेड की स्थि ति तो सामान्य



रेफर किए जाते हैं मरीज

है।लेकिन बेड की चादरें और कं बल पर्याप्त और बेहतर नहीं होने से दिक्कतें आती हैं,इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर,फार्मासिस्ट और कर्मचारी लोगों से बदसलूकी भी करते हैं। वही जब इसकी शिकायत मेडिकल कॉलेज प्र शासन तक भी पहुंचती हैं।हर बार कॉलेज प्रशा सन मामले को रफा-दफा कर देता है। अस्पताल में समय से महिला चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो रहते हैं इससे लोगों को असुविधा भी होती है। यहां से किसी बड़े अस्पताल में पहुंचने के लिए 108 एंबुलेंस का ही सहारा लेना पड़ता है।लोग यहां की व्यवस्था और कर्मियों के व्यवहार से प रेशान हैं।अस्पताल की इमरजेंसी में बारह बेड की व्यवस्था है,जो अक्सर यहां आने वाले मरी जों के लिए नाकाफी होती है।इमरजेंसी मे प्रति दिन दो सौ से अधिक

**बाबू ईश्वर शरण अस्पताल की इमरजेंसी सेवाएं**

**काम चलाऊं ढर्रे पर हों रही संचालित**

मरीज आते हैं।इनमें कई की हालत बहुत अच्छी नहीं होती है अस्पताल आए मरीजों से व्यवस्थाओं के बारे में बात कर ने पर बताया कि कई साल से मरीजों का अल्ट्रा साउंड, सीटी स्कैन नहीं हो पाता है।चिकित्सक बाहर से जांच कराने को बोलते हैं और महंगी दवाइयां लिखते हैं।इमरजेंसी कक्ष में भर्ती मरी जों को ठंड से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं।गंभीर अवस्था में आए मरीजों के लिए स्ट्रेचर व व्हील चेयर संचालक नहीं होने से तीमारदार खु द स्ट्रेचर धकेलते हैं।अस्पताल के शौचालय की गंदगी से हर कोई परेशान नजर आ रहा है। वैसे तो डॉक्टरों की तैनाती इमरजेंसी में चौबीस घंटे रहती है।शिफ्ट के अनुसार इनकी ड्यूटी लगाई जाती है। लेकिन रात में कई बार डॉक्टर स्टाफ के भरोसे गायब रहते हैं।लोगों ने कहा कि आए दिन यहां के तैनात कुछ डॉक्टर खुलेआम बाहर की दवा लिखकर अपनी जेबें गर्म कर रहे हैं। उ न पर कोई कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलं द रहते है।जिससे मरीजों के साथ उनके परिज नों का शोषण होता है।इस पर लगाम लगनी चा हिए।लोग कहते हैं कि सबसे बड़ी बात यह कि सीसीटीवी लगा होने के बावजूद यह खेल चल ता रहता है।इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार लगातार अस्पताल में हर वह सुविधा मुहैया करवा रही है जो प्राइवेट में होती है,लेकिन यहां तैनात डॉक्टर बाहर की दवा व कर्मचारी वसूली कर सरकार की सेवा ओं को बट्टा लगा रहे हैं।लोगों ने कहा कि अक्स र जिनका एक्सीडेंट हो जाता है और इमरजेंसी के वार्ड ब्वाय द्वारा पट्टी तो बांध दी जाती है ले किन वह खुलेआम खर्चा मांगता है।इसके साथ ही एक पर्ची भी थमा दी जाती है कि यह इंजे क्शन अस्पताल में नहीं है लेकर आना होगा। जिनकी कीमत गरीब मरीजों को झेलनी पड़ती है।ब्रेन हेमरेज और हृदयाघात के इलाज भगवा न भरोसे हैं अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं में ब्रेन हेमरेज और हृदयाघात जैसी गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है। इसके लिए तो यहां प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के मेडिकल कॉलेज, पीजीआई या लोहिया इंस्टीट्यूट का सहारा ही तीमारदारों को लेना पड़ता है।कभी-कभी अगर मरीज को लाने में देर हो जाती है तो प्राथमिक उपचार के बाद ही भी दम तोड़ देता है।क्योंकि इस समस्या में समय का बहुत महत्व है यदि समय रहते उचित उपचार नहीं शुरू हुआ तो मरीज की जान भी जा सकती हैं। यहां फिलहाल ऐसे मरीजों की भर्ती और उनके पूरे इलाज के इंतजाम यहां नहीं हैं।इसलिए इस तरह के मरीजों के लिए यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको रेफर करना मजबूरी बन जाता है।अक्सर इलाज के अभाव में या लखनऊ ले जाते समय इन मरी जों की मौत तक हो जाती है।लेकिन व्यवस्था कोई सुधार नहीं हों रहा हैं।

# ` वीसीजी महिलाओं को दुग्ध उत्पादन की दी गई व्यावहारिक जानकारी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और दुग्ध उत्पादन को सशक्त आजीविका का माध्यम बनाने के उद्देश्य से नानपारा स्थित श्वेत धारा एमसीसी (मिल्क कलेक्शन सेंटर) पर वी.सी.जी महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं को दुग्ध उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा दूध की गुणवत्ता बनाए रखने, स्वच्छ दुग्ध संग्रह, पशुओं के संतुलित पोषण, समय पर दुहाई तथा दूध के सुरक्षित भंडारण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही श्वेत धारा प्लांट की कार्यप्रणाली, दूध संग्रह की पूरी प्रक्रिया, जांच व्यवस्था और इससे किसानों को होने वाले लाभों के बारे में भी महिलाओं को समझाया गया। बैठक के समापन पर महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक महिला को एक-एक स्टील डोलची का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला सुपरवाइजर लक्ष्मी देवी, बच्चन देवी, रंजीत कुमार, पीआईबी प्रतिनिधि विजेन्द्र यादव सहित अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने महिलाओं से दुग्ध उत्पादन को मजबूत आजीविका के रूप में अपनाने की अपील की।

# दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का एसएसबी ने किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षणों का शुभारम्भ कैलाश चंद रमोला, कमांडेंट 59वी वाहिनी के मार्गदर्शन में वाहिनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सशक्त बनाने हेतु दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया गया। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज बलईगांव में 40 युवक एवं युवतियों के लिए बेसिक कंप्यूटर कोर्स प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य डिजिटल साक्षरता बढ़ाना तथा युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ना है। द्वितीय कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज लौकाही में 15 युवकों के लिए इलेक्ट्रिशियन कोर्स का




शुभारम्भ किया गया, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी दक्षता प्राप्त कर स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगार हेतु कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। यह पहल न केवल युवाओं की आजीविका सुदृढ़ करने में सहायक होगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के सफल शुभारम्भ पर प्रशिक्षणार्थी युवक एवं युवतियों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा की गई इस जनकल्याणकारी पहल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन, जीतने वाले प्रतियोगियों को बीएसए ने मेडल ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय 41 वी जनपदीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। ललौरीखेड़ा ब्लॉक ने ओवर चैंपियन शिप जीती है।ओवरऑल चैंपियनशिप का कप जैसे ही ललौरीखेड़ा की टीम को मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने दिया तो खिलाड़ी खुशी से उछल पड़े। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में व्यक्ति का चैंपियनशिप पूरनपुर के रितेश कुमार ने जीती। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में मरौरी की सोनाक्षी ने जीती। जूनियर स्तर बालिका वर्ग में मरौरी की पायल, बालक वर्ग के में बरखेड़ा के पुष्पेंद्र ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर एवं बीएसए रोशनी सिंह ने मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। नगर मजिस्ट्रेट ने खिलाड़ियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा खेलों से स्कूली बच्चों में कंपटीशन की भावना पैदा होती है। खेल स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। खेलों से बच्चों में फिटनेस मेंटेन रहती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा की शिक्षक शिक्षिकाओं ने जो मेहनत की है उसका रिजल्ट आज सामने देखने को मिला है। जो बच्चे जीते हैं वह तो बधाई के पात्र हैं। साथ में जो बच्चे हारे हैं।उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है।अगली बार अच्छा परफॉर्मेंस करेंगे तो विजय निश्चित मिलेगी। 600 मी जूनियर बालिका वर्ग की दौड़ में पूरनपुर की रूबी प्रथम, बीसलपुर की रितिका द्वितीय, बीसलपुर की ही शशि तृतीय स्थान पर रही। चक फिल्म प्रतियोगिता में बीसलपुर की अनामिका प्रथम, मरौरी की प्रियंका द्वितीय, बरखेड़ा की महरीन स्थान पररही। समूह गान में







पीएम श्री कंपोजिट स्कूल खासपुर पूरनपुर प्रथम,बिलसंडा के हरया की टीम द्वितीय स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की चक्का फेंक प्रतियोगिता में ललौरीखेड़ा के शिवम प्रथम, बरखेड़ा के नवनीत द्वितीय, ललौरीखेड़ा के राजवीर तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में ललौरीखेड़ा के सक्षम प्रथम ,मरौरी के वंश द्वितीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में पूरनपुर की शिल्पी प्रथम, ललौरीखेड़ा की तमन्ना द्वितीय, मरौरी की राधिका तृतीय, लंबी कूद में मरौरी की सोनाक्षी प्रथम मरौरी की अंशु वर्मा द्वितीय, बीसलपुर के फरीन तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी प्रतियोगिता में ललौरी खेड़ा की आररीन एंड पार्टी प्रथम ,पूरनपुर की ऋतंभरा एंड पार्टी द्वितीय स्थान पर रही।निर्णायक मंडल में खेल अनुदेशक आदित्य गंगवार, प्रखर मिश्रा सुरेंद्र गंगवार,नरेंद्र मौर्य, सहित सभी अनुदेशक, ब्लॉक व्यायाम शिक्षकअर्जुन सिंह गंगवार, सर्वेंद्रनाथ शुक्ला, फैजान अली खा, जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा सहित कई खेल अनुदेशक शिक्षक रहे। इस अवसर पर जिले भर के खंड शिक्षा सुनील कुमार,अजय कुमार ,अमूलकुमार,ओमेंद्र त्रिपाठी, जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लालकरन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, मंत्री मोइन अहमद, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भद्रपाल गंगवार, मंत्री डीपी गंगवार,यूटा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, मंत्री मोहम्मद अकरम, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर, मंत्री उमेश गंगवार, अनुदेशक अनुदेशक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र गंगवार, प्रांतीय संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा,सभी शिक्षक संघों के पदाधिकारी , खेल अनुदेशक शिक्षक शिक्षिकाएं जिला समन्वयक मौजूद रहे है।

## पूरनपुर पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत गन्ना कृषक महाविद्यालय में छात्राओं को दी गई आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा की सीख

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर थाना पूरनपुर पुलिस टीम ने एक सराहनीय पहल की है।मिशन शक्ति 5.0 सुरक्षित नारी सशक्त नारी के अंतर्गत गन्ना कृषक महाविद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सरकारी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक ऋतु चौधरी मिशन शक्ति प्रभारी और महिला हेड कांस्टेबल दीपिका ने छात्राओं को सुरक्षा के व्यावहारिक उपायों के साथ-साथ साइबर अपराध से बचाव, नारी स्वावलंबन, और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चल रहे ्रमिशन शक्ति् अभियान के तहत जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, मनोवैज्ञानिक सहायता और कानूनी सलाह दी जा रही है पुलिस का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि समाज में सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होता है टीम ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कानून बनाए गए हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, मानसिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना है। छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों तथा बाल संरक्षण कानूनों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। इसके साथ ही विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा केंद्र टीम ने 112, 1090, 1091, 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध से बचाव को लेकर भी विशेष रूप से जागरूक किया गया टीम ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल या लिंक से बचने, ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा ऑनलाइन ठगी के तरीकों के बारे में जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। महिला सुरक्षा केंद्र टीम ने छात्राओं से निर्भीक होकर आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच पुलिस की मदद लेने का संदेश दिया है।

# नववर्ष में अमेठी को मिलेगा पांच सौ पचास बेड वाला आधुनिक मेडिकल कालेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा अमेठी का स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय**

**नये साल में नर्सिंग कालेज समेत चिकित्सा सुविधाओं का होगा व्यापक विस्तार**

**योगी सरकार की पहल से अमेठी बना उन्नत स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा का हब**

अमेठी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिये लगातार बड़े कदम उठा रही है। अमेठी की तिलोई तहसील में स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। करीब तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से हो रहा इस महाविद्यालय का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वर्तमान में महाविद्यालय से सम्बद्ध दो सौ बेड वाले अस्पताल में सेवाएं संचालित हैं जबकि आगामी इकतीस जनवरी तक तीन सौ बेड का नया अस्पताल और पचास बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक हैंडओवर किया जायेगा इससे कुल बेड की संख्या पांच सौ पचास हो जायेगी जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।साथ ही नर्सिंग कॉलेज का निर्माण भी इसी तिथि तक पूरा होने की उम्मीद है। क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास एवं योगी सरकार की यह पहल अमेठी सहित आसपास के जिलों के लोगों के लिये वरदान साबित हो रही है। क्षेत्रवासियों का लंबे समय से चला आ रहा मेडिकल कॉलेज का सपना अब साकार हो रहा है और 2026 तक यह संस्थान पूर्ण रूप से पांच सौ प्लस बेड वाले आधुनिक चिकित्सा केंद्र के रूप में स्थापित हो जायेगा।राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। एमबीबीएस कोर्स में सौ सीटें स्वीकृत हैं। पैरामेडिकल क्षेत्र में ग्यारह डिप्लोमा कोर्स चलाए जा रहे हैं जिनमें कुल दो सौ तीस सीटें हैं। इनमें एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर, लैब टेक्नीशियन, ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन जैसे महत्वपूर्ण कोर्स शामिल हैं।आगामी सत्र 2026-27 से बीएससी नर्सिंग कोर्स में साठ सीटें शुरू होने की तैयारी है। पोस्टग्रेजुएट स्तर पर डीएनबी कोर्स में प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, एनेस्थीसिया में डिप्लोमा और मेडिसिन में डिग्री कोर्स स्वीकृत हैं और कुछ अन्य कोर्सों का निरीक्षण पूरा हो चुका है और परिणाम का इंतजार है।महाविद्यालय से जुड़े अस्पताल में ओपीडी और इनडोर सेवाएं नियमित चल रही हैं।मेडिसिन, सर्जरी, गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स,ऑर्थोपेडिक्स, ईएनटी, डर्मेटोलॉजी समेत कई विभागों में रोजाना मरीजों का इलाज हो रहा हैं।आपातकालीन सेवाएं वर्तमान में दस बेड पर चल रही हैं, जो नये अस्पताल के शुरू होने पर तीस बेड तक बढ़ जायेगी।अस्पताल में सात मेजर और पांच माइनर आपरेशन थियेटर, बीस बेड का आईसीयू और एनआईसीयू की सुविधा उपलब्ध है।डायग्नोस्टिक सेवाएं जैसे सीटी स्कैन, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलाजी लैब, ब्लड स्टोरेज, फार्मेसी, ईकोकार्डियोग्राफी और ईसीजी भी मरीजों को मिल रही हैं।लोक निर्माण विभाग सीडी टू के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि मेडिकल कालेज का भवन अब जी प्लस सिक्स हो गया है। अब सिर्फ फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। इसके अलावा महाविद्यालय में डायरेक्टर रूम, नर्सिंग, हॉस्टल आदि का भी कार्य चल रहा है, जिसे सिडको करा रहा है। कुल मिलाकर लगभग तीन सौ करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है।

## यातायात पुलिस ने वाहनों में लगाया रेट्रो रिफ्लेक्टर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और कोहरे को देखते हुये वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाये गये।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को यातायात प्रभारी शोभनाथ राम मय टीम द्वारा कस्बा गौरीगंज में जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें यातायात नियमों का पालन करने तथा तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी । यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित किये गये।कोहरे व धुंधा को देखते हुये सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु अभियान चलाकर वाहनों में आगे पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये।

## मुंशीगंज पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुंशीगंज के थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुकेश सिंह उर्फ डब्बू पुत्र सन्तोष सिंह निवासी ग्राम कोरारी हीरशाह थाना मुंशीगंज को बीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुंशीगंज के थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री की पैरवी पर बीसलपुर सहकारी चीनी मिल का जल्द होगा नवीनीकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।किसान नेता देव स्वरुप पटेल ने कहा की वर्तमान में बीसलपुर सहकारी चीनी मिल में गन्ना किसान भाइयों के समय पर गन्ना की तौल न होने की बार-बार समस्या आ रही है।इसकी वजह चीनी मिल के जीएम यह बताते हैं। कि चीनी मिल में तकनीकी खराबी हो जाती है।किसान नेता पटेल ने स्पष्ट किया कि हमसे पहले जिला गन्ना अधिकारी को पता है। कि जो करोड़ों रुपए गत वर्ष सहकारी चीनी मिल को मरम्मत के लिए आए थे उससे कौन से काम क्या कराया गया वह जी एम आदि संबंधित अधिकारी गन्ना किसान भाइयों को सार्वजनिक करें। पटेल ने बताया की मंत्री जितिन प्रसाद के सांसद बनने के बाद ही उन्होंने बीसलपुर सहकारी चीनी मिल की पुरानी मशीनरी के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए चीनी मिल के अनुभवी लोगों से संचालक मंडल से एवं सहकारी चीनी मिल जो पूर्व मंत्री बाबू तेज बहादुर गंगवार जी के समय में लगाई गई थी उनके सुपुत्र प्रधान श्री नरेंद्र प्रताप गंगवार से भी सुझाव लेकर एक ज्ञापन बिंदुवार श्री जितिन प्रसाद जी को दिया था जिसको गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सहकारी चीनी मिल बीसलपुर के नवीनीकरण एवं आधुनिकीरण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर और लखनऊ में मीटिंग के दौरान वार्ता कर चीनी मिल को शासन एवं गन्ना किसानों के हित में जल्द नवीनीकरण करने के लिए वार्ता की जिस पर अविलंब गंभीरता से लेते हुए गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखे हुय चीनी मिल के आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण के लिए प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन को निर्देश देकर उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्ताव मंगवाया जो कई महीने से शासन में विचाराधीन है। इस प्रस्ताव की कापी जीएम बीसलपुर के द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के कार्यालय को भी उपलब्ध नहीं कराई गई यदि प्रस्ताव जाते समय उपलब्ध कराया गया होता तो अब तक चीनी मिल के नवीनीकरण का कार्य हो रहा होता निश्चित तौर से गन्ना किसान भाइयों के हितों की रक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जितिन प्रसाद की पहल पर धन आवंटित अवश्य कर चुके होते बीसलपुर जीएम एवं अन्य अधिकारियों की चीनी मिल एवं गन्ना किसान भाइयों के प्रति उनकी लापरवाह कार्यप्रणाली स्पष्ट होती है और यही कारण है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के कारण भी सहकारी चीनी मिल छोटी-छोटी मशीनों को लेकर बार-बार खराब हो रही है।

## नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा सार्वजनिक स्थल पर ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु लगाए अलाव

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पालिका परिषद पीलीभीत के द्वारा नगर क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस लाइन, कलेक्टेट सीआरए आफिस, जिलाधिकारी आवास, अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस लाईन, निर्वाचन कार्यालय कलेक्टेट परिसर, कलेक्टेट तिकोनिया पार्क, आफिसर कालोनी, विकास भवन, नकटादाना चौराहा व साईधाम मंदिर, के0जी0एन0 रैन बसेरा,मंत्री कार्यालय संजय रॉयल पार्क, जिला अस्पताल, गौहनिया चौराहा, कार्यालय नगर पालिका परिषद, रेलवे स्टेशन चौराहा, छतरी चौराहा, डिग्री कालेज चौराहा, नौगवां चौराहा, रोडवेज रैन बसेरा, लेखराज चौराहा, बरेली दरवाजा, हिजड़ो वाली मस्जिद, शरीफ खां चौराहा, गैस चौराहा व चावला चौराहा, थाना सुनगढ़ी, आवास विकास चौराहा, जलकल प्रांगण, खकरा, रंगीलाल चौराहा एवं चावला चौराहा एवं सार्वजनिक स्थल पर ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु अलाव लगाये जा रहे रहे है। चेयरमैन आस्था अग्रवाल ने बताया कि ठंड एवं शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु यदि किसी जनमानस राहगीर को समस्या उत्पन्न होने पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद मोबाईल नं0 9369649100 पर सम्पर्क स्थापित कर अवगत करा सकते हैं।

## बाल्टी में पानी गर्म कर रही महिला की करेंट से हुई मौत

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के सत्थिन विशंभर पट्टी गांव में गुरुवार शाम एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई है।महिला बाल्टी में पानी गर्म कर रही थी तभी यह हादसा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव निवासिनी रामकली पत्नी स्वामी नाथ अपने घर पर बाल्टी में पानी गर्म कर रही थी।इसी दौरान अचानक पानी में बिजली का करंट उतर आया जिसकी चपेट में वह आ गईं। इस घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुंचाया हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद रामकली को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।मृतका के परिवार में एक पुत्र हरिओम और एक पुत्री शिवानी हैं। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि अभी तक घटना की कोई लिखित सूचना प्राप्त नही हुई है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी

## शीतलहर से बचाव के लिये गरीबों को बांटे जायेंगे कम्बल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । शीतलहर के प्रकोप को देखते हुये शासन के निर्देशानुसार जनपद अमेठी में ठण्ड से राहत प्रदान करने के उददेश्य से कम्बलों की आपूर्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने जानकारी देते हुये बताया कि बीती अठारह दिसम्बर को जनपद की समस्त चारों तहसीलों मुसाफ़िरखाना,अमेठी, गौरीगंज और तिलोई को कम्बलों की आपूर्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तहसील को एक हजार तैंतीस कम्बल उपलब्ध कराये गये हैं। इस प्रकार कुल चार हजार एक सौ बत्तीस कम्बल जनपद को प्राप्त हुये हैं। इन कम्बलों का वितरण असहाय, गरीब एवं निर्धन वर्ग के जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा ताकि शीतलहर के दौरान उन्हें राहत मिल सके।एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि कम्बल वितरण का कार्य तत्काल प्रारम्भ कराते हुये यह सुनिश्चित किया जाय कि कम्बल वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचें। साथ ही कम्बल वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय जिससे पारदर्शिता बनी रहे और शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थियों को सहायता प्राप्त हो सके। प्रशासन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि वितरण के दौरान सूचीकरण एवं निगरानी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। जिला प्रशासन शीतलहर से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिये सतत प्रयासरत है।

## अरियांवा में संदिग्ध परिस्थितियों में खम्भे से बंधा मिला युवक का शव

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव आरियांवा में पूर्व प्रधान के दरवाजे पर बिजली के खम्भे में गमछे से बंधा एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई है।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव डिहवा मजरे अरियांवा निवास सतई पासी उम्र साठ वर्ष को गुरुवार देर रात शंकरगंज चौराहे पर पैदल टहलता देखा गया था शुक्रवार की सुबह बिजली के खम्भे में उसी के गमछे से बंधा शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। इस घटना पर थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है।परिजनों की तरफ से अभी तक किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई है सूचना के आधार पर शव को पीएम के लिये भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

# मारपीट के पीड़ित ने ज्ञापन सौंपकर लगाई न्याय की गुहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत आए दिन हो रही घटनाएं के संबंधन में सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन और पुलिस प्रशासन को लिखित रूप से ज्ञापन सौंपा कर कार्यवाही करने की मांग की गई। इस मौके पर पीड़ित कर्मवीर ने बताया कि कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत आए दिन मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है जिसमें पुलिस प्रशासन की मिली भगत से आरोपियों को संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है बीते दिनों सत्यवान सिंह के द्वारा एक दुकानदार को मारने और पीटने का विंडोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि प्रथम दृष्टि अभी तक आरोपियों के ऊपर नहीं की गई है। जिस संबंध में पुलिस प्रशासन और सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कि गई है। इस मौके पर सोनू तिवारी ने सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के समय आयी पुलिस विपक्षीगण के संरक्षण में लगी हुयी थी, उक्त घटना की वीडियो क्लिप भी प्रार्थी के पास मौजूद है। थाना पर सब इन्स्पेक्टर राजेश यादव और अभिषेक सिपाही द्वारा प्रार्थी के ऊपर सुलह का दबाव बनाया जा रहा था ये लोग विपक्षीगण से मिले हुए है। ज्ञापन के दौरान बब्बन तिवारी, ललित देव तिवारी, ज्योति तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर कब्र से खुदवाया गया नवजात का शव कराया पोस्टमार्टम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।पीलीभीत में नवजात की मौत के एक मामले ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महिला अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत के बाद डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने दफन किए गए नवजात के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया यह मामला शहर के मैत्री बाग निवासी मृदुल सिन्हा से जुड़ा है उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर को प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी प्रिया सिन्हा को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महिला अस्पताल में भर्ती कराया था 3 दिसंबर की सुबह प्रिया ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई मृदुल सिन्हा का आरोप है कि डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ की लापरवाही के कारण उनके बच्चे की जान गई। उन्होंने दावा किया कि नवजात के शरीर पर चोट के निशान थे जब इस संबंध में चिकित्सकों से सवाल किए गए, तो स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता की। परिजनों का यह भी आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने उन्हें डराया धमकाया और जबरन कागजों पर हस्ताक्षर कराकर प्रसूता को अस्पताल से छुट्टी दे दी न्याय की मांग को लेकर मृदुल सिन्हा कई दिनों तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटते रहे अंततः उन्होंने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल नवजात के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के आदेश दिए डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और नायब तहसीलदार परितोष भारी पुलिस बल के साथ मुक्तिधाम पहुंचे वहां दफनाए गए नवजात के शव को कब्र से बाहर निकलवाया गया आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

## सम्पादकीय

# मौत की धुंध

उस घटना की कल्पना करके भी रूह कांप जाती है, जिसमें मथुरा के निकट, मंगलवार तड़के घने कोहरे के चलते कई वाहनों के आपस में टकराने से तेरह लोग जिंदा जल गए। घने अंधेरे में बड़ी संख्या में लोग आग में झुलसे और घायल हुए। मरने वाले निर्दोष लोग अपने-अपने जरूरी कामों के लिए जल्दी पहुंचने की चाहत में रात के सफर पर निकले थे। लेकिन हालात उन्हें मौत के मुंह में ले गये। मंगलवार को अमंगल का यह सिलसिला पंजाब तक चला, जहां सुबह घने कोहरे के चलते पांच लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। बरनाला व तपामंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। वहीं तपामंडी के व्यापारी की पत्नी व बेटी की मौत रास्ते में खड़े ट्रक से उनकी कार के टकराने से हुई। इससे पहले रविवार सुबह कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई। चरखी दादरी में एक स्कूल बस व रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं व शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे 152-डी पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है। आखिर हर साल जाड़े के दिनों में धुंध या कोहरे की वजह से होने वाले हादसों के लिए हम क्यों अभिशप्त हैं? आखिर इन दुर्घटनाओं को टालने की गंभीर कोशिश सरकार, समाज व वाहन चालकों की तरफ से क्यों नहीं की जाती? विडंबना है कि जब हमने चांद व मंगल ग्रह तक दस्तक दे दी है, तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं? निश्चय ही प्रकृति की लीला का मुकाबला कर पाना संभव नहीं, लेकिन कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास तो करें। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। यात्रा के समय के चयन और धुंध के बीच वाहन चालन में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे पर पर्याप्त रोशनी और धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास किए जाएं। मौसमी बाधा के बीच दुर्घटना का एक बड़ा कारण राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से जगह-जगह खोले गए ढाबे भी बनते हैं। दरअसल, होटल-ढाबों के पास वाहनों को अपने परिसर में खड़ा करने की जगह नहीं होती, जिसके चलते ट्रक व अन्य वाहन सड़कों में खड़े रहते हैं। जिसके चलते अक्सर तेजी से आने वाले वाहन दृश्यता की कमी से इन खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। पिछले माह राजस्थान के फलोदी के निकट एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने से दस महिलाओं व चार बच्चों समेत पंद्रह लोगों की मौत हुई थी। इस घटना पर स्वतरू संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी दिखाई। कोर्ट ने लगातार हादसों की वजह बन रहे इन अवैध होटलों-ढाबों पर नियंत्रण हेतु पूरे देश के लिये दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत बतायी। कई अध्ययनों में हादसों की वजह सड़कों के डिजाइन में कमी को भी बताया गया। सवाल है कि जब देश में अच्छी-तेज सड़कों का जाल तीव्र गति से बिछाया जा रहा है तो सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना भी तो नीति-नियंताओं की जवाबदेही बनती है? हादसों के लिए सिर्फ चालकों को जिम्मेदार नहीं बताया जा सकता। हां, इतना जरूर है कि वाहन चालकों को गति के साथ मति भी तेज रखनी होगी। यातायात नियमों का पालन करने में एक जिम्मेदार नागरिक का भी दायित्व निभाना होगा।

# प्रदूषण मुक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सामूहिक प्रयास जरूरी

> घरेलू और व्यावसायिक स्रोतों से जहरीली गैसों का उत्सर्जन एक प्रकार से अदृश्य शत्रु का स्वरूप ही है। हम अपने दैनिक जीवन में जिन उपकरणों का उपयोग करते हैं, वे भी वायु प्रदूषण में योगदान करते हैं। रेफ्रिजरेंट और एयर कंडीशनर जैसे उपकरण भी वायु को प्रदूषित ही कर रहे हैं। घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ठंडक बनाए रखने वाले एयर कंडीशनर और शीतलन के लिए प्रयोग किए जाने वाले छोटे-बड़े रेफ्रिजरेटर कुछ ऐसे पदार्थों का उत्सर्जन करते हैं जो ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) को बढ़ावा देते हैं। हालाँकि पुराने हानिकारक रेफ्रिजरेंट जैसे क्लोरोफ्लोरोकार्बन का उपयोग अब सीमित हो गया है, लेकिन इनके नए विकल्प भी ग्रीनहाउस गैसों के रूप में वातावरण को गर्म करते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गहराती है। टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पर्यावरण के लिए कम से कम फायदेमंद तो नहीं है।

आधुनिकता की दौड़ में मानव जीवन ने अभूतपूर्व प्रगति की है लेकिन इस प्रगति की कीमत हमारे पर्यावरण को प्रदूषण के रूप में चुकानी पड़ रही है। हमारी जीवन-शैली, औद्योगिक विकास, और परिवहन के साधन, ये सभी जाने-अनजाने में हमारे वायुमंडल में ऐसी जहरीली गैसें और कण छोड़ रहे हैं, जो न केवल प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ रहे हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। आज घरेलू से लेकर औद्योगिक और परिवहन क्षेत्र तक, वायु प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस समस्या के समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जाने लगे हैं। घरेलू और व्यावसायिक स्रोतों से जहरीली गैसों का उत्सर्जन एक प्रकार से अदृश्य शत्रु का स्वरूप ही है। हम अपने दैनिक जीवन में जिन उपकरणों का उपयोग करते हैं, वे भी वायु प्रदूषण में योगदान करते हैं। रेफ्रिजरेंट और एयर कंडीशनर जैसे उपकरण भी वायु को प्रदूषित ही कर रहे हैं। घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ठंडक बनाए रखने वाले एयर कंडीशनर और शीतलन के लिए प्रयोग किए जाने वाले छोटे-बड़े रेफ्रिजरेटर कुछ ऐसे पदार्थों का उत्सर्जन करते हैं जो ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) को बढ़ावा देते हैं। हालाँकि पुराने हानिकारक रेफ्रिजरेंट जैसे क्लोरोफ्लोरोकार्बन का उपयोग अब सीमित हो गया है, लेकिन इनके नए विकल्प भी ग्रीनहाउस गैसों के रूप में वातावरण को गर्म करते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गहराती है। टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पर्यावरण के लिए कम से कम फायदेमंद तो नहीं है। हमारे घरों में उपयोग होने वाले टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने निर्माण और संचालन के दौरान परोक्ष या अपरोक्ष रूप से ऊर्ज़ा खपत करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा आज भी प्रदूषणकारी ऊर्ज़ा स्रोतों पर निर्भर है। इनके अंत में होने वाले ई-कचरे का अनुचित प्रबंधन भी पर्यावरणीय विषाक्तता बढ़ाता है। औद्योगिक क्षेत्र किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास की रीढ़ होता है, लेकिन यह क्षेत्र वायु प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआँ , जिसमें सल्फर डाइऑक्साइ, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और सूक्ष्म कण शामिल होते हैं। ये हमारे वायुमंडल को दूषित करते हैं। यह चिंता का विषय है कि कई औद्योगिक क्षेत्रों में इस धुएँ को परिष्कृत करने के पर्याप्त या आधुनिक इंतेजामत पूरे नहीं हैं। अपरिष्कृत धुआँ सीधे वायुमंडल में प्रवेश कर एसिड वर्षा और धुंध जैसी समस्याओं को जन्म देता है। औद्योगिक उत्सर्जन को कम करने के लिए, फैक्ट्रियों को उन्नत उत्सर्जन नियंत्रण प्रौद्योगिकियों (जैसे स्क्रबर और इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर) को अपनाना अनिवार्य होना चाहिए। गौर से देखा जाए तो परिवहन क्षेत्र भी पर्यावरण को प्रदूषित करने में कम गुनहगार नहीं है। सड़क, जल, और वायु परिवहन, मानव गतिशीलता के आधार हैं, लेकिन ये जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता के कारण कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों का बड़ा स्रोत हैं। सड़क परिवहन में प्रयुक्त होने वाले पेट्रोल और डीज़ल वाहन बड़ी मात्रा में कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन उत्सर्जित करते हैं। यह उत्सर्जन घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में वायु की गुणवत्ता को खतरनाक स्तर तक गिरा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बड़े महानगरों में देखने को मिलता है। जब लोगों का खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो जाता है। जल परिवहन (जहाज़) और विशेष रूप से वायु परिवहन (हवाई जहाज़), जो बेहद तीक्ष्ण ईंधन पर निर्भर हैं, भी महत्वपूर्ण मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं। भले ही ये स्रोत सीधे हमारी आँखों के सामने कम दिखते हों, लेकिन वैश्विक उत्सर्जन में इनका योगदान नकारा नहीं जा सकता। परंपरागत रूप से कृषि और अपशिष्ट प्रबंधन की कुछ प्रक्रियाएँ भी वायु को प्रदूषित करती हैं। फसल कटाई के बाद किसानों द्वारा खेतों में पराली (फसल अवशेष) को जलाना एक गंभीर मौसमी समस्या है। यह प्रक्रिया बड़ी मात्रा में धुआँ, कालिख और PM 2.5 जैसे महीन कण वातावरण में छोड़ती है, जो विशेष रूप से उत्तर भारत के बड़े क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक को 'गंभीर' श्रेणी तक पहुँचा देती है। अनेक क्षेत्रों से कचरा (ठोस अपशिष्ट) जलाए जाने की घटनाएँ सामने आती हैं। कचरा जलाने से डाइऑक्सिन, फ्यूरान और भारी धातुएँ जैसी जहरीली गैसें निकलती हैं, जो अत्यधिक विषैली होती हैं और मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ मिट्टी और जल को भी दीर्घकालिक नुकसान पहुँचाती हैं। भारत में विद्युत उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा अभी भी ताप पर आधारित संयंत्रों (थर्मल पावर प्लांट्स) पर निर्भर है, जो कोयले या अन्य जीवाश्म ईंधनों को जलाकर बिजली पैदा करते हैं। ये संयंत्र CO_2 के अलावा राख और अन्य हानिकारक प्रदूषकों के सबसे बड़े उत्सर्जक हैं। फल स्वरुप वायु प्रदूषण उच्च स्तर को छू रहा है। यदि राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो हमारे कुछ महानगरों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। देश की राजधानी दिल्ली को ही लें तो पूर्व वर्ती सरकारों की गलत नीतियों के चलते वहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) स्तर बार-बार 456 $\mu g/m^3$ को छूता रहा है और आज भी छू रहा है जो खतरनाक श्रेणी में आता है। इसे नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा सभी सरकारी और निजी दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य कर दिया गया है। बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र वाले वाहनों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन मिलन वर्जित कर दिया गया है। गैर BS-6 मानक वाले वाहनों (विशेषकर बाहरी पंजीकृत) को दिल्ली में प्रवेश करने और ईंधन लेने से रोका जा रहा है। गैर-जरूरी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। प्रदूषण प्रतिबंधों से प्रभावित निर्माण श्रमिकों को प्रति परिवार 10,000 की वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रदूषण बढ़ने पर स्कूलों को हाइब्रिड से ऑनलाइन मोड पर शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है। ये कदम दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को नियंत्रित करने और नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए उठाए जा रहे हैं, जिसमें नियम-कानूनों का पालन न करने वालों पर जुर्माना लगाया जाना भी शामिल है। हालाँकि, केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा ऊर्ज़ा के वैकल्पिक स्रोत (जैसे सौर, पवन और जल विद्युत) अपनाए जाने से एक नई आशा जगी है, जो प्रदूषण के जनक इस क्षेत्र में बदलाव ला सकती है। सब जानते हैं कि वायु प्रदूषण एक बहुआयामी समस्या है, जिसका समाधान केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। सरकार को हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को रोकने के लिए सख्त नियम बनाने होंगे और उत्सर्जन मानकों को लगातार उन्नत करना होगा। जैसे- इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की महती आवश्यकता है। परिवहन क्षेत्र को डी कार्बोनाइज करने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और इलेक्ट्रिक वाहन खरीद पर सब्सिडी देना भी महत्वपूर्ण विकल्प हैं। इस सबके ऊपर बेहतर तरीका एक ही है कि हम और हमारी सरकारें विकास का ताना-बाना कुछ इस प्रकार बुनें कि पेड़ों को काटना ना पड़े। यदि ऐसा करना मजबूरी हो जाए तो पेड़ों को काटने की बजाय उन्हें जड़ से उखाड़ कर दूसरी जगह प्रत्यारोपित करना सुनिश्चित हो। इसके अलावा निरंतर नया वृक्षारोपण किया जाना भी पर्यावरण के स्तर को सुधार सकता है। प्रदूषणकारी उद्योगों पर कड़े दंड अधिरोपित करना समय की जरूरत है। औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ उन पर कड़ी कार्रवाई कर सकें। सौर, पवन और हरित हाइड्रोजन जैसी स्वच्छ ऊर्ज़ा प्रौद्योगिकियों में निवेश को बढ़ाना एक अच्छा कदम माना जा सकता है। 'हरित ऊर्ज़ा गलियारा' जैसी योजनाओं को गति देना समझदारी भरा कदम कहा जाएगा। जीव मात्र के हित में समाज की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। इस समस्या के निराकरण हेतु समाज को भी आगे बढ़कर जीव मात्र के हित में वायु प्रदूषण को खत्म करना ही होगा। यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी का विषय है। शुरुआत इस बात से करनी होगी कि ऊर्ज़ा का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए। घरों में फाइव स्टार रेटिंग वाले ऊर्ज़ा दक्ष उपकरणों को अपनाना होगा। निजी वाहनों का उपयोग कम करके सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग या साइक्लिंग को अपनाना बेहद आवश्यक हो चला है। स्रोत पर ही कचरे को अलग करना और कचरा जलाने से संबंधित किसी भी गतिविधि की रिपोर्ट करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व होना चाहिए। लिखने का आशय यह कि वायु प्रदूषण आज एक वैश्विक संकट है, जिसके स्रोत हमारे घर से लेकर विशाल फैक्ट्रियों और परिवहन प्रणालियों तक फैले हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान और वैकल्पिक ऊर्ज़ा स्रोतों को अपनाने जैसे सरकारी प्रयास सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। लेकिन यह लड़ाई केवल सरकारी हस्तक्षेप से नहीं जीती जा सकती। हमें व्यक्तिगत, नागरिकों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, और किसानों को यह समझना होगा कि स्वच्छ हवा एक साझा संसाधन है। सख्त सरकारी नियम, नवाचार को प्रोत्साहन, और सबसे महत्वपूर्ण, व्यक्तिगत जिम्मेदारी का संकल्प ही हमें इस ज़हर भरे वातावरण से मुक्ति दिलाकर एक स्वस्थ और वातावरण अनुकूल भविष्य की ओर ले जा सकता है। यही समय है कि हम सब मिलकर 'प्रदूषण मुक्त भारत' के सपने को साकार करें। **-डॉ.राघवेंद्र शर्मा**

# सियासत में हाई कमान संस्कृति से हम क्या समझें

**राजदीप सरदेसाई**

इस हफ्ते भाजपा ने 45 वर्षीय नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय 'कार्यकारी' अध्यक्ष चुना। बिहार के बाहर शायद ही किसी ने उन पर इससे पहले ध्यान दिया होगा। लेकिन अब उन्हें भाजपा का 'उभरता सितारा' बताया जा रहा है। 'कौन बनेगा अध्यक्ष' को लेकर चल रही तमाम राजनीतिक अटकलों में उनका उल्लेख दूर-दूर तक कहीं नहीं था। और अचानक उनके नाम का ऐलान कर दिया गया। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के बाहर उन्हें माला पहनाने के लिए भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता और नेता जुट गए, हालांकि कुछ ने यह भी स्वीकार किया कि उनको पहचानने में उन्हें थोड़ी मुश्किल हुई। और इसके बावजूद इस 'चयन' के खिलाफ पार्टी में असहमति की एक आवाज नहीं उठी। एक नेता ने कहा, हम एक अनुशासित पार्टी हैं। अनुशासित? शायद। लेकिन लोकतांत्रिक? शायद इतनी नहीं। क्योंकि नवीन के चयन का फैसला किसी व्यापक आंतरिक परामर्श की प्रक्रिया से नहीं निकला था, बल्कि यह लगभग पूरी तरह से 'हाई कमान' द्वारा तय किया गया था।

भाजपा 'हाई कमान' के एकतरफा फैसलों की तुलना कांग्रेस नेतृत्व की उस हिचकिचाहट से कीजिए, जो बेंगलुरु में अब भी इस सवाल पर उलझा हुआ है कि सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने रहें या उनकी जगह डीके शिवकुमार को दी जाए। 2022 को याद कीजिए, जब कांग्रेस का 'हाई कमान' अशोक गहलोत को पार्टी अध्यक्ष पद संभालने के लिए राजी नहीं कर पाया था। आज भी, जब शशि थरूर जैसे हाई-प्रोफाइल सांसद अहम मुद्दों पर पार्टी लाइन से अलग राय रखते हैं, तो कांग्रेस 'हाई कमान' कोई खुले टकराव की राह नहीं अपनाता। अनुशासित? नहीं तो। लोकतांत्रिक? हां, कुछ हद तक। कम से कम आज कांग्रेस में गांधी परिवार से सवाल करने की गुंजाइश कहीं ज्यादा है। अलबत्ता यह अब भी नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस रातों-रात पूरी तरह से 'लोकतांत्रिक' संगठन बन गई है या भाजपा ने अचानक पुराने दौर की कांग्रेस जैसी निर्णय-प्रक्रिया अपना ली है। सच्चाई यह है कि 'हाई कमान' संस्कृति व्यक्ति-केंद्रित राजनीति की उपज होती है, जहां आंतरिक लोकतंत्र से ऊपर सत्ता को पूजा जाता है। एक दशक से अधिक समय से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस का 'हाई कमान' अब इतना कमजोर पड़ चुका है कि उसके प्रति भय का तत्व कैडर में लगभग खत्म हो गया है। इसके ठीक उलट, भाजपा इसी कालखण्ड में तेजी से मजबूत हुई है। जब तक चुनाव मोदी के नाम पर जीते जा रहे हों और शाह को चाणक्य के रूप में पेश किया जाता हो, तब तक भला किसी को यह चिंता क्यों होने लगी कि पार्टी के भीतर कोई वास्तविक संवाद है या नहीं? आखिरी बार भाजपा के संसदीय बोर्ड ने कब किसी राष्ट्रीय मुद्दे पर सार्थक चर्चा की थी? या राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कब कोई गंभीर बहस देखने को मिली थी? मुख्यमंत्री चुनने से लेकर पार्टी की रणनीति तय करने तक, अब हर रास्ता 'हाई कमान' के दरवाजे पर जाकर खत्म होता है। राजस्थान और गुजरात में पहली बार के विधायकों को मुख्यमंत्री बना देने के निर्णयों से भी यही झलका था। एक मायने में भाजपा ने अपना 'हाई कमान' मॉडल इंदिरा गांधी से ही सीखा है। आखिर दिल्ली से मुख्यमंत्री चुनने और क्षेत्रीय क्षत्रपों से बिना सवाल किए सहमति जताने की अपेक्षा रखने की कला इंदिरा ने ही निपुणता से साधी थी। 1982 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में बाबासाहेब भोसले का चयन तो अब इस राज्य की राजनीतिक किंवदंतियों में शुमार है। बैरिस्टर भोसले का न कोई जनाधार था, न अति-महत्त्वाकांक्षा, फिर भी कई वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया गया था। कई अनुभवी राजनीतिक पत्रकारों को भी अंतिम क्षण में उनके बारे में पर्याप्त जानकारी जुटाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी थी। पर एक मामले में भाजपा 'हाई कमान' कांग्रेस से अलग है। मोदी-शाह ने इसका इस्तेमाल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत बदलाव लाने के लिए किया है। आज लगभग सभी भाजपा मुख्यमंत्री पचास की उम्र के आसपास हैं, जिससे पार्टी यह दावा कर सकती है कि उसका चेहरा अपेक्षाकृत युवा है। इसके उलट, कांग्रेस अब भी वयोवृद्ध नेताओं के बीच फंसी हुई है, जो सेवानिवृत्त होने को तैयार नहीं।

## सेहत मंत्र

# वायु प्रदूषण से श्वसन तंत्र ही नहीं, आंखें भी होती हैं प्रभावित : डॉक्टर्स

अगर आप सोचते हैं कि वायु प्रदूषण से केवल फ़ेफड़े या श्वसन तंत्र प्रभावित होते हैं, तो दुबारा विचार करें। क्योंकि मेडिकल विशेषज्ञों का कहना है कि खराब वायु गुणवत्ता से आंखों में कई समस्याएं भी हो सकती है, जिसमें कोर्निया को होनेवाली क्षति भी शामिल है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूय ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) के ऑप्थामोलोजिस्ट डॉ. राजेश सिन्हा ने आईएएनएस को बताया कि नाक और मुंह की तरह आंखों को ढकना काफी मुश्किल है। इससे फ़ेफड़ों की तरह ही आंखों पर भी वायू प्रदूषण का बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आंख की ओकुलर सतह वातावरण के सीधे संपर्क आती है, इसलिए यह वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। सर गंगा राम हॉस्पिटल, दिल्ली के ऑप्थामोलोजिस्ट डॉ. टिंकू बाली राजदान ने बताया कि कई सालों तक प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण कोरोना को क्षति पहुंचती है, यह तुरंत नहीं होता है। अगर ड्राइ आई की समस्या लंबे समय तक रहती है, तो यह भी कोरोना को क्षतिग्रस्त कर सकती है, जिससे लंबे समय में दृष्टि प्रभावित होती है। खुजली होने पर आंखों को रगड़ने से भी कोरोना पर असर पड़ता है। डॉ. राजदान ने कहा कि वायु प्रदूषण के संपर्क से ड्राइ आई की समस्या या आंखों के पानी की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इससे आंखों में खुजली, परेशानी और लाल होने की समस्याएं होने लगती है।'' सिन्हा का कहना है, ''जो लोग कांटैक्ट लेंस पहनते हैं, उन्हें जोखिम और बढ़ जाता है, क्योंकि उनकी आंखें पहले से ही ड्राई होती है। ऑप्थामोलोजिस्ट्स का कहना है कि प्रदूषण बढ़ने से ओपीडी में एलर्जी के इलाज के लिए आनेवाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। मैक्स हेल्थकेयर के आंख विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. संजय धवन का कहना है कि आंखों में खुजली, परेशानी और नजर कमजोर होने की समस्या से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी है तथा इम्युनिटी कम होने के कारण ड्राई आई और अन्य संक्रमण बढ़े हैं।

## धर्म मंत्र

# अनिष्ट के देवता नहीं हैं शनि श्रद्धापूर्वक पूजा से करें प्रसन्न

नव ग्रहों में सातवें ग्रह माने जाने वाले शनिदेव से लोग सबसे ज्यादा डरते जरूर हैं लेकिन वह किसी का बुरा नहीं करते हैं। वह लोगों के कर्मों के हिसाब से उनके साथ न्याय करते हैं। शायद इसलिए उन्हें न्यायाधीश के रूप में भी पहचाना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति पर से साढ़ेसाती और ढैया समाप्त हो जाती है। इसके अलावा कुंडली में मौजूद कमजोर शनि का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। ऐसा समझा जाता है कि शनिदेव अनिष्टकारी, दुखदायक और अशुभ के प्रतीक हैं, परंतु ये सच नहीं है। वास्तव में वे सकारात्मक प्रभाव वाले न्याय और संतुलन करने वाले ग्रह हैं। शनिवार के दिन उनको संतुष्ट करने के लिए शुद्ध मन और विधि विधान से पूजा करनी चाहिए। उनकी पूजा का एक विशेष तरीका है जिसका पालन करना जरूरी है। शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव सूर्य देव और देवी छाया के पुत्र हैं। इनका जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या हुआ था। शुद्ध मन से प्रत्येक शनिवार को व्रत रखने से शनि अत्यंत प्रसन्न होते हैं। ऐसा करने वालों पर उनकी कुपित दृष्टि नहीं पड़ती। याद रखें कि शनि में श्रद्धा रखने वाले किसी भी शनिवार से उनका व्रत एवं पूजन शुरू कर सकते हैं। शनिदेव की पूजा के लिए शनिवार को व्रत का संकल्प लेकर नहा-धोकर काले वस्त्र धारण कर पूजा शुरु करें। इस दिन सरसों या तिल के तेल से दिया जला शनिदेव को अर्पित करें। इसके साथ ही शनिदेव को तिल, काली उदड़ या कोई भी काली वस्तु भेंट में चढ़ायें। शनि गायत्री मंत्र और शनि चालीसा आदि का जाप करें। खास बात ये है कि शनि चालिसा में आपको शनि को शांत रखने के समस्त उपाय मिल जायेंगे।

## पर्यटन



# विश्व की सबसे सीधी टनल और स्कॉटिश स्टाइल रेलवे स्टेशन के लिए मशहूर है बड़ोग

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित बरोग बहुत ही खूबसूरत जगह है। जहां जाकर आप 2 से 3 दिनों की छुट्टियां सुकून से बिता सकते हैं। चीड़ और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ बड़ोग, बेशक शिमला, मनाली जैसी बहुत मशहूर जगह नहीं लेकिन वीकेंड में छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित बरोग का रेलवे स्टेशन यहां देखने वाली बहुत ही खूबसूरत जगह है। जहां तक पहुंचने का रास्ता भी पहाड़ियों से होकर आता है। यहां आप टॉय ट्रेन की राइड ले सकते हैं। ज्यादातर टूरिस्ट्स शिमला की यात्रा करते समय चंडीगढ़ से 60 किलोमीटर की दूरी पर कालका-शिमला हाइवे पर स्थित बड़ोग में रुकना पसंद करते हैं। बड़ोग में कालका-शिमला रेल मार्ग पर सुरंग नंबर 33 है। इसकी लंबाई 1143.11 मीटर है। इसका निर्माण ब्रिटिश इंजीनियर एच. एस. हैरिंगटन द्वारा जुलाई 1900 से सिंतबर 1903 के बीच कराया गया। दरअसल, इस शहर का नाम इसी सुरंग के निर्माता के नाम पर पड़ा है। शहर का नाम अंग्रेज इंजीनियर बड़ोग के नाम पर रखा गया है। बड़ोग रेलवे स्टेशन के निर्माण को गति देने के लिए पर्वत के दोनों ओर खुदाई करने का आदेश दिया गया था। हालांकि बाद में यह पता चला कि इंजीनियर बड़ोग का अनुमान गलत होने के कारण टनल के दोनों सिरे आपस में नहीं मिल सके। इस पर ब्रिटिश सरकार ने उन पर एक रुपये का जुर्माना लगाया। इस शर्मिंदगी के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। इंजीनियर बड़ोग का शव इस टनल के पास ही दफनाया गया और बाद में उनके नाम पर इस गांव का नाम बड़ोग रखा गया। यह विश्व की सबसे सीधी टनल के रूप में जानी जाती है। यहां का रेलवे स्टेशन स्कॉटिश स्टाइल में बना है, जो बहुत आकर्षक है। रेणुका लेक- बड़ोग की ये जगह है फ़ेमस टूरिस्ट स्पॉट। जो हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े नेचुरल लेक में से एक है। समुद्र तल से करीब 672 मीटर की ऊंचाई वाली इस झील का नाम भगवान परशुराम की मां रेणुका के नाम पर रखा गया है। घने जंगलों से घिरी इस झील के किनारे दो मंदिर भी हैं। ऐसा माना जाता है कि ये मंदिर 18वीं सदी के हैं।

# छात्रवृत्ति परीक्षा–2026 का शुभारंभ, फाउंडेशन ने मेधावियों के लिए पहल की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




कादीपुर/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के कादीपुर में सत्यपथ फाउंडेशन की ओर से राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 का शुभारंभ किया गया। यह समारोह कादीपुर नगर पंचायत सभागार में आयोजित हुआ। फाउंडेशन के चेयरमैन विवेक तिवारी के छोटे भाई रत्नेश तिवारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक तिवारी के पिता और वरिष्ठ अधिवक्ता राम मिलन तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत कादीपुर के नगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल, सुरेंद्र तिवारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और पत्रकार उपस्थित रहे। इस छात्रवृत्ति परीक्षा का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर किंतु शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसका लक्ष्य है कि विद्यार्थी बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी शिक्षा पूरी कर सकें और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें। यह छात्रवृत्ति कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। कादीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का मूल आधार है। उन्होंने जोर दिया कि इस प्रकार की छात्रवृत्ति परीक्षाएं ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, पत्रकारों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा अंतर्गत सहायक अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को हुई, जिसका समापन शुक्रवार को किया गया। यह प्रशिक्षण बीएसए उपेन्द्र गुप्ता के निर्देश पर नगर संसाधन केंद्र, संगमलाल, सुल्तानपुर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर जटाशंकर तिवारी एवं विनोद सिंह द्वारा जनपद के प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र से चयनित दो-दो स्पेशल एजुकेटरों को विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की पहचान, समावेशी शिक्षण पद्धतियां, कक्षा प्रबंधन एवं शैक्षिक सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समन्वयक डीसी श्याम सुंदर ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके स्पेशल एजुकेटर अपने-अपने शिक्षा क्षेत्रों में सहायक अध्यापकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर शशि प्रकाश, मनोज कुमार, सुभाष यादव, जय प्रकाश वर्मा, अखण्ड प्रताप सिंह, पंकज सिंह, विवेक बरनवाल,तबस्सुम परवीन,अजय कुमार दुबे,राम नरायन प्रजापति, देवेंद्र दुबे, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयो में आज रहेगी छुट्टी बीएसए ने जारी किया आदेश

पीलीभीत। जनपद में लगातार पड़ रही ठंड एवं शीत लहर का प्रकोप अत्यधिक बढ़ जाने के कारण कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने आज 20 दिसंबर को अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है।

## यूरिया की कालाबाजारी पर दर्ज किया जायेगा मुकदमा

गौरीगंज रैक प्वाइंट पर पहुंची अठावन हजार से अधिक बोरी इफको यूरिया

अमेठी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी के गौरीगंज रैक प्वाइंट पर आज इफको यूरिया की दो हजार छह सौ तिरपन मीट्रिक टन (58,962 बोरी) की रैक प्राप्त हुई है। प्राप्त उर्वरक को रैक से ही जनपद की समस्त साधन सहकारी समितियों, एग्री जंक्शन केंद्रों, इफको सेवा केंद्रों एवं आईएफएफडीसी केंद्रों पर आपूर्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल सोलह हजार एक सौ पैंतीस मीट्रिक टन यूरिया तथा दो हजार छह सौ इकतालीस मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उपलब्ध उर्वरकों का वितरण खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन के माध्यम से कृषकों को किया जा रहा है जिससे पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक किसानों को ही लाभ मिल सके। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित मूल्य पर ही केवल खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन से यूरिया का वितरण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि यूरिया के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग या ओवररेटिंग कदापि नही की जायेगी। यदि कोई विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

## डीएम बागपत ने बच्चों संग जमीन पर बैठक कर किया भोजन

बागपग। उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत जिले के प्राथमिक विद्यालय सिसाना नंबर दो में शुक्रवार को तिथि भोजन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बच्चों के साथ भोजन किया और उनकी शिक्षा एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी अस्मिता लाल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के पास सिसाना गांव के प्राथमिक विद्यालय नंबर दो में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची। प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को तिथि भजन उत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें जिलाधिकारी ने बच्चों को जर्सी, टोपा और चॉकलेट उपहार में दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान, सामान्य ज्ञान और पर्यावरण से संबंधित जानकारी नियमित रूप से प्रदान की जाए। कार्यक्रम में एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, अधिशासी अधिकारी के. के. भड़ाना, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रेम विवाह के बाद पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

फिरोजाबाद। न्यायालय ने शुक्रवार को प्रेम विवाह के बाद पत्नी की हत्या करने के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना नारखी क्षेत्र के बंछगाव निवासी रंजीत पुत्र रामवीर 07 जनवरी 2020 को जनपद आगरा के थाना छत्ता क्षेत्र के गांव गधा पाड़ा जीवनी मंडी निवासी ज्योति को भगा कर ले गया और उसके बाद प्रेम विवाह कर लिया। वह दोनों पति–पत्नी के रुप मे किराए के मकान में रहने लगे । 19 मार्च 2021 को ज्योति की मौत हो गई। मृतका की मां अनीता देवी ने रंजीत व उसके परिजनों पर दहेज की खातिर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना नारखी में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद पति रंजीत व उसकी मां शीला देवी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया।मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या–2 विमल वर्मा के न्यायालय में हुई। अभियोजन पक्ष की पैरवी एडीजीसी अजय यादव ने की। उन्होंने बताया कि न्यायालय में कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व गवाहों की गवाही के आधार पर पति रंजीत को पत्नी ज्योति की हत्या का दोषी माना। न्यायालय ने दोषी रंजीत को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। दोषी पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में शीला देवी को दोषमुक्त किया है।

## डिजिटल कक्षाओं में संवेदनशील और अर्थपूर्ण फीडबैक तंत्र अपनाने की जरूरत : डॉ. राजा

वाराणसी। वाराणसी में अन्तर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केन्द्र (आईयूसीटीई) में द डिजिटल पेडागॉजी: एजुकेटर्स फॉर टुमॉरो विषय पर सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें दिन सहायक आचार्य डॉ. राजा पाठक ने कहा कि सीइंग द अनसीन, द आर्ट ऑफ डिजिटल ऑब्ज़र्वेशन एंड फीडबैक आज का विषय है। सटीक अवलोकन और समयबद्ध फीडबैक से सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है।शिक्षकों को डिजिटल कक्षाओं में संवेदनशील और अर्थपूर्ण फीडबैक तंत्र अपनाने की जरूरत है। दूसरे सत्र में सहायक आचार्य डॉ. दीप्ति गुप्ता ने कहा कि सतत और बहुआयामी मूल्यांकन से शिक्षार्थियों के विकास को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। डिजिटल टूल्स के माध्यम से विकासात्मक आकलन को सुदृढ़ करना चाहिए। तीसरे सत्र में डॉ. राजा पाठक ने सिग्नल्स ऑफ अंडरस्टैंडिंग: क्राफ्टिंग मीनिंगफुल असेसमेंट्स विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने ऑनलाइन आकलन को केवल परीक्षा न मानकर सीखने की समझ के संकेत के रूप में देखने की आवश्यकता पर जोर दिया। चौथे सत्र के संयुक्त सत्र में डॉ. राजा पाठक एवं डॉ. दीप्ति गुप्ता ने संयुक्त रूप से डेटा विद हार्ट: ब्लेंडिंग इनसाइट, एविडेंस, एंड एसईएल इन असेसमेंट विषय पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र में उन्होंने आकलन प्रक्रिया में डेटा–आधारित साक्ष्यों के साथ सामाजिक–भावनात्मक अधिगम (एसईएल) के समन्वय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि मानवीय दृष्टिकोण से किया गया डेटा विश्लेषण शिक्षार्थियों की वास्तविक आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने में सहायक होता है। इसी क्रम में उन्होंने शिक्षकों से आकलन को अधिक संवेदनशील, संतुलित और शिक्षार्थी–केंद्रित बनाने का आह्वान किया। बता दें कि कार्यक्रम में श्रीलंका, बेलारूस, कम्बोडिया, इक्वाडोर, घाना, कजाकिस्तान, केन्या, मोरक्को, मोज़ाम्बिक, म्यांमार, नामीबिया, नेपाल, रूस, रवांडा, तंजानिया, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, इथियोपिया, ताजिकिस्तान, ज़ाम्बिया, ज़िम्बाब्वे, कोट द'ईवोआर, और ट्रिनिडाड और टोबैगो 24 देशों के 40 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने सीएमओ सहित कई अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की अत्यंत धीमी प्रगति एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की अच्छी मानीटरिंग न होने एवं बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के उपस्थित न होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग की सामूहिक विवाह योजना में खराब प्रगति एवं छात्रवृत्ति योजना में समय से कार्यवाही न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण विभाग की फाइल पर समय से कार्यवाही न किए जाने पर जीएम डीआईसी, जल जीवन मिशन में खराब प्रगति पाये जाने पर अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन, एसटीपी प्रोजेक्ट निर्माण की धीमी प्रगति पर परियोजना प्रबंधक गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। महाप्रबंधक दुग्ध पराग के बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिन विभागों के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बी, सी व डी रैंकिंग है, ऐसे विभागों के सम्बंधित अधिकारियों को खराब रैंकिंग होने का स्पष्टीकरण एवं रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि जिन कार्यों में उनके स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, उनकी प्रत्येक सप्ताह पत्रावली के माध्यम से समीक्षा कराये जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने निर्माण परियोजनाओं की सत्यापन हेतु बनायी गयी टीम में से जिन अधिकारियों ने सत्यापन रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की है, ऐसे अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर सी व डी रैंकिंग वाले विभागों की प्रतिदिन मानीटरिंग कराने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम सूर्यघर योजना में खराब प्रगति एवं सी रैंकिंग होने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित विभाग को दिए है। उन्होंने पीओ नेडा को पीएम सूर्यघर योजना व क्लीन एनर्जी का वेण्डरों के माध्यम से कैम्प लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूक कराने एवं खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से ग्राम प्रधानों ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित किए जाने एवं उनसे समन्वय करते हुए ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने फ़ेमिली आईडी बनाने के कार्य में खराब प्रगति एवं सीएम डैशबोर्ड पर सी रैंकिंग होने पर जिला विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर एवं ग्राम सचिवों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हर युवा को मतदाता बनाने का भाजपा का लक्ष्य : प्रकाश पाल

कानपुर । भाजपा का लक्ष्य है कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक युवा को मतदाता बनाया जाए। सभी भाजपा पदाधिकारी ध्यान दें कि 24 दिसंबर तक गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में शेष बचे एसआईआर फॉर्म बीएलओ के साथ समन्वय कर भरवाने का कार्य करें। साथ ही फॉर्म-6 के माध्यम से युवा वर्ग के लोगों के घर-घर जाकर उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। यह बातें शुक्रवार को भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भारतीय जनता पार्टी कानपुर (भाजपा) बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय पार्टी मुख्यालय में आज क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय टोली की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान तथा आगामी अटल स्मृति पखवाड़ा कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक अटल स्मृति पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 दिसंबर को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 20,845 बूथों पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि विधानसभा स्तर पर अटल स्मृति सम्मान कार्यक्रम आयोजित होंगे, जो 31 दिसंबर तक संपन्न होंगे। इन कार्यक्रमों में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश सरकार के मंत्री भी सहभागिता करेंगे।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि अटल स्मृति पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता दीपोत्सव, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई सहित विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अटल स्मृति सम्मान कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता एवं सुनील तिवारी होंगे। वहीं वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाली संगोष्ठियों की जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी एवं अजीत छाबड़ा को सौंपी गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एलईडी प्रसारण कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह, जितेंद्र सचान एवं हर्ष द्विवेदी को दी गई है।

बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू,आलोक शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, पवन पांडे, अमित प्रजापति, दिनेश मौर्या, रामू चंदेल, सरिता श्रीवास्तव,अर्शी सुल्तान, रश्मि श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपत्ति विवाद ने ली बुज़ुर्ग की जान, बेटे और पौत्र ने लाठी से पीट–पीटकर की हत्या

सुल्तानपुर। संपत्ति विवाद ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के सकरसी गांव में 70 वर्षीय बुज़ुर्ग की उनके ही बेटे और पौत्र ने लाठी से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक पैर और जांघ की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है, अत्यधिक चोटों को ही मौत का कारण बताया गया है। मृतक की पहचान माता प्रसाद यादव (70) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि माता प्रसाद ने हाल ही में अपनी पांच बिस्वा जमीन बेची थी, जिसको लेकर उनके बड़े बेटे बजरंगी यादव और पौत्र बृजेश से लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह यही विवाद हिंसक हो गया। परिजनों के अनुसार बजरंगी यादव घर पहुंचा और माता प्रसाद से कहासुनी करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि बजरंगी और उसके बेटे बृजेश ने लाठी से माता प्रसाद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं और हड्डियां टूट गईं। गंभीर हालत में माता प्रसाद को पहले भदैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बृहस्पतिवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद घायल अवस्था में माता प्रसाद ने शिवगढ़ थाने पहुंचकर अपने बेटे और पौत्र के खिलाफ तहरीर भी दी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बजरंगी यादव और बृजेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है। परिवार की स्थिति भी दर्दनाक है। माता प्रसाद की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। उनके दो बेटे थे, जिनमें से छोटा बेटा विनोद की भी मौत हो चुकी है। माता प्रसाद अपने छोटे बेटे की पत्नी उर्मिला और बच्चों अंजली व सोनू के साथ रहते थे। पौत्री अंजली ने आरोप लगाया कि जमीन को लेकर आए दिन विवाद होता था और इसी रंजिश में उनके दादा की हत्या कर दी गई। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

## नगर पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप, सभासदों ने की जांच की मांग

सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद में एक बार फिर भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पर अवैध निर्माण कराने, नियमों को दरकिनार कर संपत्तियों के आवंटन और पालिका को राजस्व हानि पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। यह आरोप स्वयं सभासदों ने लगाए हैं। सभासदों का कहना है कि नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग द्वारा पालिका परिसर के भीतर बिना मानचित्र स्वीकृति के तेजी से निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि यह पूरा निर्माण आरबीओ एक्ट के नाम पर किया जा रहा है, जिसमें निर्माण विभाग की संलिप्तता साफ नजर आती है। सभासदों ने इस पूरे मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। एक अन्य गंभीर आरोप में सभासदों ने बताया कि नगर पालिका से सटे सुपर मार्केट में स्थित एलआईसी भवन के खाली होने के बाद, पालिका अध्यक्ष द्वारा अपने चहेतों को दुकानों/भवनों का विधि विरुद्ध तरीके से आवंटन किया जा रहा है। सभासदों का कहना है कि यदि यह प्रक्रिया नियमों के अनुसार नहीं रोकी गई, तो इससे नगर पालिका को भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ सकता है। सभासदों ने स्पष्ट किया है कि सुपर मार्केट में किसी भी खाली भवन या भूमि का आवंटन नगर पालिका बोर्ड की स्वीकृति के बाद ही होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नियमों की अनदेखी जारी रही, तो वे इस मामले को सक्षम न्यायालय तक ले जाने को मजबूर होंगे। इसके अलावा, सभागार कक्ष के निर्माण से निकली डिस्मेंटल सामग्री (कबाड़) को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। सभासदों ने मांग की है कि इस सामग्री की विवरण पुस्तिका और रजिस्टर तत्काल तैयार किया जाए, जिसकी सूची अगली बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जाए। सदस्यों की स्वीकृति के बाद ही इसकी नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाए।

सभासदों ने पर्यावरण पार्क के भीतर और आसपास भी बिना मानचित्र स्वीकृति के व्यावसायिक दुकानों के निर्माण की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने ऐसे सभी अवैध निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगाने और पालिका को वित्तीय क्षति से बचाने की मांग की है। पूरे मामले को लेकर सभासदों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। वहीं, इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

## प्रतिभा का सम्मान और सपनों को नई उड़ान

पीलीभीत। आगामी 21 दिसंबर को जनपद के ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम' खकरा पीलीभीत में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन मेधावी छात्रों को सम्मानित करना है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों और अभावों के बावजूद हार नहीं मानी और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया।

इस अवसर पर न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं के सफल अभ्यर्थियों को, बल्कि स्कूल और जिला स्तर पर टॉप करने वाले प्रतिभावान बच्चों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। 'ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम' संस्था का मूल उद्देश्य जिले के उन छिपे हुए हीरों को तलाशना है, जिनमें काबिलियत की कोई कमी नहीं है, लेकिन आर्थिक तंगी या सही मार्गदर्शन के अभाव में उनके सपने दम तोड़ देते हैं।

संस्था के प्रीतिनिधि एम ए जिलानी का कहना है कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा पैसे या जानकारी की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। हम इन बच्चों को फ्री कोचिंग, सही गाइडेंस और सेंटर पर ही एंट्रेंस एग्जाम की पूरी तैयारी करवाते हैं।''

यह कार्यक्रम समाज को यह संदेश देने का प्रयास है कि यदि हौसला बुलंद हो और सही सहयोग मिले, तो कोई भी बाधा रास्ते की रुकावट नहीं बन सकती। संस्था इन बच्चों की हर संभव मदद कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, श्री जिलानी ने बताया यहाँ सभी तरह की एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी बिल्कुल मुफ्त कराई जाती है और ये सब काम आम जन मानस के सहयोग से किया जाता है।

## उपलब्धि नगर पालिका को तालाबों के सौंदर्गीकरण के लिये मिली एक करोड़ की मंजूरी

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद की सीमा से सटे एलआईसी पीलीभीत रोड के दो तालाबों के सौंदर्याकरण के लिए प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने एक करोड़ की धनराशि और आवंटित कर दी है। जिससे शीघ्र ही इन दोनों तालाबों का सौंदर्गीकरण कराया जाएगा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने बताया की पूरनपुर नगर में एक तालाब का सौंदर्याकरण कराया जा रहा है। जबकि एलआईसी ऑफिस के सामने ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में श्मशान घाट के समीप दो तालाबों के सौंदर्याकरण के प्रस्ताव उन्होंने शासन को भेजे थे। जिसको मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दोनों तालाबों के सौंदर्या करण के लिए 50–50 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। श्री गुप्ता ने बताया की धनराशि मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दोनों तालाबों का सौंदर्याकरण कराया जाएगा जिसमें घाटों का निर्माण भी होगा उन्होंने बताया कि उनकी कोशिश पूरनपुर को क्लीन और ग्रीन बनाने की है।उन्होंने अतिक्रमण के मुद्दे पर व्यापारियों से अपील की है।कि वे नाली से बाहर अपना सामान ना रखें जिससे जाम की स्थिति ना उत्पन्न हो उन्होंने बताया कि नियमित रूप से शहर की सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। श्री गुप्ता ने बताया कि पूरनपुर के सभी चौराहों का सौंदर्याकरण कराया जा रहा है।इस दिशा में शीघ्र ही स्टेशन चौराहे का भी सौंदर्याकरण कराया जाएगा उन्होंने सफाई अभियान में जनता से सहयोग की अपील की है।

## समय से एसआईआर का कार्य पूरा करने बाले बीएलओ को सुपरवाइजर ने विद्यालय में बुलाकर किया सम्मानित

पूरनपुर। पूरे प्रदेश में एसआईआर का काम तेजी से चल रहा है। इस उपलक्ष्य में सुपर वाइजर हुकुम सिंह ने बूथ संख्या 380 से 387 के बीएलओ को तय समय से पहले एस आई आर काम पूरा होने पर अपने स्कूल कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला में बुलाकर उनको फूल माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया हैं।इसके बाद अग्रिम कार्य को भी तय समय में पूरा करने की शुभकामनाएं दीं हैं।इसी अवसर पर बीएलओ ने सम्मान करने के लिए हुकुम सिंह को धन्यवाद दिया और अग्रिम कार्य को समय से पूरा करने का आश्वासन भी दिया है।

## अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान बड़ा हादसा, चंद मिनटों में कार जलकर राख मचा हड़कंप

पीलीभीत। नगर कोतवाली क्षेत्र के बाग़ गुलशेर खां इलाके में शुक्रवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब बीच सड़क खड़ी एक ईको कार में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कार धू–धू कर जलने लगी। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार जलकर राख हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में घरेलू अथवा अवैध गैस सिलेंडर से रिफिलिंग की जा रही थी। इसी दौरान गैस रिसाव के कारण चिंगारी भड़की और आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और लोग जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे।घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर स्थिति को नियंत्रित किया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ईको कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अवैध गैस रिफिलिंग में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अवैध गैस रिफिलिंग पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है ।





# शनिवार को घोषित होगी टी-20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

एजेंसी

नई दिल्ली। आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 और जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा शनिवार को की जाएगी। यह ऐलान मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) मुख्यालय में कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत को ग्रुप-ए में नामीबिया, नीदरलैंड्स, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगी। स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा का टीम में चयन लगभग तय माना जा रहा है। उन्होंने इस साल टी-20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाकर उन्होंने 20 मैचों में 825 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 43.42 और स्ट्राइक रेट 195 से अधिक रहा है। इस दौरान उनके नाम एक शतक और पांच अर्धशतक दर्ज हैं, जबकि सर्वोच्च स्कोर 135 रन रहा। कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल का नेतृत्व समूह भी चयनकर्ताओं के भरोसे पर खरा उतरता दिख रहा है, हालांकि दोनों का मौजूदा फॉर्म चिंता का विषय रहा है। सूर्यकुमार यादव ने इस साल 20 मैचों की 18 पारियों में केवल 213 रन बनाए हैं। उनका औसत 14.20 और स्ट्राइक रेट करीब 125 रहा है, जबकि वे एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी-20 मैच से पैर की चोट के कारण बाहर हो सकते हैं। उन्होंने वापसी के बाद 15 पारियों में 291 रन बनाए हैं, लेकिन अब तक एक भी अर्धशतक नहीं जड़ सके हैं। तिलक वर्मा भी टीम में मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। उन्होंने एशिया कप फाइनल जैसे बड़े मुकाबलों में अपनी क्षमता साबित की है। इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 494 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 44.90 रहा है। भले ही उनका स्ट्राइक रेट चर्चा में रहा हो, लेकिन बड़े मैचों में उनकी उपयोगिता पर कोई संदेह नहीं है। विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन और जितेश शर्मा विकल्प हो सकते हैं। टीम संयोजन और फॉर्म के आधार पर प्रबंधन अंतिम फैसला करेगा। हालिया घरेलू प्रदर्शन को देखें तो ईशान किशन भी दौड़ में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई और टूर्नामेंट में 10 पारियों में 517 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनका औसत 57.44 और स्ट्राइक रेट 195 से अधिक रहा, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। ऑलराउंड विभाग में हार्दिक पांड्या, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर टीम को संतुलन और गहराई प्रदान कर सकते हैं। स्पिन आक्रमण की अगुवाई कुलदीप यादव कर सकते हैं, जो इस साल शानदार फॉर्म में रहे हैं। उनके साथ अक्षर और सुंदर सहयोगी भूमिका निभा सकते हैं।



# कॉनवे का दोहरा शतक, न्यूजीलैंड ने 8 विकेट पर 575 रन बनाकर की पारी घोषित, वेस्टइंडीज की मजबूत शुरुआत

एजेंसी

माउंट माउंगानुई। सलामी बल्लेबाज़ डेवोन कॉनवे के शानदार दोहरे शतक (227) की बदौलत न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित कर दी। जवाब में वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने तक बिना विकेट खोए 110 रन बना लिए हैं, लेकिन वह अब भी 465 रन पीछे है। वेस्टइंडीज के ओपनर ब्रैंडन किंग और जॉन कैंपबेल ने फीकी रोशनी में 23 ओवर संभलकर बल्लेबाजी की और न्यूजीलैंड के गेंदबाज़ों को कोई सफलता नहीं लेने दी। किंग 55 और कैंपबेल 45 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने सपाट बे ओवल विकेट पर नए गेंद को अच्छे से खेलते हुए तेजी से रन भी बटोरे। किंग ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 62 गेंदों पर 9 चौके लगाए, जबकि कैंपबेल ने 60 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 45 रन बनाए। इससे पहले न्यूजीलैंड की पारी की रीढ़ बने डेवोन कॉनवे ने 227 रनों की



ऐतिहासिक पारी खेली। उन्होंने 316 गेंदों में 28 चौकों की मदद से अपना दूसरा टेस्ट दोहरा शतक पूरा किया। रचिन रविंद्र ने अंत में आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए 72 रन नाबाद बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। एजाज़ पटेल ने भी 30 रन की तेज पारी खेली। इन पारियों के दम पर कप्तान टॉम लैथम ने गेंदबाज़ों को एक घंटे से अधिक समय दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जस्टिन ग्रीव्स सबसे सफल गेंदबाज़ रहे, जिन्होंने 29 ओवर में 83 रन देकर 2 विकेट लिए। जायडन सील्स और एंडरसन फिलिप ने भी दो-दो विकेट झटके। चोटों से जूझ रही वेस्टइंडीज टीम के लिए यह संघर्षपूर्ण प्रयास रहा। ग्रीव्स ने कहा कि कठिन हालात के बावजूद गेंदबाज़ों ने अच्छा प्रदर्शन किया। मैच के दौरान वेस्टइंडीज को कुछ परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। केमार रोच हैमस्ट्रिंग चोट के कारण फिट नहीं हैं और उनके बल्लेबाज़ी करने पर भी संशय है, जबकि शाई होप बीमारी के चलते टीम होटल में ही रहे। कैंपबेल भी दाहिने हाथ में चोट के बावजूद बल्लेबाज़ी के लिए उतरे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप की तैयारियों के लिए खुद को चुनौती देना जरूरी: चक्रवर्ती

**अहमदाबाद।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी में उनका पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मैचों में लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के खिताब की रक्षा के लिए चक्रवर्ती काफी अहम खिलाड़ी है। उन्होंने 'जियोस्टार' के 'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में कहा, ''विश्व कप की तैयारी के लिए खुद पर लगातार दबाव बनाए रखना बहुत जरूरी है। कर्नाटक में जन्में इस गेंदबाज ने कहा, ''जब कोई चुनौती न हो तब भी आपको खुद को चुनौती देनी होगी। अगर कोई मैच आसान लगे तो आपको मानसिक रूप से दबाव बनाना होगा और खुद को चुनौती देना शुरू करना होगा। उन्होंने कहा, '' उनके लिए आत्मविश्वास, सही लेंथ पर गेंदबाजी करना और विपक्षी टीम को समझना बहुत जरूरी है। यह एक अहम बात है जिसे मैं विश्व कप में ध्यान में रखना चाहता हूं। विपक्षी टीम को बेहतर ढंग से समझने से मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। चक्रवर्ती ने कहा कि बुनियादी बातों पर टिके रहना और अपनी काबिलियत पर भरोसा रखना ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी हालिया सफलता की कुंजी रही है। उन्होंने कहा, ''मेरी योजना काफी सरल है, बुनियादी बातों पर ध्यान देना और अपनी लेंथ पर गेंदबाजी करना। कभी-कभी यह कारगर साबित होता है और शुक्र है कि पिछले तीन मैचों में यह कारगर रहा है। मैं अगले मैच में भी यही रणनीति अपनाऊंगा। उन्होंने कहा, ‟जब आप आत्मविश्वास से भरे नहीं होते, तो आपकी मानसिकता आपके कौशल को प्रभावित करती है। ऐसे में आत्मविश्वास बनाये रखने के साथ अपने कौशल पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण बात है। ऐसा होने पर ही आप ज्यादा बदलाव किए बिना अच्छा प्रदर्शन कर पाते हैं। यही निरंतरता का राज है। उन्होंने कहा, ''इस स्तर पर आपको निरंतरता बनाए रखनी होगी, उच्चतम स्तर पर खेलना यह जानने के लिए महत्वपूर्ण है कि आप कहां खड़े हैं। घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाले चक्रवर्ती ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शुरुआती मैचों में मुझे परेशानी हुई थी और तभी मुझे कुछ बातें समझ में आईं। मैंने अपनी खामियों को दुरूस्त करने के लिए अभ्यास का सहारा लिया। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए यह काफी जरूरी है।

### दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता बेदनारेक भारतीय एथलीटों का मार्गदर्शन करने के इच्छुक

**कोलकाता।** भारतीय एथलेटिक्स में तेजी से हो रही प्रगति से उत्साहित दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता फर्राटा धावक केनी बेदनारेक ने कहा कि वे देश में खेल के विकास में योगदान देने के लिए युवा एथलीटों के साथ अपना अनुभव साझा करने या उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए तैयार हैं। नीरज चोपड़ा के ओलंपिक स्वर्ण पदक के बाद से भारतीय एथलेटिक्स में जबरदस्त उछाल आया है। सचिन यादव, किशोर जेना और अनु रानी जैसे उभरते भाला फेंक खिलाड़ियों के साथ-साथ स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले, बाधा धाविका ज्योति याराजी और लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने भी ख्याति प्राप्त की है। 'टाटा स्टील वर्ल्ड 25के' कोलकाता दौड़ के अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा दूत बेदनारेक ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सही कोचिंग, प्रशिक्षण संरचना और 'रिकवरी' प्रणाली के साथ यहां के एथलीट वैश्विक स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। अमेरिका के इस 27 साल के खिलाड़ी ने भारतीय खेल जगत से दीर्घकालिक जुड़ाव पर कहा, '' मैं हमेशा सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर हूं, चाहे वह बातचीत के माध्यम से हो, मार्गदर्शन के माध्यम से हो या अनुभव साझा करना हो। खेल में जीवन बदलने की शक्ति है और अगर मेरी उपस्थिति भारत में इस यात्रा में सहायक होती है तो मुझे इसका हिस्सा बनने पर गर्व होगा। विश्व के शीर्ष फर्राटा धावकों में शुमार बेदनारेक तोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता और विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक विजेता हैं। डायमंड लीग में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेदनारेक का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 19.49 सेकंड है। उन्होंने कहा, ''खेल के प्रति भारत का जुनून स्पष्ट है। चाहे एथलेटिक्स हो, फुटबॉल हो, क्रिकेट हो या लंबी दूरी की दौड़ हो। प्रतिस्पर्धा और सामुदायिक भावना के प्रति लोगों में सच्चा प्रेम है। इस तरह के आयोजन दिखाते हैं कि खेल कैसे उम्र, पृष्ठभूमि और क्षमता की परवाह किए बिना लोगों को एकजुट कर सकता है। कोलकाता में होने वाली 25 किलो मीटर की दौड़ पर उन्होंने कहा, '' यह सिर्फ एक दौड़ नहीं, बल्कि एक उत्सव है। इसमें हजारों की संख्या में एलीट, एमेच्योर और पहली बार दौड़ने वाले धावक शामिल हैं। सभी को एक ही रास्ते पर दौड़ते देखना प्रेरणादायक है। मैं रविवार को दौड़ के दिन को करीब से देखने और धावकों का उत्साहवर्धन करने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

### केरल के वित्त मंत्री ने उधारी सीमा में कटौती पर केंद्र सरकार की आलोचना की

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में राज्य की निर्धारित उधारी सीमा में 5,900 करोड़ रुपये की कटौती के केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'राजनीति से प्रेरित और पूरी तरह अन्यायपूर्ण' बताया। बालगोपाल ने कहा कि इस 'केरल-विरोधी निर्णय' की जानकारी बुधवार रात केंद्र से प्राप्त एक पत्र के जरिए दी गई। उन्होंने कहा केंद्र का यह कदम केरल के विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर सीधा हमला है। वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े चार वर्षों से केरल पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और अब विधानसभा चुनाव से ठीक तीन महीने पहले उधारी सीमा में इतनी बड़ी कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से सरकार के अंतिम महीनों में कल्याणकारी पहलों को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया है। बालगोपाल ने इसे केरल के लोगों के खिलाफ केंद्र सरकार की तरफ से 'जंग का ऐलान' करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र अन्य तरीकों से भी केरल को उसके वैध कर हिस्सेदारी से वंचित करता रहा है। केरल के वित्त मंत्री ने मनरेगा योजना में बदलाव पर कहा कि केंद्र ने रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन से पीछे हटना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जा रहा है और इसके वित्तीय बोझ का बड़ा हिस्सा राज्य पर डाला जा रहा है। केरल को अब इस कार्यक्रम को चलाने के लिए अपने संसाधनों से सालाना 2,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने होंगे। वित्त मंत्री ने केंद्र के इस कदम को 'संघीय मर्यादाओं का उल्लंघन' बताते हुए कहा कि केरल के लोगों को एकजुट होकर इस फैसले का कड़ा विरोध करना चाहिए।

# ट्रैविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में, एशेज पर पकड़ और मजबूत

एजेंसी

एडिलेड। ट्रैविस हेड एक बार फिर इंग्लैंड के लिए दीवार बनकर खड़े हो गए। एडिलेड में खेले जा रहे एशेज टेस्ट में धूप से भरे एक और दिन हेड ने अपने घरेलू मैदान पर लगातार चौथा टेस्ट शतक जड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया को मुकाबले में पूरी तरह नियंत्रण में ला दिया। हेड की नाबाद 142 रन की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी की 85 रन की बढ़त को बढ़ाकर 356 रन की विशाल बढ़त में बदल दिया। हेड ने पहले उस्मान ख्वाजा के साथ अहम साझेदारी निभाई और इसके बाद एलेक्स कैरी के साथ नाबाद शतकीय साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ और मजबूत कर दी। जैसे ही हेड तीन अंकों तक पहुंचे, एडिलेड की दर्शक दीर्घा तालियों से गूंज उठी, लेकिन इंग्लैंड के



लिए यह पल किसी अनहोनी जैसा नहीं था। इससे पहले पर्थ में भी हेड ने उन्हें चोट पहुंचाई थी और यहां भी कहानी वही रही, हालांकि इस बार उनकी बल्लेबाजी ज्यादा संयमित और नियंत्रित दिखी। यह हेड की मशहूर 'ट्रैवबॉल' शैली नहीं थी, बल्कि एक ऐसी पारी थी जिसमें धैर्य, सही शॉट चयन और हालात पर पूरा नियंत्रण नजर आया। 99 रन पर इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, जब डीप पॉइंट फील्डर अंदर आया और हैरी ब्रूक ने गली में कैच टपका दिया। इसके अलावा हेड ने गैप्स में शॉट खेलते हुए और चौथे गेंदबाज विल जैक्स के खिलाफ चुनिंदा आक्रामकता दिखाते हुए आसानी से रन बटोरे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने संघर्ष जरूर दिखाया। तीसरे दिन की सुबह दोनों ने जुझारू अंदाज में बल्लेबाजी जारी रखी। स्टोक्स ने 159 गेंदों में अपना सबसे धीमा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया, जबकि आर्चर ने मौके मिलने पर आक्रामक शॉट लगाए। दोनों के बीच नौवें विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड के घाटे को कुछ हद तक कम किया। आर्चर ने अपने टेस्ट करियर में पहली बार अर्धशतक भी लगाया। हालांकि, यह प्रतिरोध ज्यादा देर नहीं चला। मिशेल स्टार्क ने स्टोक्स की रक्षा भेदते हुए उन्हें आउट किया और इसके बाद स्कॉट बोलैंड ने आर्चर को ड्राइव पर मजबूर कर इंग्लैंड की पारी का अंत कर दिया। दूसरी पारी में इंग्लैंड को तब थोड़ी उम्मीद जगी जब जोश टंग ने सटीक गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया 53 रन पर दो विकेट खो बैठा। लेकिन हेड ने जल्द ही वापसी की सारी संभावनाओं पर पानी फ़ेर दिया। उन्होंने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही बेवजह जोखिम लिया। इंग्लैंड ने शॉर्ट गेंदों और ऑफ साइड में भारी फील्ड लगाने की कोशिश की, लेकिन हेड ने आसानी से गैप खोज लिए। बेहद महंगे साबित हुए विल जैक्स के ऑफ स्पिन ओवर, जिन्होंने 19 ओवर में 107 रन लुटाए। जैक्स ने ख्वाजा को जरूर आउट किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके बाद एलेक्स कैरी क्रीज पर आए और दोनों दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने बिना किसी दबाव के नाबाद शतकीय साझेदारी पूरी कर ली।

### गांगुली ने मेस्सी के कोलकाता दौरे पर विवाद मामले में 50 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लियोनेल मेस्सी विवाद में उनका नाम 'झूठे' तरीके से घसीटने और अपने बारे में अपमानजनक सार्वजनिक बयान देने के आरोप में कोलकाता स्थित एक फुटबॉल प्रशंसक क्लब के अधिकारी पर 50 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। क्रिकेटर से खेल प्रशासक बने गांगुली ने बृहस्पतिवार को 'अर्जेंटीना फुटबॉल फैन क्लब' के उत्तम साहा के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। गांगुली ने 'बताया, ''मैंने पुलिस में शिकायत के अलावा फुटबॉल प्रशंसक क्लब के इस अधिकारी को 50 करोड़ रुपये का कानूनी नोटिस भेजा है। वह जो मन में आता है, वह कहते रहते हैं।' साहा ने एक पत्रकार से बातचीत में गांगुली पर मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' का मुख्य आयोजक होने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि गिरफ्तार मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता केवल एक मोहरा है।

# एग्जिम रूट्स की स्टॉक मार्केट में एंट्री, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लोअर सर्किट का झटका

एजेंसी

नई दिल्ली। रद्दी कागज का कलेक्शन करने और रिसाइकलिंग के लिए उन्हें मिलों को सप्लाई करने का काम करने वाली कंपनी एग्जिम रूट्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 88 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 25 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 110 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 114.50 रुपये के स्तर पर पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही ये गिर 104.50 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशक लोअर सर्किट लगने के बावजूद 18.75 प्रतिशत के फायदे में नजर आ रहे हैं। एग्जिम रूट्स का 43.73 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 से 16 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 15.23 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 19.11 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 22.43 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 9.94 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 49,69,600 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने एरिस प्लेटफॉर्म को डेवलप और मेंटेन करने, ऑफिस स्पेस के लिए निवेश करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 37 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.20 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 7.56 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की कुल आय 82 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 120.99 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 की अवधि में कंपनी को 1.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इसी तरह इस अवधि में कंपनी को 44.17 करोड़ रुपये की कुल आय हासिल हो चुकी है।

# संसद में पारित बीमा विधेयक बीमा पॉलिसियों को सुलभ एवं किफायती बनाएगा : दुरईस्वामी

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) आर. दुरईस्वामी ने कहा कि संसद में इस हफ्ते पारित बीमा विधेयक क्षेत्र के विकास के लिए उत्प्रेरक साबित होगा। यह प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा पॉलिसियों को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने में मदद करेगा। एलआईसी के सीईओ ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 'सबका बीमा सबकी रक्षा' (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक 2025 पॉलिसीधारकों की सुरक्षा तथा नियामक मजबूती पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि बीमा कानून इस क्षेत्र की ग्रोथ के लिए गेम-चेंजर साबित होगा और बीमा पॉलिसी को ज़्यादा सुलभ और सस्ता बनाने में मदद करेगा, क्योंकि इसका मकसद कॉम्पिटिशन को बढ़ावा देना है। दुरईस्वामी ने कहा कि पुरानी व्यवस्थाओं को अद्यतन करके और शासन मानदंडों को मजबूत करके ये संशोधन बीमा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं विवेकपूर्ण निगरानी को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अधिक परिचालन चपलता एवं नवाचार के लिए एक ढांचा प्रदान करता है। इससे बीमाकर्ताओं को सेवानिवृत्ति सुरक्षा, दीर्घायु समाधान और स्वास्थ्य-संबंधी सुरक्षा सहित बीमा की बदलती जरूरतों को पूरा करने वाले लक्षित उत्पादों को तैयार करने एवं वितरित करने की अनुमति मिलती है। उन्होंने कहा कि यह संशोधित ढांचे के तहत भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण के लिए परिकल्पित बढ़ी हुई भूमिका व्यवस्थित क्षेत्रीय विकास का मार्गदर्शन करेगी, उपभोक्ता हितों की रक्षा करने के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप नवाचार को बढ़ावा देगी। सीईओ ने आगे कहा कि इन सुधारों से एलआईसी को अपनी पहुंच और मजबूत करने, बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने एवं सार्वभौमिक बीमा 'कवरेज' के राष्ट्रीय लक्ष्य में सार्थक योगदान देने में मदद मिलेगी।

# इंडिगो की उड़ानों में गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त रिपोर्ट आने पर होगी सुधारात्मक कार्रवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में हालिया उड़ान गड़बड़ियों के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन कार्यक्रम (शेड्यूल) में 10 फीसदी की कटौती की है। विमानन कंपनी इंडिगो में परिचालन संबंधी व्यापक व्यवधान पर जांच समिति की रिपोर्ट पर गौर करने के बाद विस्तृत एवं सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय समिति के जल्द ही रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं कि इस तरह की व्यवधान की घटनाएं दोबारा न हों। अन्य विमानन कंपनियों के निर्धारित समय पर सेवाएं देने के बारे में बताया गया कि यह साल का वह समय है, जब लोग अधिक यात्रा करते हैं और इस समय कोहरा भी अधिक रहता है। इसलिए विमानन कंपनियों को अधिक उड़ानें संचालित करनी चाहिए। इससे पहले इंडिगो एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा था कि विमानन कंपनी अब खुद को मजबूत करने, मूल कारण की समीक्षा करने और फिर से वापसी करने में ध्यान दे रही है।





# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का दौर जारी है। सोना आज 300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी में भी आज 200 रुपये की मामूली उछाल दर्ज की गई है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,34,850 रुपये से लेकर 1,35,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,23,610 रुपये से लेकर 1,23,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,11,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,35,000 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर



कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,34,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,34,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,34,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,23,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,34,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,34,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,35,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,23,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,34,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में कच्चे तेल व खनिज भंडार की खोज के लिए सर्वे शुरु

एजेंसी



औरैया। उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के अछल्दा विकास खण्ड में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस एवं खनिज भंडार की संभावनाओं के चलते सर्वे शुरू हो गया है। इस सर्वे को लेकर पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय की ओर से जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित थाना को भी लिखित सूचना दे दी गई है, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय की अनुमति के बाद ऑयल इंडिया कंपनी की सहयोगी संस्था अल्फा जियो इंडिया लिमिटेड ने सर्वे किया जा रहा है। कंपनी के फील्ड ऑफिसर संतोष मौर्य ने बताया कि भू-वैज्ञानिकों ने पहले सेटेलाइट के माध्यम से क्षेत्र का सर्वे किया गया था। इसके बाद तैयार किए गए 2डी मैप के आधार पर अछल्दा विकास खण्ड के ग्राम वैसोली, छछून्द एवं नगला धुन्धे क्षेत्र में पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और खनिज भंडार होने की संभावना जताई गई है। इसी क्रम में मिशन अन्वेषण के तहत अब जमीनी स्तर पर सर्वे कार्य किया जा रहा है।

फील्ड ऑफिसर ने बताया कि सर्वे के दौरान एक सीधी लाइन में कार्य किया जाएगा। निर्धारित बिंदुओं पर मैनुअल मशीन से गड्ढा खोदकर हल्की श्रेणी का नियंत्रित कम्पन उत्पन्न किया जाएगा। इस कम्पन को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सहायता से रिकॉर्ड किया जाएगा, जिससे भूगर्भीय संरचना का अध्ययन किया जा सके। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से लिखित रूप में आश्वासन दिया गया है कि सर्वे कार्य पूरी तरह सुरक्षित मानकों के अनुसार होगा और इससे मानव जीवन, पशुओं अथवा आसपास के पर्यावरण को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचेगी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में देश के 44 जिलों में इस प्रकार का सर्वे कार्य किया जा रहा है। यदि सर्वे में पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस के भंडार की पुष्टि होती है, तो संबंधित किसानों की भूमि को लीज पर लेकर नियमानुसार सालाना किराया अदा किया जाएगा और प्लांट की स्थापना की जाएगी।

पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और खनिज भंडार की खोज के लिए सर्वे शुरू होने से में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में इसे लेकर उत्साह देखा जा रहा है। यदि क्षेत्र में तेल या गैस होने की पुष्टि के बाद यहां प्लांट स्थापित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में भी सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। कुल मिलाकर इस सर्वे ने अछल्दा क्षेत्र के भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगा दी है।

# सदन में आंकड़ों और उपलब्धियों से मंत्री संदीप सिंह ने विपक्ष के आरोपों को किया ख़ारिज

एजेंसी

लखनऊ। विधान परिषद में शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठे सवालों पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने विपक्ष के सभी आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया। उन्होंने सदन में आंकड़ों और उपलब्धियों के साथ स्पष्ट किया कि परिषदीय शिक्षा में गिरावट और बच्चों के भविष्य की उपेक्षा के आरोप तथ्यहीन और भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता, पहुंच और परिणाम तीनों मोर्चों पर निरंतर कार्य कर रही है।

मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2024 में उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा है। कक्षा तीन में भाषा विषय में प्रदेश का औसत 68 प्रतिशत रहा, जबकि राष्ट्रीय औसत 64 प्रतिशत है। गणित में भी प्रदेश का औसत 64 प्रतिशत रहा, जो राष्ट्रीय औसत 60 प्रतिशत से अधिक है। कक्षा 6 में भी भाषा और गणित दोनों विषयों



में उत्तर प्रदेश के छात्रों ने संतोषजनक और तुलनात्मक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में हुए संरचनात्मक और शैक्षणिक सुधारों का प्रमाण हैं।निपुण भारत मिशन की प्रगति का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में अब तक 48 हजार से अधिक परिषदीय विद्यालय निपुण घोषित किए जा चुके हैं, जहां छात्र-छात्राएं भाषा और गणित में निर्धारित दक्षता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के आंकड़ों का सरकार द्वारा स्वतंत्र रूप से पुनर्मूल्यांकन कराया जाता है। विद्यालयों की पेयरिंग को लेकर मंत्री ने कहा कि सरकार ने किसी भी विद्यालय को बंद नहीं किया है। कम नामांकन वाले विद्यालयों को संसाधनों के बेहतर उपयोग हेतु आपस में जोड़ा गया है, जिसमें प्राथमिक विद्यालयों के लिए एक किलोमीटर और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए तीन किलोमीटर की सीमा तय की गई है। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है।मंत्री ने बताया कि पेयरिंग के बाद रिक्त भवनों में बालवाटिकाएं संचालित की जा रही हैं। डिजिटल शिक्षा को विस्तार देते हुए अब तक 32 हजार विद्यालयों को स्मार्ट क्लास की सुविधा संचालित हैं। लगभग 65 प्रतिशत विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही सीएम मॉडल कम्पोजिट स्कूल योजना के अंतर्गत लगभग 150 स्कूलों के निर्माण पर 4,500 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।उन्होंने दोहराया कि सरकार का संकल्प है कि गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के किसी भी बच्चे के भविष्य के साथ समझौता नहीं होगा और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

# अर्थ नीति ही तय करती है राष्ट्र की प्रगति की दिशा : मोहन यादव

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थ नीति और वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व और भविष्य की दिशा तय करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीता दशक देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंसऽ2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। मध्य प्रदेश में निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हर संभव मदद करने को तत्पर है। मध्य प्रदेश में निवेश करने के इच्छुक हर निवेशक के लिए हमारी सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। निवेशकों की जरूरतों से हम वाक़िफ हैं, इसीलिए जैसी जरूरत, हमारी सरकार निवेशकों की वैसी मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि हम सब मिल जुलकर 'मेक इन इंडिया' और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगे। देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में 25 दिसंबर को भारतरत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' में शामिल होने के लिए ग्वालियर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के सफल समापन का साक्षी बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कॉन्फ्रेंस में भारत की आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस रफ्तार से आर्थिक प्रगति कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। सुदृढ़ नीतियों, संरचनात्मक सुधारों, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते विश्वास के कारण हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

देश-विदेश से बड़ी संख्या में आए बिजनेस टायकून्स, उद्योगपतियों, नीति-निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों, ग्लोबल इकोनॉमी के विचारकों और वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम के सभी सदस्यों ने कॉफ्रेंस में शिरकत की। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंसऽ2025 भारत की आर्थिक सोच, सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक दृष्टि को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है, इससे देश की भावी विकास यात्रा को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कंफ्रेंस में मध्य प्रदेश की बेजोड़ उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य निवेश, उद्योग, कृषि, ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। मध्यप्रदेश में कभी भी औद्योगिक बाधाओं (इंडस्ट्रियल अनरेस्ट) की शिकायत नहीं रही। सरकार की निवेशकों के अनुकूल 18 नई औद्योगिक नीतियों, पारदर्शी शासन-प्रशासन और मजबूत बुनियादी ढांचे के कारण मध्य प्रदेश आज निवेशकों और नव उद्यमियों के लिए एक आकर्षक और भरोसेमंद केंद्र बन गया है। हम निवेशकों को हर जरूरी प्रोत्साहन, न्यूनतम दर पर भूमि, मदद और मार्गदर्शन भी मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''इनोवेशन प्रास्पेरिटी एण्ड सेल्फ-रिलायंसः इंडिया पाथ टू ग्लोबल लीडरशिप'' जैसे विषय पर ऐसे समय में संवाद हो रहा है, जब भारत केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि विश्व को दिशा देने वाली शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। भारतीय परम्परा में अर्थ को कभी भी केवल लाभ तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे लोक कल्याण, संतुलन और दीर्घकालिक समृद्धि से जोड़ा गया है। भारत अब ''मेक इन इंडिया'' से लेकर ''मेक फॉर वर्ल्ड'' के लिए तैयार है। यह परिवर्तन परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और इनोवेशन की नीति से आया है। मध्य प्रदेश भारत के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में से एक है। हमने ईज़ ऑफ डूइंग को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर उतारते हुए उसे स्पीड स्केल और स्किल ऑफ डूइंग में परिवर्तित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 18 नई औद्योगिक पॉलिसी लॉन्च कीं, जो प्रदेश की ग्रोथ के लिए गेम चेंजर सिद्ध हो रही हैं। धार जिले में देश के पहले और सबसे बड़े पीएम टेक्सटाइल पार्क का भूमि-पूजन किया गया है। यह पार्क फार्म-टू-फाइबर-टू-फैक्टरी-टू-फैशन-टू-फॉरेन के विजन को साकार करेगा। प्रदेश में 20 लाख 43 हजार से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। पिछले 3 वर्षों में 4 लाख 26 हजार से अधिक नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित हुईं। इनसे 66 हजार करोड़ से अधिक निवेश एवं एक करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने '' ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी'' और ''एपीजीसी-एक्सआर हब'' जैसी अभिनव पॉलिसी लागू की हैं। जल्द ही प्रदेश में स्पेस टेक पॉलिसी भी लागू की जाएगी। स्टार्ट-अप्स को वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचा सहयोग के लिए 'एमपी स्टार्ट-अप पॉलिसी एंड इम्लीमेंटेशन स्कीम लागू की गई है। पर्यटकों को एमपी के टूरिज्म का एक्सपीरियंस लुभा रहा है। प्रदेश में वर्ष 2024 में पर्यटन के क्षेत्र में कीर्तिमान रचा है। रिकॉर्ड 13.41 करोड़ पर्यटक मध्य प्रदेश आए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर 20 दिसंबर को मेट्रो सेवा की शुरुआत करेंगे। प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर दोनों शहरों में मेट्रो सेवा उपलब्ध होंगी। प्रदेश में वर्तमान में 8 एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में टीसीएस, इंफोसिस जैसी 2500 से अधिक आईटी कंपनियां कार्य कर रही हैं। मध्य प्रदेश बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन के साथ फिल्म फ्रैंडली स्टेट भी बन रहा है। फिल्मों की शूटिंग को राज्य में गति मिल रही है। होम बाउंड, लॉयन, स्त्री, पैडमैन जैसी फिल्मों से मध्य प्रदेश में फिल्म उद्योग की संभावनाएं दिखी हैं।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश भारत का फूड बॉस्केट है। गेहूं, सोयाबीन, तिलहन, मक्का और मिलेट्स का उत्पादन हमें वैश्विक खाद्य उद्योग का केंद्र बना रहा है। फार्मस्यूटिकल्स राज्य के कुल निर्यात का 20 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो इस सेक्टर की ताकत को दर्शाता है। मध्य प्रदेश के बीना में 49 हजार करोड़ रुपये की लागत से पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में कोयले के विशाल भण्डार हैं। मध्य प्रदेश का टेक्सटाइल और हैंडलूम हमारी पहचान है।

## ईडी ने छत्तीसगढ़ के बिल्डर राकेश सरावगी के कार्यालय में मारा छापा

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कचना के आनंदम सिटी स्थित बिल्डर राकेश सरावगी के कार्यालय में छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह छापा मनी लांड्रिंग को लेकर की गई है। ईडी की टीम दो गाड़ियों में पहुंची है ,जिसमें पांच अधिकारी और पांच सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। मौके पर सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। ईडी को शक है कि रियल एस्टेट निवेश के नाम पर जुटाई गई बड़ी रकम को विदेशी कंपनियों में ट्रांसफर किया गया। एजेंसी संदिग्ध लेनदेन, ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों के नेटवर्क को खंगाल रही है। बिल्डर सरावगी का एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट हीरापुर इलाके में लॉन्च होने वाला था। छापेमारी के दौरान एजेंसी ने दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच की। उल्लेखनीय है कि ईडी ने रायपुर, मुंबई, नागपुर समेत देशभर में आज दबिश दी है। 30 से अधिक ठिकानों पर छापा पड़ा है। यह कार्रवाई सीबीआई की एफ आईआर में दर्ज निवेशकों से रियल एस्टेट निवेश फंड के जरिए धोखाधड़ी कर 2,434 करोड़ों रुपये की हेराफ़ेरी मामले से जुड़ी हुई है।

## इंदौर में अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार को इंदौर में आयोजित अटर बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से शुक्रवार को दी जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति 21 दिसंबर को मध्य प्रदेश के इंदौर का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति इंदौर में अटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इससे पहले उपराष्ट्रपति शनिवार को तेलंगाना का दौरा करेंगे। वहां वे हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अगले दिन शनिवार को उपराष्ट्रपति नंदीगामा स्थित कान्हा शांति वनम स्थित हार्टफुलनेस ग्लोबल मुख्यालय में विश्व ध्यान दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

## पारंपरिक चिकित्सा पर शिखर सम्मेलन के घोषणा पत्र में शोध पर दिया गया जोर

नई दिल्ली। पारंपरिक चिकित्सा पर पिछले तीन दिनों से भारत मंडपम में विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में घोषणा पत्र जारी किया गया। इसके तहत पारंपरिक चिकित्सा में शोध कार्यों पर जोर दिया गया। घोषणापत्र के अनुसार पारंपरिक चिकित्सा पर रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा, क्योंकि अभी इस पर बहुत कम पैसा खर्च होता है। इसके साथ इलाज सुरक्षित और असरदार हो, इसके लिए नियम और निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाएगी। पारंपरिक चिकित्सा को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि आम लोगों को इसका फायदा मिल सके। इलाज से जुड़े डेटा, रिकॉर्ड और जानकारी को बेहतर तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। स्वदेशी और स्थानीय समुदायों की भूमिका को अहम माना जाएगा और उनके ज्ञान का सम्मान किया जाएगा। समिट में यह भी कहा गया कि पारंपरिक चिकित्सा केवल इलाज का तरीका नहीं, बल्कि एक साझा सांस्कृतिक विरासत है, जो लोगों और पर्यावरणऽदोनों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस घोषणा के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन और सदस्य देशों ने मिलकर पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का मजबूत हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि 17 से 19 दिसंबर 2025 तक विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार ने मिलकर पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा ग्लोबल समिट आयोजित किया। इसमें 100 से ज्यादा देशों के मंत्री, अधिकारी, वैज्ञानिक, डॉक्टर, शोधकर्ता और पारंपरिक चिकित्सा से जुड़े लोग शामिल हुए।

समिट का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा को वैज्ञानिक आधार पर मजबूत बनाना और इसे लोगों तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाना था। इसमें आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और अन्य पारंपरिक उपचार पद्धतियों पर चर्चा हुई।

# पेज एक का शेष

### यूपी...

भूल करता रहा धूल चेहरे पर थी आईना साफ करता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। सभी प्रतिभागियों का हम स्वागत करते हैं। इस बार वंदे मातरम पर चर्चा होगी। हमारी इच्छा थी कि सत्र ज्यादा दिन चले लेकिन जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर सीमित समय तक रखा गया है। उनका कहना था कि एसआईआर कार्य जारी है। वह उस कार्य में अपनी महती भूमिका निभाना चाहते हैं। 24 दिसंबर तक सत्र चलेगा। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे।

### कोडीन...

तार एक संगठित नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। गोल्डी गुप्ता ने यह भी बताया कि आरोपियों द्वारा दायर एफआईआर रद्द करने की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इसके बाद फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी भोला जायसवाल की रिमांड मिलने के बाद उसे 21 दिसंबर को जौनपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसआईटी भोला जायसवाल से विस्तृत पूछताछ के लिए 14 दिन की पुलिस कस्टडी का अनुरोध करेगी।

### उप्र...

बताया कि आगे भी मौसम विभाग के माध्यम से पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्राप्त होने पर आम लोगों के मोबाइल पर मौसम सम्बंधी एलर्ट कंट्रोल रूम द्वारा भेजे जायेंगे। उन्होंने आमजन से अपील किया कि वे इस मैसेज पढ़कर उसी अनुसार अपनी यात्रा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शीतलहर एवं सर्दी से बचने की अत्यन्त आवश्यकता है। अपील किया कि सरकार ने ठण्ड एवं शीतलहरी से बचाव के सम्बंध में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

### मनरेगा...

कर्ज में जाने से बचाया। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा से सबसे अधिक लाभ महिलाओं को मिला है और वर्ष दर वर्ष कुल श्रम-दिवसों में आधे से अधिक योगदान महिलाओं का रहा है। रोजगार योजनाओं को सीमित करने से सबसे पहले महिलाएं, दलित, आदिवासी, भूमिहीन मजदूर और सबसे गरीब ओबीसी समुदाय बाहर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बिना उचित जांच, विशेषज्ञ सलाह और सार्वजनिक सुनवाई के कानून को संसद में जल्दबाजी में पारित कर दिया गया। विपक्ष की ओर से विधेयक को स्थायी समिति को भेजने की मांग को भी खारिज कर दिया गया।

### क्रिसमस....

काम करना होगा।

राधाकृष्णन ने बताया कि तरक्की के साथ-साथ पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है, इसीलिए उन्होंने 'मिशन लाइफ' की बात की ताकि सभी अपनी आदतों में बदलाव लाकर धरती को सुरक्षित रख सकें और विकास को टिकाऊ बना सकें। उन्होंने ईसाई समुदाय से राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान जारी रखने का आग्रह किया। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी और ईसाई समुदाय के वरिष्ठ आध्यात्मिक नेता सहित अन्य चर्च प्रशासनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी और सामूहिक प्रार्थना के साथ देश की समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों और उपस्थित अतिथियों से संवाद किया।

### लोकसेवकों ...

उन्होंने कहा कि लोक सेवा आयोगों द्वारा चयनित स्थायी कार्यपालिका शासन व्यवस्था को निष्पक्षता, निरंतरता और स्थिरता प्रदान करती है। ऐसे में सिविल सेवकों की ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और दक्षता अत्यंत आवश्यक है। उम्मीदवारों की भर्ती में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कौशल की कमी को प्रशिक्षण से दूर किया जा सकता है, लेकिन सत्यनिष्ठा की कमी गंभीर चुनौतियां पैदा कर सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सिविल सेवा में आने वाले युवाओं में हाशिए पर मौजूद और कमजोर वर्गों के लिए काम करने की भावना होनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति विशेष संवेदनशीलता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता को लोक सेवा आयोगों को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रभावी और सक्षम शासन प्रणाली जरूरी है। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि लोक सेवा आयोग भविष्य के लिए तैयार, मूल्यनिष्ठ और सक्षम सिविल सेवकों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया...

वे भारत के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक तथा स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह के पौत्र हैं। परिवारजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने जैत्र की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### भारत...

भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने चार विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह को दो विकेट मिले। आर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। छठे ओवर में कार्बिन बॉश ने अभिषेक शर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 34 रनों की पारी खेली। 10वें ओवर में भारत का दूसरा विकेट संजू सैमसन के रूप में गिरा। संजू सैमसन ने चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 37 रनों की पारी खेली। इसके बाद सूर्यकुमार यादव पांच रन बनाकर कार्बिन बॉश का शिकार बन गये।

इसके बाद हार्दिक पंड्या ने तिलक वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हुई। ऑटनील बार्टमैन ने हार्दिक को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हार्दिक पंड्या ने 25 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर तिलक वर्मा रन आउट हो गये। तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाये। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 231 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शिवम दुबे 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

दक्षिण अफ्रीका के लिए कार्बिन बॉश ने दो विकेट लिये। ऑटनील बार्टमैन, जॉर्ज लिंडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### लोकसभा...

तक चर्चा हुई। इसमें 63 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए और 72 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। सत्र के दौरान कुल 3,449 अतारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए। शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने कुल 408 अत्यावश्यक सार्वजनिक महत्व के मामले उठाए गए और नियम 377 के तहत कुल 372 मामलों पर विचार किया गया। विशेष रूप से 11 दिसंबर को सदन में शून्यकाल के दौरान 150 सदस्यों ने अपने मामले उठाए।

### संसद ...

गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी जी राम जी विधेयक से इस स्थिति को ठीक किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि इस सत्र में चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा ने बहुत कुछ स्पष्ट कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग से जुड़े विषयों को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया गया। वंदे मातरम पर लंबी चर्चा करके हमने एक बार फिर देशभक्ति की भावना को और आगे बढ़ाया है।

संसद के अंतिम दिनों में प्रदूषण पर प्रस्तावित होने के बावजूद चर्चा नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कांग्रेस ने अन्य दलों को उकसाकर सदन नहीं चलने दिया। सरकार इस संबंध में पूरा दिन चर्चा कराने के लिए तैयार थी।

संसद के भीतर तृणमूल कांग्रेस सदस्य के ई-सिगरेट पीने से जुड़े प्रश्न पर रिजिजू ने कहा कि सही पाए जाने पर संसद कार्रवाई करेगी। जांच जारी है और फोरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार है।

### समाज...

लाभ के लिए नहीं हुई, बल्कि समाज के हर वर्ग में निःस्वार्थ सेवा की भावना को विकसित करने और बिना प्रचार एवं व्यक्तिगत पहचान की इच्छा के सामाजिक कार्य करने वालों को जोड़ने के उद्देश्य से हुई है। संघ संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद डॉ. हेडगेवार ने अध्ययन के प्रति समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन का आधार बनाया। उन्होंने ऐसा कार्य तंत्र विकसित किया, जो राष्ट्रसेवा के हर रूप को पोषित करता है। शताब्दी वर्ष को लेकर संघ प्रमुख भागवत ने बताया कि स्वयंसेवक घर-घर जाकर पंच परिवर्तन के बारे में जागरुकता फैलाएंगे। आचरण के माध्यम से किए गए ये पांच बदलाव ही राष्ट्र के कल्याण में बड़ा योगदान दे सकते हैं और यही शताब्दी समारोह की असली भावना होगी।

सम्मेलन के दौरान संघ की सौ वर्षों की यात्रा, उसकी विचारधारा और सामाजिक तथा राष्ट्रीय विकास में उसकी भूमिका पर गहन चर्चा की गई। मोहन भागवत ने सामाजिक पुनर्निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी और समाज व राष्ट्र को मजबूत बनाने में जागरूक नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे। सम्मेलन का समापन संवाद, सामाजिक जिम्मेदारी और व्यक्तिगत आचरण को राष्ट्रीय विकास की मजबूत नींव मानने के संकल्प के साथ हुआ, जो संघ के शताब्दी वर्ष के व्यापक संदेश का हिस्सा है।

# वायु प्रदूषण दस महीनों में उभरी समस्या नहीं: आशीष सूद

■ स्कूलों में 10,000 कक्षाओं में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी (आआपा) नेताओं के वायु प्रदूषण को लेकर आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने दिल्ली सचिवालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि प्रदूषण कोई मौसमी समस्या नहीं है, न ही यह पिछले 10 महीनों में उभरी है। दिल्ली का अपना कोई मौसम नहीं है, यहां का प्रदूषण काफी हद तक पड़ोसी राज्यों से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद कुछ 'बेरोजगार नेता' सरकार की आलोचना कर रहे हैं। आशीष सूद नें कहा कि यह सच्चाई किसी से छिपी नहीं है कि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने प्रदूषण को लेकर जमीनी समाधान देने के बजाय केवल विज्ञापन की राजनीति पर ध्यान दिया। कभी ऑड-ईवन, कभी गाड़ी ऑफ जैसे दिखावटी अभियान चलाए गए, जिनका कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि विज्ञापनों तक सीमित इन उपायों के बीच नगर निगमों को समय पर फंड नहीं दिए गए, सफ़ाई कर्मचारियों की अनदेखी की गई और स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर व तकनीकी समाधानों पर गंभीरता से काम नहीं हुआ। आशीष सूद ने कहा कि आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार सिर्फ़ संकल्प नहीं बल्कि लगातार ठोस कार्रवाई कर रही है। स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए 10,000 कक्षाओं में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। ईवी पालिसी को लागू किया जा रहा है। भलस्वा लैंडफिल को खत्म करने का काम जोरो पर है। नगर निगमों को मज़बूत कर सफ़ाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। सफ़ाई कर्मचारियों के अधिकार, संसाधन और सुरक्षा पर विशेष ध्यान और केवल आपातकालीन उपाय नहीं, बल्कि लॉन्ग-टर्म और स्थायी समाधान पर काम किया जा रहा है। आशीष सूद ने कहा कि अगर आआपा वायु प्रदूषण को कम करना चाहते तो उन्होंने सार्वजनिक परिवहन को मजबूत किया होता और आधुनिक मशीनें लगाई होतीं। आआपा ने पिछले 11 सालों में प्रदूषण को कम करने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को वेतन तक नहीं दिया।

# अंतरराज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़, चार आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। फर्जी व्हाट्सऐप ग्रुप और नकली ट्रेडिंग ऐप के जरिए लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले इस नेटवर्क के चार आरोपितों को दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया है। जांच में अब तक करीब 24 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन (मनी ट्रेल) का खुलासा हुआ है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बताया कि पहले मामले में शिकायतकर्ता को ज्यादा मुनाफ़े का लालच देकर एक फर्जी व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया और मोबाइल में नकली निवेश ऐप इंस्टॉल कराया गया। आरोपितों ने निवेश के नाम पर शिकायतकर्ता से अलग-अलग बैंक खातों में 31.45 लाख ट्रांसफर करवा लिए। जब शिकायतकर्ता ने मुनाफ़े की मांग की तो अचानक व्हाट्सऐप ग्रुप गायब हो गया और ऐप भी बंद हो गया। इस पर उत्तर पूर्वी जिले की साइबर थाने में मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम कई म्यूल बैंक खातों के जरिए घुमाई गई। तकनीकी सर्विलांस और बैंक खातों की जांच के बाद पंजाब के लुधियाना में छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रूपनगर पंजाब निवासी राजीव (33) और लुधियाना निवासी मोनू कुमार (27) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार राजीव के खाते में इस मामले से जुड़े करीब 6.45 लाख आए थे। जांच में पता चला कि उसके खाते से पहले भी एक करोड़ से ज्यादा के संदिग्ध ट्रांजैक्शन हो चुके थे। उसने कमीशन के तौर पर 2 लाख लेने की बात कबूल की। वहीं मोनू लोगों को बैंक खाते खुलवाने के लिए फुसलाता था और उन्हें ठगों को सौंपता था। वह हर खाते के बदले करीब 15,000 कमीशन लेता था। दो अन्य आरोपित अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार दूसरे मामले में पीड़ित को एक नामी कंपनी के व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया और कंपनी के जरिए निवेश के लिए उकसाया गया। पीड़ित ने अलग-अलग खातों में कुल 47.15 लाख ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद ग्रुप और ऐप दोनों बंद कर दिए गए। जांच में पता चला कि यह रकम 14 ट्रांजैक्शन के जरिए 9 बैंक खातों में भेजी गई। इनमें से 14.25 लाख एक फर्म के खाते में और 1 लाख दूसरे खाते में ट्रांसफर हुए, जिसे आगे मुंबई के एक खाते में भेज दिया गया। पुलिस टीम ने हरियाणा के हिसार और पंचकूला में छापेमारी कर मोहित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी के नाम से बिना जानकारी के खाता खुलवाकर उसका इस्तेमाल ठगी में किया। इसके बाद राजस्थान के चूरू से बलवान को गिरफ्तार किया गया, जो कमीशन के बदले बैंक खाते उपलब्ध कराता था।

# घर के आंगन में भालुओं का बसेरा सीसीटीवी कैमरे में तस्वीरें कैद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। ठंड के मौसम में ऊंचाई वाले इलाकों से जंगली जानवरों का रुख अब निचले क्षेत्रों की ओर बढ़ गया है। हालात यह हैं कि जंगली जानवर रिहायशी इलाकों में ही नहीं, बल्कि घरों के आंगन तक पहुंचने लगे हैं। गुरुवार रात्रि को ऐसा ही एक मामला उत्तरकाशी जिले के मल्ला डांग, भटवाड़ी क्षेत्र से सामने आया है। यहां एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रात के समय तीन जंगली भालू घर के आंगन में टहलते हुए कैद हो गए। करीब 30 सेकंड के इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह भालू बेखौफ होकर रिहायशी इलाके में घूम रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में जंगली जानवरों के हमले को लेकर लोगों में दहशत बढ़ गई है। गौरतलब है कि इससे पहले भी उत्तरकाशी जिले में सड़कों पर बाघ और भालू के दिखाई देने की तस्वीरें और वीडियो सामने आ चुके हैं, लेकिन अब घर के बिल्कुल आंगन में तीन-तीन भालुओं का नजर आना चिंता को और बढ़ा रहा है।

# अनुशासन, संयमित व्यवहार और परिश्रम ने बनाया मनीषा को यूथ आइकॉन: पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में आज भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी तथा महाविद्यालय की पूर्व छात्रा मनीषा चौहान का स्वागत तथा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद तथा कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने पूर्व छात्रा मनीषा चौहान को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज आयोजित यह सम्मान कार्यक्रम गौरवमयी पल हैं। श्रीमहंत ने कहा कि मनीषा चौहान की लगन और परिश्रम ने हरिद्वार का नाम सम्पूर्ण विश्व में रोशन किया हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन, संयमित व्यवहार और परिश्रम की निरंतरता ने ही मनीषा चौहान को यूथ आइकॉन बनाया हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सुनील बत्रा ने कहा कि मनीषा चौहान बैच 2017-20 की छात्रा रही हैं। उन्होंने कहा कि मनीषा चौहान के व्यक्तित्व में शामिल दूर दृष्टि, आत्मविश्वास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा महाविद्यालय के अध्ययन काल में भी देखने को मिली और आज इन्ही गुणों के समावेश के कारण ही उन्होंने भारतीय टीम में अहम स्थान प्राप्त किया हैं। प्रो बत्रा ने कहा कि मिडफील्डर हॉकी टीम की धुरी होता है, जो खेल के हर पहलू में शामिल होता है और टीम की सफलता के लिए निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा हिमालयी राज्य से निकली इस युवा खिलाड़ी ने मैदान पर प्रतिद्वंदियों को अभेदक दीवार बनकर परास्त किया हैं। उन्होंने कहा कि आज से मनीषा चौहान को हिमालयी दीवार के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा पूर्व छात्रा मनीषा चौहान ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे महाविद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि जीवन रुपी क्षेत्र में निरंतर प्रयास से ही सफलता वाला गोल दागा जा सकता हैं। कार्यक्रम में उपस्थित मनीषा चौहान के पिता ज्ञान सिंह चौहान, माताज्ञबीना देवी व कोच बलविंदर सिंह को भी बधाई देते हुए कहा कि मनीषा चौहान की सफलता के पीछे आप सभी का अथक परिश्रम छिपा हैं। इस अवसर पर सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ शिवकुमार चौहान ने भी मनीषा चौहान को बधाई दी तथा कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती सीमा चौहान, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा हरिद्वार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो जेसी आर्य, डॉ विजय शर्मा, डॉ विनीता चौहान, डॉ सरोज शर्मा, डॉ रजनी सिंघल, डॉ पदमावती तनेजा, डॉ लता शर्मा, ऋचा मिनोचा, रिंकल गोयल, वैभव बत्रा, अंकित बंसल, यादविंदर सिंह, कार्यालय अधीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डेय सहित अनेक छात्र-छात्राय उपस्थित रहे।

## चंड़ीगढ़ में 38वें गुलदाउदी शो का उद्घाटन राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया

चंडीगढ़। पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ अगले तीन दिनों तक फूलों की खुशबू और रंग-बिरंगे नजारों से गुलजार रहेगा। शुक्रवार को सेक्टर-33 स्थित टैरेस्ड गार्डन में नगर निगम द्वारा आयोजित 38वें गुलदाउदी शो का भव्य उद्घाटन राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी अनीता कटारिया भी मौजूद रहीं।

उद्घाटन समारोह में मुख्य सचिव, गृह सचिव, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस वर्ष गुलदाउदी शो में फूलों की करीब 260 किस्में प्रदर्शित की गई हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी और पर्यटक पहुंच रहे हैं। शो के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए कई फूड स्टॉल भी लगाए गए हैं, ताकि दर्शक फूलों के बीच घूमते हुए खानपान का भी आनंद ले सकें।

## नैथानी को मरणोपरांत स्पर्श गंगा अभियान सम्मान

देहरादून। गढ़वाल विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व तकनीकी अधिकारी स्व. मोहन नैथानी को मरणोपरांत 'स्पर्श गंगा अभियान सम्मान' दिया गया। गढ़वाल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा प्रारंभ किए गए गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के स्वच्छता के जन जागरूकता अभियान स्पर्श गंगा अभियान में गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व तकनीकी अधिकारी और स्पर्श गंगा अभियान के संस्थापक सदस्य स्व. मोहन नैथानी को स्पर्श गंगा महोत्सव 2025 के आयोजन में इस सम्मान से मरणोपरांत प्रदान किया गया। स्व. मोहन नैथानी का देहांत महामारी कोविड से हुई थी। स्व. नैथानी ने स्पर्श गंगा अभियान के अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण कार्यों और प्रयोगों के साथ अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया। वे गढ़वाल विश्वविद्यालय के पहले सोशल मीडिया चैंपियन प्रभारी भी रहे।

# रेन बसेरों में किसी से भी कोई शुल्क न लिया जाए : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शीत लहर शुरू होते ही इससे प्रभावित होने वाले लोगों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्वयं धरातल पर उतरकर परिस्थितियों को जांचा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं गरीबों को कंबल वितरित किए और निर्धारित स्थानों पर अलाव जलाने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने रोड़ीबेलवाला में बनाए गए रैन बसेरो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार सिंह,उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार,उप नगर आयुक्त ऋषभ उनियाल, तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा रैन बसेरों में किसी भी व्यक्ति से किसी भी तरह का शुल्क न लिया जाए, साथ ही साफ-सफाई के साथ चादर व रजाई कवर आदि की समय-समय पर धुलाई हो और रजिस्टर में ठहरने वालों का पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने शीत लहर के प्रकोप से गरीब, असहाय एवं श्रद्धालुओं को बचाने के लिए जनपद के महत्वपूर्ण चौराहों,स्थानों एवं घाटों में अलाव जलाने के लिए कहा। उन्होंने हर की पौड़ी क्षेत्र एवं शिव पुल से लेकर ओम पुल तक सभी घाटों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश नगर निगम को दिए ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में कोई परेशानी एवं असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सार्वजनिक शौचालयों में यूरिन के लिए शुल्क लिया जा रहा है एवं शुल्क लेने के बोर्ड भी लगाए गए है। उन्होंने तत्काल इन बोर्ड को हटवाया और निर्देश दिया कि किसी भी गरीब व्यक्तिय एवं श्रद्धालु से यूरिन के लिए कोई भी शुल्क न लिया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने असहाय गरीब व्यक्तियों व श्रद्धालुओं को कंबल भी वितरित किए। उन्होंने जनपद में शीत लहर से बचाने के लिए सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरण कराने के निर्देश दिए।

# शिक्षिका शिवानी वर्मा हत्याकांड मामले में पुलिसिया दबिश में साजिशकर्ता राजा और छोटू ने कोर्ट में किया सरेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। बिहार में अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड के कन्हैली मध्य विद्यालय की शिक्षिका एवं उत्तरप्रदेश बाराबंकी निवासी शिवानी वर्मा हत्याकांड मामले में मुख्य साजिशकर्ता राजा और छोटू ने आज अररिया सीजेएम कोर्ट में आत्मसर्पण कर दिया। इस बात की जानकारी शुक्रवार को एसपी अररिया अंजनी कुमार ने देते हुए बताया कि अब तक मामले में इससे पहले तीन आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस आत्मसमर्पण किए राजा और छोटू को पूछताछ पर रिमांड पर ले सकती है। उल्लेखनीय हो कि 03 दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे के करीब कन्हैली मध्य विद्यालय की 25 वर्षीया शिक्षिका शिवानी वर्मा को विद्यालय जाते समय कन्हैली शिव मंदिर के पास दो बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी थी। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया था,जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में नरपतगंज थाना कांड संख्या-437/25, धारा 103 (1)/3(5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों की पहचान कर मो. मारूफ एवं मो. सोहैल को गिरफ्तार किया गया।

# मानव तस्करी के खिलाफ विराटनगर में अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अररिया। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में मानव तस्करी और शोषण की चुनौतियों पर चर्चा करने और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नेपाल के विराटनगर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। मानव तस्करी नियंत्रण के लिए प्रतिकार्य को मजबूत करना शीर्षक पर कार्यशाला हुई। विराटनगर के रत्ना होटल में आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन नेपाल सरकार, महिला एवं बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्रालय के आयोजन व माईती नेपाल व अंतर्राष्ट्रीय संगठन वर्ड इन डाड के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में नेपाल और भारत की सरकारी एजेंसियों, सुरक्षा एजेंसियों, स्थानीय निकायों और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर महिला एवं बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री श्रद्धा श्रेष्ठ ने कहा कि मानव तस्करी के खिलाफ दोनों देशों के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यह एक गंभीर अपराध है,जो सीमाओं का सम्मान नहीं करता है। मंत्रालय ने तत्काल बचाव और सुरक्षा के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह एक कार्यविधि तैयार करेंगी और उसे लागू करेंगी।विराटनगर महानगरपालिका के मेयर नागेश कोइराला कार्यक्रम में विशेष अतिथि थे, जिसकी अध्यक्षता मंत्रालय की सचिव लक्ष्मी कुमारी बसनेत ने की। वही इस कार्यक्रम मे नेपाल और भारत सरकार के प्रतिनिधि,माईती नेपाल की संस्थापक अध्यक्ष अनुराधा कोइराला शामिल हुई जो, सीमावर्ती क्षेत्र में सामने आ रही चुनौतियों और अनुभवों पर चर्चा की। दो दिवसीय कार्यशाला में नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं की तस्करी के नवीनतम रुझानों, बचाव और पुनर्वास में आने वाली समस्याओं, कानूनी और परिचालन समन्वय,सूचना आदान-प्रदान,तकनीकी के उपयोग, संयुक्त कार्य बल के गठन और नियमित द्विपक्षीय संवाद पर चर्चा की गई। शुक्रवार को पीड़ित-केंद्रित बचाव और पुनर्वास, भारत में नेपाली पीड़ितों की सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्र में निवारक उपाय, द्विपक्षीय समझौते, कानूनी सहयोग और संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर खुली चर्चा हुई। मंत्रालय की संयुक्त सचिव आभा श्रेष्ठ ने बताया कि कार्यशाला का समापन समूह चर्चाओं से प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए एक अल्पकालिक और दीर्घकालिक संयुक्त कार्य योजना तैयार करके किया गया। दिल्ली पुलिस के डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मानव तस्करी और अवैध व्यापार को रोकने में बेहद कारगर साबित हुआ है। माईती नेपाल की संस्थापक अनुराधा कोइराला ने कहा कि विराटनगर में आयोजित इस तरह का कार्यक्रम मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक है। माईती नेपाल पिछले 30 वर्षों से मानव तस्करी के खिलाफ काम कर रही है और उन्होंने कहा कि आज भी विभिन्न कारणों से लड़कियों की तस्करी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री की पहल से चंपावत में साफ़ होंगे कचरे के पहाड़

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की स्वीकृति के बाद चम्पावत जनपद के शहरी क्षेत्रों में वर्षों से जमा लीगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के निस्तारण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन नगरपालिका परिषदों के लिए 268.85 लाख की परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुपालन में शहरी विकास विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। इसके तहत पुराने कचरे का वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से निस्तारण किया जाएगा। प्रथम चरण में लोहाघाट, चम्पावत और टनकपुर नगरपालिकाओं को वित्तीय सहायता जारी की गई है। लोहाघाट नगरपालिका को 70.20 लाख, चम्पावत नगरपालिका को 45.30 लाख व टनकपुर नगरपालिका को प्रथम किश्त के रूप में 45.80 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इस योजना से शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार और नागरिक सुविधाओं में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। योजना के पूर्ण क्रियान्वयन से नगर निकायों की कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063